CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम :22°C

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 4 जून 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 296 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 | 17 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




देश में कभी सोना नहीं बेचा गया : केजरीवाल पेज 2



प्रज्ञानंद ने कार्लसन पर दूसरी जीत के साथ इतिहास रचा खेल टाइम्स



दरगाह बघरा एकता की प्रतीक सम्पादकीय



ईरान के केशम द्वीप पर अमेरिकी हमला, ईरान ने भी किया पलटवार पेज 12

# दिल्ली के होटल में लगी भीषण आग, 21 की मौत

## मालवीय नगर के होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन सामने आए, होटल मालिक गिरफ्तार

16 लोग घायल, मृतकों में एक ही परिवार के आठ लोग शामिल, 11 मृतक अफ्रीकी नागरिक बताए गए | छह कमरों की थी परमिशन , बना लिए 25 कमरे, गैर इरादतन हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज | होटल में प्रवेश और निकास के लिए था केवल एक ही रास्ता, आठ दमकल वाहनों की मदद से आग पर पाया काबू

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्तरां- सह-होटल में हुई भीषण आग की घटना में 21 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 16 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं।

इस दुर्घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गैर इरादतन हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इस हादसे में 11 मृतक अफ्रीकी नागरिक बताए गए हैं। होटल अग्निकांड ने गुरुग्राम के सेक्टर 46 निवासी राधेश्याम अग्रवाल परिवार को गहरा सदमा दिया है। परिवार के बुजुर्ग सदस्य राधेश्याम अग्रवाल मैक्स अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि उनकी पत्नी, बेटे, बहू, दो पोतियों और रिश्तेदारी से आए तीन अन्य लोगों की भी मौत हो गई। परिवार दिल्ली में इलाज के लिए आया था, जो हादसे का शिकार हो गया। जांच में होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन सामने आए हैं। अधिकारियों के अनुसार आग होटल के बेसमेंट में संचालित रेस्तरां 'लेमन ग्रीन' में लगी थी। सूत्रों के मुताबिक होटल में प्रवेश और निकास के लिए केवल एक ही रास्ता था, जिससे आपात स्थिति में लोगों को बाहर निकलने में भारी कठिनाई हुई। जांच में यह भी सामने आया है कि होटल को केवल छह कमरों के संचालन की अनुमति थी, जबकि वहां करीब 25 कमरे संचालित किए जा रहे थे और लगभग -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रधानमंत्री ने हादसे पर जताया दुख सहायता राशि की घोषणा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर में बुधवार सुबह एक होटल में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों एवं घायलों के लिए सहायता राशि की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में लोगों की जान जाना एक दुखद घटना है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की

■ **मृतक आश्रितों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये अनुग्रह राशि का ऐलान**

कामना करता हूं। अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत समेत विश्वभर में तीन महीने तक सूखे की आशंका

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनियाभर में सूखे की आशंका बन रही है। भारतीय मौसम विभाग के बाद विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने मंगलवार देर रात वैश्विक जलवायु को लेकर चेतावनी जारी की है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की इस मौसम एजेंसी के मुताबिक, प्रशांत महासागर में तेजी से गर्म हो रहे समुद्री जल के कारण जून से अगस्त के बीच अल नीनो बनने की आशंका 80 फीसदी है। नवम्बर तक इसके 90 फीसदी या उससे ज्यादा बने रहने की आशंका है। इन सबके बावजूद भारत में 2 एक्टिव सिस्टम यानी इंडियन ओशन डायपोल (आईओडी) और मैडेन-जूलियन आस्सिलेशन (एमजेओ) से मानसून बच सकता है। ये बादलों और हवाओं का एक ऐसा वैश्विक सिस्टम है तो मूमध्य रेखा पर घूमता रहता है।

### यूपी समेत 11 राज्यों में आंधी-बारिश


**नई दिल्ली।** देशभर में आंधी-बारिश से पारा 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में बारिश हुई। यूपी के आगरा में करीब एक घंटे तक तेज बारिश से सड़कें और फुटपाथ धंस गए। इसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली, कारें और ट्रक पलट गए। एमपी के श्योपुर जिले में बुधवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। पेड़ गिरने से एक की मौत हो गई। मंगलवार को सिंगरौली में बिजली गिरने से किशोर की और नीमच में जर्जर मकान की छत गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई थी।

### विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल के बीच केंद्र सरकार ने भारतीय विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना को मंजूरी दी है। इससे उन्हें स्थिर दाम पर ईंधन मिल सकेगा और तेल विपणन कंपनियों को भी इस मद में बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

## डीके शिवकुमार कर्नाटक के सीएम बने

बेंगलुरु, वार्ता



**डीके शिवकुमार** ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान लिए हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था।

जी. परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे। डीके शिवकुमार ने शपथ समारोह के लिए लोक भवन पहुंचे। उन्होंने वहां संतों का आशीर्वाद लिया।

■ **जी. परमेश्वर बने डिप्टी सीएम, सिद्धारमैया के बेटे समेत 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली**

डीके शिवकुमार ने शपथ से पहले अपनी मां गौरम्मा के पैर छूकर उनका भी आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु में पूर्व बीजेपी सीएम और लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा से उनके घर पर मुलाकात की। नई कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा केरल, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से ठीक एक दिन पहले सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) का सदस्य नियुक्त किया गया। कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे डीके शिवकुमार देश के सबसे अमीर नेताओं में हैं। उनके पास 1413 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। वह रियल एस्टेट, खनन, होटल कारोबारी हैं।

## दिल्ली-NCR में पुराने ट्रकों व बसों को बदलने की योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण कम करने के लिए पुराने बीएस-4 या उससे पुराने ट्रकों और बसों को बदलने के लिए 9,585 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है।

यह योजना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड द्वारा लागू की जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण कम करने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक दो वर्षीय योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का वित्तपोषण आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड करेगी तथा इसका कार्यान्वयन सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्रालय और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

## सोना बेचने की रिपोर्टों का आरबीआई ने किया खंडन

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने विदेशी मीडिया में आई उन रिपोर्टों का जोरदार खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि केंद्रीय बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट को रोकने के लिए भारी मात्रा में सोना बेचा है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि ये रिपोर्ट सही नहीं हैं। उसने कहा कि वह हर महीने उसके पास पड़े

■ **रिजर्व बैंक ने कहा: हर महीने उसके पास पड़े भौतिक सोने के आंकड़े जारी करता है**

भौतिक सोने के आंकड़े जारी करता है। बैंक ने स्पष्ट किया गया है कि मई में जारी पिछली रिपोर्ट उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया



■ **ऋतब्रत बनर्जी को विधायक दल का नेता चुना गया, स्पीकर ने उन्हें नेता विपक्ष माना**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी में टूट पड़ गई है। पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 58 विधायकों ने अलग गुट बना लिया है।

इन्होंने बुधवार को विधानसभा स्पीकर रथिंद्र बोस को समर्थन पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि ऋतब्रत विधायक दल के नेता हैं और उन्हें नेता विपक्ष घोषित किया जाए। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, स्पीकर ने मंजूरी दे दी है। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली साहा को उपनेता जबकि अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है। ऋतब्रत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दो और विधायक हमारे साथ हैं। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर अभी विधानसभा स्पीकर और ममता बनर्जी का कोई बयान नहीं आया है। ममता के पास अब 22 विधायकों का समर्थन है। टीएमसी ने 294 सीटों में से 80 सीटें जीती थीं। इसी बीच सीनियर लीडर कुणाल घोष ने बताया कि टीएमसी एमएलए फिरहाद हकीम ने कोलकाता के मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ, जब नेता विपक्ष के चयन से जुड़े प्रस्ताव पर फर्जी हस्ताक्षर का आरोप लगने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था।




CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### रसोइयों व विद्यालयी कर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजी. बीवी) और पीएम पोषण योजना से जुड़े हजारों कर्मियों एवं उनके परिवारों को अब कैशलेस चिकित्सा सुविध उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार का उद्देश्य शिक्षा और पोषण व्यवस्था को मजबूत बनाने वाले कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मयोगी कल्याण की अवधरणा के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेशव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिससे पात्र लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। शिक्षा निदेशक (बेसिक) अनिल भूषण चतुर्वेदी ने इस संबंध में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।


### सीआईके ने कश्मीर घाटी में तलाशी अभियान चलाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) शाखा ने बुधवार को आतंकवाद से जुड़े एक मामले की जांच के सिल. सिले में घाटी में कई जगहों पर तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान कुलगाम, अनंतनाग, श्रीनगर, बांदीपोरा, सोपोर और कुपवाड़ा सहित कई जिलों में चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि ए छापेमारी एजेंसी द्वारा जांच किए जा रहे एक आतंकवाद-संबंधी मामले की चल रही जांच के तहत की गई है। उन्होंने कहा, ष्तलाशी अभियान फिलहाल जारी है। मामले से संबंधित विस्तृत जानकारी बाद में साझा की जाएगी।

## संगठन और प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने की बनाई रणनीति

# मिशन 2027 के तहत योगी सरकार का प्रशासनिक दांव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में बड़ा फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ और नए मंत्रियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में बड़ा फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ और नए मंत्रियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। हाल ही में मंत्रिमंडल में शामिल किए गए मंत्रियों को भी महत्वपूर्ण जिलों का प्रभार दिया गया है।

भाजपा सरकार के इस कदम को वर्ष 2027 के विधनसभा चुनावों से पहले संगठन और प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत वरिष्ठ मंत्री भूपेंद्र चौधरी को आगरा के साथ कासगंज जिले का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। हाल ही में कैबिनेट में शामिल हुए मनोज पांडेय को सीतापुर का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा अजीत पाल को फतेहपुर, समेंद्र तोमर को मुजफ्फरनगर, हंसराज विश्वकर्मा को सोनभद्र तथा सुरेन्द्र दलेर को बुलंदशहर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैबिनेट मंत्रियों में सूर्य प्रताप शाही को अयोध्या और बस्ती, सुरेश कुमार खन्ना को वाराणसी और लखनऊ, स्वतंत्र देव सिंह को प्रयागराज और गोरखपुर, बेबी रानी मौर्य को इटावा और हाथरस, लक्ष्मी नारायण चौधरी को अलीगढ़ और फिरोजाबाद तथा जयवीर सिंह को झांसी और फर्रुखाबाद का प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार धर्मपाल सिंह को गाजियाबाद और रामपुर, नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को मिर्जापुर और चित्रकूट, अनिल राजभर को आजमगढ़ और सिद्धार्थनगर, राक. ेश सचान को रायबरेली और कन्नौज तथा अरविन्द कुमार शर्मा को जौनपुर और भदोही की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा योगेन्द्र उपाध्याय को कानपुर नगर, आशीष पटेल को गोंडा, संजय निषाद को कानपुर देहात, ओम प्रकाश राजभर को अंबेडकरनगर, दारा सिंह चौहान को कुशीनगर और श्रावस्ती, सुनील कुमार शर्मा को सहारनपुर तथा अनिल कुमार को मुरादाबाद का प्रभारी बनाया गया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के स्तर पर नितिन अग्रवाल को लखीमपुर खीरी, कपिल देव अग्रवाल को बिजनौर, रवीन्द्र जायसवाल को गाजीपुर, सन्दीप सिंह को मथुरा, गुलाब देवी को अमरोहा तथा गिरीश चन्द्र यादव को सुल्तानपुर का प्रभार सौंपा गया है। वहीं धर्मवीर प्रजापति को मैनपुरी, असीम अरुण को हरदोई और मेरठ, जे-पी-एस- राठौर को संभल और बरेली, दयाशंकर सिंह को देवरिया और मऊ, नरेन्द्र कुमार कश्यप को शाहजहांपुर, दिनेश प्रताप सिंह को बांदा और बहराइच, अरुण कुमार सक्सेना को बदायूं तथा दयाशंकर मिश्र दयालु को बलिया और महराजगंज का प्रभार सौंपा गया है।

### संविदाकर्मियों को हटाने की शिकायतों पर सख्त हुए ऊर्जा मंत्री

**लखनऊ।** उप्र के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने विद्युत विभाग में संविदाकर्मियों को कार्य से हटाए जाने की मिल रही शिकायतों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिना उचित और वैध कारण किसी भी संविदाकर्मी को नौकरी से न हटाया जाए।

## देश में कभी सोना नहीं बेचा गया: केजरीवाल

नई दिल्ली, वार्ता



■ मोदी सरकार में देश के आर्थिक हालात बदतर हो चुके

आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि मोदी सरकार में देश के आर्थिक हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि सरकार को अब देश का सोना बेचना पड़ रहा है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने देश का सोना बेचने पर न सिर्फ मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश के आर्थिक हालात भी जनता के सामने रखने की मांग की है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट को साझा करते हुए केजरीवाल ने कहा कि पिछले 76 साल में कई ऐसे मौके आए जब देश कठिन स्थिति में था लेकिन देश का सोना तो कभी नहीं बेचा गया। इसका मतलब हालात बहुत ज्यादा खराब हैं? सरकार कुछ बताती क्यों नहीं? देश के क्या हालात हैं? मोदी जी कहते हैं कि वो तो झोला उठा के चल देंगे। पर हमें तो यहीं रहना है, इसी देश में रहना है। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि कुछ दिन पहले तक देश को समझाया जा रहा था कि सोना मत बेचो, सोना भविष्य की सुरक्षा है। अब ब्लूमबर्ग की इस रिपोर्ट में खुलासा हो रहा है कि प्रधानमंत्री ने खुद ही देश का सोना बेच डाला। अगर देश को चलाने के लिए सोने का भंडार बेचने की मजबूरी जैसे हालात बन गए हैं, जो भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ, तो देश को साफ-साफ बताया जाना चाहिए कि आर्थिक हालात क्या हैं। सरकार सामने आए और सच बताए। देश को प्रचार नहीं, पारदर्शिता चाहिए। वहीं, आप के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि रेल, सेल, तेल, कोयला, गैस, पोर्ट, एयरपोर्ट, और आपका पेपर बेचने के बाद, आजाद भारत के इतिहास में पहली बार मोदी ने एक लाख 14 हजार करोड़ का देश का सोना भी बेच दिया। देश की आर्थिक हालत अति गंभीर है। मोदी तो झोला लेकर चल देंगे, आप सोंचिए आपका क्या होगा?

## वाराणसी में अजबैग शहीद मस्जिद ध्वस्त

वाराणसी, वार्ता

■ काशी मॉडल स्टेशन परियोजना के तहत की कार्रवाई

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में काशी रेलवे स्टेशन के विस्तार एवं आधुनिकीकरण परियोजना के तहत मंगलवार देर रात आदमपुर थाना क्षेत्र के राजघाट के निकट स्थित अजगैब शहीद मस्जिद को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई रात लगभग 12 बजे शुरू की गई और भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरी की गई। प्रशासन के अनुसार मस्जिद रेलवे की भूमि पर निर्मित थी और काशी मॉडल स्टेशन परियोजना के लिए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाना आवश्यक था। कार्रवाई के दौरान रेलवे, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए क्षेत्र में एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों, पीएसी तथा केंद्रीय बलों के जवानों की तैनाती की गई थी। पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव कुमार, पुलिस उपायुक्त वैभव बांगर, एसीपी विजय प्रताप सहित कई वरिष्ठ अधिकारी पूरी कार्रवाई की निगरानी करते रहे। कार्रवाई से पूर्व अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरि मीणा ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। भदऊ चुंगी स्थित किला कोहना इलाके में अजगैब शहीद मस्जिद के साथ मजार और कब्रिस्तान भी स्थित थे। मुस्लिम पक्ष का दावा है कि मस्जिद लगभग 200 वर्ष पुरानी थी। अधिकारियों का कहना है कि संबंधित भूमि रेलवे की संपत्ति है। उनके अनुसार, प्रारंभ में वहां मजार का निर्माण हुआ था, जिसके बाद मस्जिद और कब्रिस्तान विकसित किए गए।

## धर्मेंद्र प्रधान को बचाने की वजह बताएं मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ मंत्रालय की अक्षमता और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े नए तथ्य लगातार सामने आ रहे

कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा है कि उनके मंत्रालय की अनियमितताओं के लगातार सामने आने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें बचाने में आमादा हैं और इसका जवाब उन्हें देश को देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के शीर्ष नेतृत्व का तबादला कर दिया गया है लेकिन प्रधान पद पर बने हुए हैं, जबकि उनके मंत्रालय की अक्षमता और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े नए तथ्य लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शिक्षा संबंधी संसदीय स्थाई समिति के समक्ष सीबीएसई अपने ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली की खरीद प्रक्रिया से जुड़े सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। उन्होंने दावा किया कि इन सवालों को सबसे पहले 18 वर्षीय छात्र सार्थक सिद्धांत ने सोशल मीडिया के माध्यम से उठाया था, जिससे सीबीएसई और शिक्षा मंत्रालय में जवाबदेही की कमी उजागर हुई है। रमेश ने कहा कि एक मीडिया जांच में यह भी सामने आया है कि ओएसएम प्रणाली के ड्राई रन में शामिल कई प्रतिभागियों ने इसके क्रियान्वयन को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई थीं और सभी मूल्यांकनकर्ताओं को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने तक इसे लागू नहीं करने की सलाह दी थी। उनका आरोप है कि सीबीएसई ने इन सुझावों और तकनीकी आपत्तियों की अनदेखी करते हुए प्रणाली को लागू कर दिया। उन्होंने कहा कि सीबीएसई छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन करने में भी विफल रहा है। पहले 29 मई की समयसीमा बढ़ाई गई और बाद में एक जून की संशोधित समयसीमा भी पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि दो जून को पोर्टल शुरू होने के बाद भी अनेक छात्रों को उस तक पहुंचने और शुल्क जमा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय भ्रष्ट, अक्षम और असंवेदनशील तरीके से काम कर रहा है तथा विभिन्न सर्वेक्षणों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के समर्थकों द्वारा भी शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि आखिरकार प्रधानमंत्री उन्हें बचाने पर इतने क्यों अड़े हैं।

### दिल्ली होटल अग्निकांड पर मायावती ने जताया दुख

**लखनऊ।** बसपा की प्रमुख मायावती ने दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे में लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में मायावती ने कहा कि राजधनी दिल्ली के मालवीय नगर के एक होटल में हुआ अग्निकांड बेहद दुखद है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आग से सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करने तथा भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74346.17 |
| निफ्टी | 23405.60 |
| सोना | 156370 प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 280000 प्रति किलो |

## आईटी सेक्टर के दबाव में लुढ़के शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



आईटी सेक्टर में मुनाफावसूली से टीसीएस ने बीएसई में सबसे अधिक 8.43 प्रतिशत का नुकसान उठाया

आईटी सेक्टर में भारी बिकवाली होने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही और टीसीएस का शेयर सबसे अधिक 8.43 प्रतिशत टूट गया।

बीएसई का सेंसेक्स 303.67 अंक (0.41 प्रतिशत) टूटकर 74,346.17 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 77.95 अंक यानी 0. 33 प्रतिशत नीचे 23,405.60 अंक पर रहा। बाजार पर आज सुबह के समय ज्यादा दबाव था। दोपहर तक सेंसेक्स 1,157 अंक लुढ़कर 73,492.60 अंक तक उतर गया था। इसके बाद बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में हुई लिवाली ने इसे 74,515.65 अंक तक चढ़ने में मदद की, हालांकि यह कभी हरे निशान में नहीं पहुंच सका। आईटी सेक्टर में मुनाफावसूली से टीसीएस ने बीएसई में सबसे अधिक 8.43 प्रतिशत का नुकसान उठाया। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर 6.23 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 5.25 प्रतिशत और इंफोसिस का 3.82 प्रतिशत गिर गया। आईटीसी में 2. 21 फीसदी, इटरनल में 1.48 फीसदी और एलएंडटी में 1.19 फीसदी की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, बीईएल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नीचे बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सेंसेक्स में सबसे अधिक 1.43 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.30 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.13, इंडिगो का 1.04 और पावरग्रिड का 1.01 प्रतिशत मजबूत हुआ। एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एक्सिस बैंक के शेयर भी ऊपर रहे। वृहत बाजार में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0. 56 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.11 प्रतिशत लुढ़क गया। आईटी निफ्टी सूचकांक 5. 57 प्रतिशत लुढ़क गया। एफएमसीजी, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में भी अधिक गिरावट रही। बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर में सबसे ज्यादा लिवाली देखी गई, विशेषकर सार्वजनिक बैंकों में। स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों के सूचकांक भी ऊपर रहे। एनएसई में जिन 3,402 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,915 के शेयर गिरकर और 1,379 के बढ़त के साथ बंद हुए। अन्य 108 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्ति रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान में निक्केई 2.50 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 प्रतिशत ऊपर रहा जबकि हांगकांग का हैंग सेंग 1.56 प्रतिशत गिर गया। यूरा. ेपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.98 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41 प्रतिशत नीचे था।

## हरित ऊर्जा क्षेत्र में 44 लाख पूर्णकालिक रोजगार सृजन की क्षमता: रिपोर्ट

नई दिल्ली, वार्ता

देश का 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य और नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत निर्धारित उद्देश्य आने वाले समय में 44 लाख से अधिक रोजगार सृजित कर सकते हैं।

काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) और नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल इंडिया (एनआरडीसी इंडिया) के एक नए अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। बुधवार को जारी अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि रूफटॉप सोलर सबसे बड़ा रोजगारदाता होगा, जिसकी कुल अनुमानित नई नौकरियों में लगभग 43 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। ड्राइविंग एनर्जी ट्रांजिशन: वर्कफोर्स, स्किल्स, एंड जेंडर इन इंडियाज रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर' नाम से जारी यह रिपोर्ट नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तकनीकी मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। यह वर्ष 2024-25 में सौर, पवन, जैव ऊर्जा और जलविद्युत क्षेत्रों की कंपनियों के बीच किए गए एक प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधरित है। इस अध्ययन ने विभिन्न स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों और व्यवसाईकरण वाले चरणों में कर्मचारियों की जरूरत का आकलन करने के लिए नया पूर्णकालिक रोजगार गुणांक तैयार किया है। इसके जरिए उपकरणों के विनिर्माण, परियोजनाओं की स्थापना और संचालन में आने वाले प्रत्यक्ष रोजगार का आकलन किया गया है। भारत अब कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा, कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्मु ोतों से हासिल करने का लक्ष्य समय से पांच साल पहले 2025 में पूरा कर चुका है। इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की संभावनाओं पर बात करते हुए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में सचिव संतोष कुमार सारंगी ने कहा, ष्एक सफल हरित परिवर्तन के लिए लोगों की भागीदारी एकदम बुनियादी तत्व है। लोगों को इस हरित परिवर्तन के केंद्र में रखने से होने वाले सकारात्मक और अप्रत्यक्ष लाभ इसमें शामिल होते हैं। भारत ने यह दिखा दिया है कि हमारा आर्थिक विकास और पर्यावरण को एक साथ लेकर चलना संभव है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### दिल्ली के...

40 लोग ठहरे हुए थे। अधिका. रियों ने बताया कि भवन का उपयोग स्वीकृत क्षमता से कहीं अधिक किया जा रहा था। बेसमेंट क्षेत्र का भी कथित रूप से रेस्तरां संचालन और अतिथियों के ठहरने दोनों के लिए अनधिकृत उपयोग किया जा रहा था। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग बेसमेंट स्थित रेस्तरां में लगी, जहां लगभग छह कमरे भी बने हुए थे। देर रात होटल मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद से ही वह फरार हो गया था।जांच एजेंसियां अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी और सीमित निक. ासी मार्गों को हादसे का प्रमुख कारण मानकर जांच कर रही हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह लगभग 8:48 बजे पहली आपातकाल. ीन सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं निकासी अभियान शुरू किया गया। आठ दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया। दिल्ली पुलिस, अग्निशमन सेवा और अन्य आपातकालीन एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस बीच मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, साकेत ने बताया कि उसके आपातकालीन विभाग में कुल 39 लोगों को लाया गया। इनमें 18 लोगों को मृत अवस्था में लाया गया, जबकि 15 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं। इनमें से आठ वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पांच लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। अस्पताल ने पुष्टि की है कि पीड़ितों में भारतीय और विदेशी दोनों नागरिक शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग बहुत तेजी से फैली, जिससे भवन के भीतर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने से पहले कई लोगों को बाहर निकाला। स्थानीय निवासी प्रीति शर्मा ने बताया कि भवन से धमाके जैसी आवाजें सुनाई देने के बाद लोग मदद के लिए चिल्लाने लगे। उन्होंने कहा कि मैंने कई धमाके जैसी आवाजें सुनीं और फिर भवन के अंदर से चीख-पुकार सुनाई दी। लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे और कुछ लोग जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूद रहे थे। चारों ओर अफरा-तफरी थी और स्थानीय लोग फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी विशाल कुमार ने बताया कि भवन से घना धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हमने भवन से घना धुआं निकलते देखा और समझ गए कि लोग अंदर फंसे हैं। स्थानीय लोगों ने कंबल और रजाइयां जुटाई तथा बाहर निकलने की कोशिश कर रहे लोगों की मदद की। हमने खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर निकलने का रास्ता बनाया और कई लोगों को सुरक्षित निकाला। अंदर से लगातार मदद की आवाजें आ रही थीं और हर व्यक्ति अपनी ओर से मदद करने का प्रयास कर रहा था। अधिका. रियों ने भवन की विस्तृत सुरक्षा और अनुपालन जांच के आदेश दिए हैं तथा नियमों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया है। हादसे में अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य का विभिन्न अस्पतालों में उपचार जारी है।

### खड़गे, राहुल, प्रियंका ने मालवीय नगर अग्निकांड पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधनी के मालवीय नगर स्थित एक होटल में आग लगने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परि. जनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। कांग्रेस नेताओं ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव में पूरा सहयोग करने की अपील करते हुए सरकार से पीड़ित परिजनों को सहायता देने का भी आग्रह किया है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मालवीय नगर में हुई दुखद अग्निकांड की घटना से वह अत्यंत दुखी हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को पीड़ितों को समय पर तथा पर्याप्त मुआवजा उपलब्ध कराना चाहिए तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पीड़ितों की हरसंभव सहायता करने का आग्रह किया। गांधी ने कहा कि मालवीय नगर में आग लगने से कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राहत एवं बचाव कार्यों में हरसंभव योगदान देने की अपील की।

## आदिवासियों के पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता



आदिवासी खुलकर अपनी दिक्कतें और समस्याओं लोगों से बताते नहीं हैं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि जनजातियों के समग्र विकास और सरकार की योजनाएं उन तक सुचारु रूप से पहुंचाने के लिए अधिकारियों को उनके पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा।

श्रीमती मुर्मू ने यहां एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी (आईटीडीए) और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना (आईटीडीपी) से जुड़े अधिकारियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि अधिकारी गांव-गांव जाकर आदिवासियों से मिलें और उनके साथ घुल-मिलकर उनकी समस्याओं को समझें, तभी वे वास्तविकताओं से अवगत हो सकेंगे। इसके बाद ही आदिवासियों के समग्र विकास की योजनाएं शासन स्तर पर बनाई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी खुलकर अपनी दिक्कतें और समस्याओं लोगों से बताते नहीं हैं। उनके साथ घुल-मिलकर ही उनकी दुश्वारियां समझी जा सकती हैं। उन्होंने आदिवासियों को शिक्षा और उचित पोषण की सुविधएं उपलब्ध कराने के लिए तन-मन से योगदान देने का अधिकारियों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुत आत्मसम्मान से जीते हैं, उनके पास धन नहीं होगा, उनके पास खाने को कुछ नहीं होगा लेकिन वे आत्मसम्मान से समझौता नहीं करेंगे। वे हमेशा चाहते हैं कि उनके आत्मसम्मान पर कोई आंच न आए। इसलिए उनके पास जाकर और उनसे घुल-मिलकर ही उनकी दिक्कतें समझी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक गर्भवती आदिवासी महिला को उचित पोषण मिले। हर आदिवासी बालक-बालिका को स्कूल जाने की सुविधाएं मिलें और प्रत्येक आदिवासी को गरिमा के साथ आजीविका प्राप्त हो। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी अपनी संस्कृति को लेकर बहुत संवे. दनशील रहते हैं, अतः विकास योजनाएं बनाते समय यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि उनकी संस्कृति के साथ कोई समझौता न हो।

उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड 25 रजत जयंती वर्ष

गौरव, विकास और संकल्प का पर्व

देवभूमि उत्तराखण्ड

विकास भी, विरासत भी


# चारधाम यात्रा

## आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

श्री यमुनोत्री



श्री गंगोत्री





श्री केदारनाथ



श्री बदरीनाथ

## चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न

### यमुनोत्री के पास

जानकी चट्टी, हनुमान चट्टी, खरसाली गांव, सप्तऋषि कुंड, लाखा मण्डल, केदारकांठा ट्रैक, राणा चट्टी

### केदारनाथ के पास

भैरवनाथ मन्दिर, वासुकीताल, गौरीकुंड, त्रियुगीनारायण मन्दिर, चोपता तुंगनाथ चंद्रशिला, गुप्तकाशी, देवरियाताल

### गंगोत्री के पास

गौमुख ट्रैक, भोजबासा, तपोवन, सूर्यकुंड व गौरीकुंड, हर्षिल वैली, मुखीमठ (मुखबा), दयारा बुग्याल ट्रैक, गर्तांग गली, काशी विश्वनाथ मन्दिर, नचिकेताताल, डौडीताल

### बदरीनाथ के पास

माणा गांव, व्यास गुफा और गणेश गुफा, भीमशिला, औली, फूलों की घाटी, वसुधारा जलप्रपात, चरणपादुका, तप्तकुंड, नारदकुंड, ज्योतिर्मठ (जोशीमठ), सतोपंथ झील, पाण्डुकेश्वर, आदिबदरी मन्दिर, हेमकुंट साहिब



त्रियुगी नारायण मन्दिर



फूलों की घाटी



औली



देवप्रयाग



गर्तांग गली



ऋषिकेश



हर्षिल वैली



कार्तिक स्वामी मंदिर



## मेरे प्यारे देशवासियों,

देवभूमि उत्तराखण्ड की पावन धरती पर चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है। बाबा केदार के दर्शन सहित चारो धामों की यह पावन यात्रा भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना का एक भव्य उत्सव है। जगदगुरु आदि शंकराचार्य ने बदरीनाथ और केदारनाथ की यात्राओं से भारतीय संस्कृति को एक नई दिशा दी थी। जगदगुरु रामानुजाचार्य और जगदगुरु मध्वाचार्य ने भी अपने धर्मविचारों को समृद्ध करने के लिए बदरीनाथ की यात्रा की थी।

आज भी हिमालय की गोद में विराजमान ये चारो धाम हमारी शाश्वत आस्था और विश्वास के दिव्य केंद्र हैं। हर वर्ष विविध भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों के लोग यहां पहुंचते हैं और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के भाव को और अधिक सशक्त करते हैं। इस वर्ष की यात्रा भी इसी परंपरा का विस्तार है।

हमारे शास्त्रों में कहा गया है,

**अग्निष्टोमादिभिर्यज्ञैरिष्ट्वा विपुलदक्षिणैः।**
**न तत्फलमवाप्नोति तीर्थाभिगमनेन यत्॥**

भाव ये है कि बड़े-बड़े यज्ञों और दान आदि से हमें अपार पुण्य प्राप्त होते हैं। और इन अनुष्ठानों से भी कहीं अधिक पुण्य, हमें तीर्थ यात्राओं से प्राप्त होता है।

विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखण्ड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुछ वर्ष पहले, बाबा केदार के द्वार पर मैंने कहा था कि ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। आज उत्तराखण्ड की प्रगति इस विश्वास को साकार कर रही है। उत्तराखण्ड आज पर्यटन, आध्यात्मिकता और आर्थिक प्रगति, तीनों क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

पिछले कुछ वर्षों से उत्तराखण्ड में विकास का जो महायज्ञ चल रहा है, उसने चारधाम यात्रा को पहले से अधिक सुगम, सुरक्षित और दिव्य बनाया है। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं, संतजनों और पर्यटकों को बहुत सुविधा हो रही है। इन सारे कामों में उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता का ध्यान रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

मैं उत्तराखण्ड आने वाले हर अतिथि से भी कहूंगा कि वो इस नए अनुभव का आनंद जरूर लें। सभी यात्रीगण अपनी यात्रा के दौरान डिजिटल उपवास रखने और उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता को जीने का प्रयास भी करें। इससे आपको एक अलग संतुष्टि भी मिलेगी।

चारधाम की हर यात्रा में हम एक संकल्प लेकर अपने मूल स्थान से देवभूमि के लिए आते रहे हैं। इसी क्रम में, मैं भी आपसे पांच संकल्पों का आग्रह करना चाहता हूं:

**पहला संकल्प - स्वच्छता सर्वोपरि** : धाम और उसके आस पास स्वच्छता बनाए रखें। नदियों को साफ रखने के लिए अपना योगदान दें। सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्त यात्रा का संकल्प लें और इस पावन धरा की गरिमा को बनाए रखें।

**दूसरा संकल्प - प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता** : हिमालय की इस दिव्य धरा के प्रति संवेदनशील रहें। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखते हुए, 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

**तीसरा संकल्प - सेवा, सहयोग और एकता पर बल** : पुरातन काल से हमारी तीर्थ यात्राएं सर्वजन की सेवा और सामाजिक समरसता को स्थापित करने का माध्यम रही हैं। आज भी लोग इसी सेवा भाव से तीर्थयात्रियों की सेवा करते हैं। मैं चारधाम आने वाले हर तीर्थयात्री से भी आग्रह करता हूं कि वो अपनी यात्रा के हर दिन, किसी ना किसी रूप में, लोगों की सेवा का एक काम अवश्य करें।

सहयात्रियों की सहायता करें और देश की विभिन्न जगहों से आए लोगों से जुड़ें। उनकी परंपराओं का सहभागी बनकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को इस यात्रा के माध्यम से सशक्त करें।

**चौथा संकल्प - वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा** : अपने मूल स्थान से चलकर यात्रा से घर लौटने तक अपने कुल खर्च का पांच प्रतिशत हिस्सा लोकल उत्पादों को खरीदने पर जरूर खर्च करें। अगर किसी स्थानीय चीज की जरूरत इस मौसम में नहीं भी है, तो भी उसे भविष्य के इस्तेमाल के भाव से ही खरीदने का प्रयास करें।

**पांचवां संकल्प - अनुशासन, सुरक्षा और मर्यादा का पालन** : यात्रा के नियमों और यातायात निर्देशों का पालन करें। एक जिम्मेदार और सजग नागरिक के रूप में इस तीर्थ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाएं। हम ये प्रयास करें कि हमारी यात्रा से, इस यात्रा के आयोजन और प्रबंधन में जितने भी लोग लगे हुए हैं, उन्हें कोई असुविधा ना हो।

हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में हमारे क्रिएटर्स, इंफ्लूएंसर्स चारधाम दर्शन के लिए जाने लगे हैं। मैं सभी से ये आग्रह करूंगा कि वो उत्तराखण्ड की स्थानीय कहानियों और यहां की छोटी-छोटी परंपराओं को भी जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें।

बाबा केदार के साथ ही चारो धामों का आशीर्वाद आपके जीवन में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नए संकल्पों का संचार करे। मेरी यही कामना है।

आप सभी को एक सफल, सुरक्षित, दिव्य और आत्मीय यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका

**नरेन्द्र मोदी**













"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## महत्वपूर्ण सूचना

- यात्रा से पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है।
- रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज करें।
- अपने साथ पर्याप्त ऊनी कपड़े, छतरी, रेनकोट आदि अवश्य रखें।
- पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान सटीक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करें।
- वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी जाती है।
- यदि आप कोई दवा लेते हैं तो प्रचुर मात्रा में स्टॉक साथ रखे।
- यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों पर विश्राम करते हुए प्रस्थान करें, जिससे जलवायु अनुकूल हो सकें।
- यदि आप अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं तो यात्रा ना करें।
- धामों पर दर्शन कराने का दावा करने वाले अनधिकृत व्यक्तियों से बचें।
- यात्रा मार्गों पर गंदगी न फैलाकर, उन्हें स्वच्छ रखने में हमारा सहयोग करें।
- कृपया वाहनों की गति नियंत्रित रखें एवं वाहनों को उचित स्थलों पर ही पार्क करें।
- सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

### रजिस्ट्रेशन के माध्यम

वेबसाइट पर जाएं या QR कोड स्कैन करें:
registrationandtouristcare.uk.gov.in

ऐप डाउनलोड करें
touristcareuttarakhand
Google Play | App Store

अधिक जानकारी के लिए हमारे **टोल फ्री नंबर (24x7)** पर संपर्क करें
**0135-3520100**

विस्तृत जानकारी हेतु **फोन नंबर**
0135-2552627
0135-2559898
पर संपर्क करें

**ई-मेल :** touristcare.uttarakhand@gmail.com

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

| पंच केदार | पंच प्रयाग | पंच बद्री |
|---|---|---|
| 1. केदारनाथ | 1. देवप्रयाग | 1. विशाल बद्री |
| 2. तुंगनाथ | 2. रुद्रप्रयाग | 2. योगदर्शन बद्री |
| 3. रुद्रनाथ | 3. कर्णप्रयाग | 3. भव्य बद्री |
| 4. मदमहेश्वर | 4. नन्दप्रयाग | 4. वृद्धा बद्री |
| 5. कल्पेश्वर | 5. विष्णुप्रयाग | 5. आदि बद्री |



**केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से हेलीकॉप्टर बुकिंग करें धोखाधड़ी से सुरक्षित रहें।**

**www.heliyatra.irctc.co.in**

**चारधाम यात्रा पर आप पंच केदार, पंच प्रयाग एवं पंच बद्री के भी दर्शन कर सकते हैं। पंच बद्री में अलग-अलग रूपों में भगवान विष्णु की पूजा की जाती है।**

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# केदारनाथ धाम यात्रा की वहन क्षमता निर्धारण पर मंथन



**■ हितधारकों से मांगे गए सुझाव, वैज्ञानिक आकलन पर आधारित होगी भविष्य की यात्रा व्यवस्था, सभी विभागों को अद्यतन आंकड़े उपलब्ध कराने के निर्देश,**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** चारधाम यात्रा मार्गों, विशेषकर केदारनाथ, हेमकुंड साहिब, गंगोत्री एवं यमुनोत्री ट्रैक की वैज्ञानिक वहन क्षमता (कैरीइंग कैपेसिटी) के आकलन हेतु भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई), देहराद.ून द्वारा तैयार की गई ड्राफ्ट रिपोर्ट पर सुझाव एवं टिप्पणियां प्राप्त करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्थान के विशेषज्ञों ने केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग की वैज्ञानिक वहन क्षमता निर्धारण संबंधी ड्राफ्ट रिपोर्ट का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।

बैठक में केदारनाथ धाम यात्रा से जुड़े स्थानीय हितधारकों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों, होटल व्यवसायियों, घोड़ा-खच्चर संचालकों, बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी), विभागीय अधिकारियों एवं अन्य संबंधित पक्षों ने सहभागिता करते हुए अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भारतीय वन्यजीव संस्थान की टीम से रिपोर्ट में शामिल विभिन्न मानक.ों, सर्वेक्षण प्रक्रिया तथा आंकड़ों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि अंतिम रिपोर्ट को अधिक यथार्थपरक, सटीक एवं व्यावहा.रिक बनाने के लिए सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित नवीनतम आंकड़े एवं सूचनाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यात्रा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, परिवहन व्यवस्था, स्वच्छता, आपदा प्रबंधन, आवासीय क्षमता एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित अद्यतन आंकड़े भारतीय वन्यजीव संस्थान को उपलब्ध कराए जाएं, ताकि अंतिम रिपोर्ट वास्तविक परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की जा सके। बैठक के दौरान विभिन्न हितधारकों ने सुझाव दिया कि स्थानीय अनुभवों, क्षेत्रीय आवश्यकताओं तथा जमीनी स्तर पर प्राप्त सुझावों को भी रिपोर्ट में समुचित स्थान दिया जाए। इस पर भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञों ने बताया कि सभी हितधारक अपने सुझाव, टिप्पणियां एवं तथ्यात्मक आंकड़े जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से उपलब्ध करा सकते हैं। साथ ही यदि रिपोर्ट में किसी तथ्य अथवा आंकड़े के संबंध में संशोधन प्रस्तावित हो तो उसके समर्थन में प्रमाणित दस्तावेज भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

बैठक में भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञ संतोषी राणा, रजत सिंह राणा एवं डॉ. तनवीक अहमद सहित जिला पंचायत सदस्य अमित मैखंडी, उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल रावत, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राम प्रकाश, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष रावत, अधिशासी अभियंता डीडीएमए राजविंद सिंह, एआरटीओ धर्मेंद्र सिंह, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त व्यापार संघ, होटल एसोसिएशन, घोड़ा-खच्चर एसोसिएशन एवं अन्य हितधारक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

# फार्मर रजिस्ट्री अभियान में तेजी लाएं :डीएम

**■ अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करें**



**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को अभियान में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में अधिक से अधिक शिविर आयोजित किए जाएं तथा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) को पूर्ण रूप से सक्रिय करते हुए पंजीकरण कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने किसानों को स्वयं भी फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।

डीएम ने सभी ग्राम प्रधानों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें फार्मर रजिस्ट्री के महत्व एवं इससे मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, मुख्य कृषि अधिकारी, मत्स्य विभाग, रेशम विभाग, लीड बैंक मैनेजर, सहकारी समितियों एवं अन्य संबंधित विभागों को अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक किसान इस अभियान से जुड़ सकें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि एवं किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा उन्हें फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का होना जरूरी

**■ जनपद में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रशिक्षण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत बुधवार को विकासखंड ऊखीमठ के सभागार तथा विकासखंड जखोली में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं बीएलओ सुपरवाइजरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व मंगलवार को तहसील रुद्रप्रयाग में भी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन कार्य से जुड़े विशेषज्ञों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, नए मतदाताओं के नाम शामिल करने, मतदाता विवरण में संशोधन करने तथा घर-घर सत्यापन अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यों को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से संपादित करने के निर्देश भी दिए गए।

विशेषज्ञों ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का होना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रपत्रों के उपयोग, ऑनलाइन पोर्टल पर डाटा अपलोड करने की प्रक्रिया, फील्ड सत्यापन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा आमजन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समाधान करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

# कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** जिला उद्योग केन्द्र, कोटद्वार के सभागार में सोमनाथ गर्ग, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, कोटद्वार की उपस्थिति में तथा डीजीएफटी भारत सरकार के उप महानिदेशक हेमन्त कुमार के सहयोग से निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया गया।भारत सरकार की ओर से विभिन्न विभागों द्वारा वर्चुअल माध्यम से उक्त बैठक में प्रतिभाग किया गया। मनीषा झा, उप निदेशक भारतीय निर्यात संगठन महासंघ, नई दिल्ली, द्वारा निर्यात में फियो की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकरी साझा की गयी। अमित मोहन, सहायक निदेशक, एमएसएमई मंत्रालय, हल्द्वानी द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। एएसएच अमोल शर्मा एचडीएफसी बैंक से आये प्रतिनिधि ने निर्यातक इकाईयों के लिए वित्तीय सहायता के बारें में जानकारी प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त विवेक चौहान सचिव, सिडकुल निर्माता संघ, ग्रोथ सेन्टर सिगड्डी, कोटद्वार द्वारा अपना अनुभव साझा करते हुये उद्यमियों द्वारा उत्पादित उत्पादों के निर्यात करने के लिये प्रेरित किया गया। अंत में डीजीएफटी के सहयोग से निर्यात हेल्प डेस्क का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें जनपद पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड राज्य की प्रथम पहल है। अन्त में प्रबन्धक, उपासना सिंह, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा जनपद-पौड़ी गढ़वाल की बैठक में प्रतिभाग करने वाली समस्त निर्यातक इकाईयों एवं निर्यात हेतु इच्छुक इकाईयों को धन्यवाद किया गया।

## एक नजर .......

### सात जून को नई टिहरी शहर की पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

**नई टिहरी।** अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान नई टिहरी प्रशान्त भारद्वाज ने बताया है कि नई टिहरी पम्पिंग पेयजल योजना के अन्तर्गत स्थापित पेयजल भण्डारण टैंकों की सफाई एवं अनुरक्षण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस कारण दिनांक 7 जून को नई टिहरी शहर की पेयजल आपूर्ति पूर्णतः बंद रहेगी, जबकि 8 जून को आंशिक रूप से जलापूर्ति की जाएगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहने की अवधि में जल संस्थान द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में विभागीय टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को आवश्यक पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने नई टिहरी शहर के पेयजल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे उक्त अवधि के लिए आवश्यकतानुसार पेयजल का पूर्व भण्डारण कर लें तथा इस असुविधा के लिए विभाग को अपना सहयोग प्रदान करें।

### श्रीनगर व्यापार सभा चुनाव में अध्यक्ष पद पर दो दावेदार मैदान में

**श्रीनगर, संवाददाता।** श्रीनगर व्यापार सभा चुनाव में अध्यक्ष पद पर दो दावेदार मैदान में है। बुधवार को अध्यक्ष पद से राजीव वर्मा ने नाम वापस लिया है। जिसके बाद अब अध्यक्ष पद पर गौ सेवा संवर्धन समिति के सदस्य अनुज जोशी और निवर्तमान व्यापार सभा के अध्यक्ष दिनेश असवाल मैदान में है। उद्योग व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने बताया कि बुधवार को सभी नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें सभी नामांकन वैध पाए गए। अध्यक्ष पद के लिए कुल तीन नामांकन दाखिल हुए थे, लेकिन राजीव वर्मा के नाम वापस लेने के बाद अब गौ सेवा संवर्धन समिति के सदस्य अनुज जोशी और निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश असवाल के बीच मुकाबला होगा। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर पंकज नेगी एकमात्र प्रत्याशी हैं। 4 जून को सभी वैध प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। उधर, प्रत्याशियों की अंतिम सूची सामने आने के बाद चुनावी गति.विधियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष पद के दोनों दावेदारों समेत अन्य प्रत्याशी व्यापारियों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में जुट गए हैं। बाजार क्षेत्र में चुनावी माहौल गर्माने लगा है और व्यापारी वर्ग भी चुनाव को लेकर सक्रिय नजर आ रहा है।

### डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने गोल्ड लोन किया लांच

**देहरादून।** एनबीएफसी-एमएफआई डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने व्यक्तियों और छोटे व्यवसायियों को सुरक्षित ऋण तक त्वरित एवं सुगम पहुंच उपलब्ध कराने के लिहाज से डिजाइन की गई गोल्ड लोन सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। इस उत्पाद को वेतनभोगी पेशेवरों, स्वरोजगार में लगे व्यक्तियों, व्यापारियों, छोटे कारोबार के स्वामियों और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों) को ध्यान में रखकर उतारा गया है और शुरुआत में यह पूरे दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में उपलब्ध होगा। इससे वंचित खंडों की जरूरतों के अनुरूप डीजेटी माइक्रोफाइनेंस का वित्तीय समाधानों का पोर्टफोलियो मजबूत होगा। ग्राहक पात्रता और सोने के मूल्यांकन के आधार पर 5,000 रुपये के शुरुआती ऋणों का लाभ उठा सकते हैं। दस्तावेजों और बंधक पत्रों का सत्यापन होने पर इस ऋण की मंजूरी एवं वितरण प्रक्रिया 15 मिनटों में पूरी हो जाएगी। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस एक कागजरहित डिजिटल प्रक्रिया अपना रही है जिसमें कम से कम दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है। इस लांचिंग अवसर पर डीजेटी माइक्रोफाइनेंस के सीओओ अविनाश कुमार मौजूद रहे।

### दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को मिलेंगे स्थायी नियुक्ति पत्र

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के श्रीनगर, टिहरी एवं पौड़ी परिसरों में कार्यरत लगभग 100 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को लेवल-1 के पदों पर गुरूवार को स्थायी नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। गढ़वाल विवि के जन संपर्क अधिकारी आशुतोष बहुगुणा ने बताया कि गढवाल विवि के बिड़ला परिसर स्थिति बहुउद्देश्य भवन में गुरूवार को स्थायी नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनिल बलूनी, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत तथा देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. श्रीप्रकाश सिंह करेंगे। बताया कि यह समारोह विश्वविद्यालय परिवार और स्थायी नियुक्ति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा।

# शराब नहीं, संस्कार मुहिम को सफल बनने में जनसहयोग जरूरी

**■ नशा मुक्त गांव का संकल्प सफल बनाने की अपील**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** शराब नहीं संस्कार मुहिम चलाने वाले सभी ग्राम पंचायतों, ग्राम समाज सुधार समितियों एवं सम्मानित ग्रामवा.सियों से अपील की है कि जिन ग्राम पंचायतों द्वारा नशा मुक्त ग्राम बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है अथवा किया जा रहा है, वे उस निर्णय को पूर्ण रूप से लागू करने में अपना सक्रिय योगदान दें। नशा मुक्त गांव का संकल्प तभी सफल होगा। जब हम सभी मिलकर विवाह, मुंडन, जन्मदिन, धार्मिक आयोजनों तथा अन्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शराब के प्रयोग को पूरी तरह समाप्त करने का प्रयास करें। सभी नागरिकों से भी अनुरोध है कि यदि किसी ऐसी ग्राम पंचायत में, जहां नशा मुक्त ग्राम का प्रस्ताव पारित हो चुका है, किसी सार्वजनिक अथवा संस्कारिक कार्यक्रम में शराब परा.ेसी जा रही हो, तो उसकी जानकारी एवं वीडियो प्रमाण सहित साझा करें, ताकि संबंधित ग्राम पंचायत एवं समाज सुधार समिति के संज्ञान में मामला लाकर आवश्यक सामा.जिक कार्रवाई की जा सके। बहुगुणा ने कहा कि वर्तमान में कई गांवों में शराब पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है सराहनीय कदम है और इससे आने वाले भविष्य में सार्थक परिणाम सामने आएंगे। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए।

# राहुल गांधी का पौड़ी दौरा होगा ऐतिहासिकः नेगी

**■ पूर्व कैबिनेट मंत्री ने पत्रकारों से वार्ता कर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष के कायक्रम की दी जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आगामी 4 जून को प्रस्तावित पौड़ी दौरे की तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी मीडिया को दी।

नगर निगम कोटद्वार के देवी रोड स्थित होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नेगी ने कहा कि राहुल गांधी के दौरे की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं तथा कांग्रेस संगठन पूरी निष्ठा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में जुटा हुआ है । कहा कि पौड़ी में आयोजित होने वाला पूर्व सैनिक संवाद कार्यक्रम उत्तराखंड के पूर्व सैनिकों, सैन्य परिवारों और युवाओं के लिए अपनी बात सीधे राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर होगा । कहा कि राहुल गांधी लंबे समय से अग्निवीर योजना को लेकर युवाओं के भविष्य के प्रति अपनी चिंता व्यक्त करते रहे हैं। कांग्रेस पार्टी भी प्रारंभ से इस योजना के विभिन्न पहलुओं पर सवाल उठाती रही है। पौड़ी में आयोजित संवाद कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सैनिकों एवं युवाओं की भावनाओं, सुझावों और चिंताओं को गंभीरता से सुना जाएगा। सुरेंद्र सिंह नेगी ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को भी स्मरण करते हुए कहा कि देश के सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के सम्मान और कल्याण के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता सदैव रही है । कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व में देश की सैन्य शक्ति को नई मजबूती मिली तथा सैनिकों एवं उनके आश्रित परिवारों के हितों की रक्षा के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। कहा कि आज पूर्व सैनिकों और युवाओं के बीच यह चिंता बढ़ रही है कि अग्निवीर योजना के तहत मात्र चार वर्ष की सेवा के बाद बड़ी संख्या में युवाओं के भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति उत्पन्न होगी।

साथ ही पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे विषय भी पूर्व सैनिक समुदाय के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। राहुल गांधी लगातार इन मुद्दों को संसद और जनता के बीच उठाते रहे हैं तथा पौड़ी का यह संवाद कार्यक्रम इन्हीं चिंताओं को सुनने और समझने का महत्वपूर्ण अवसर होगा।

प्रेस वार्ता के दौरान नेगी ने कोटद्वार की स्थानीय समस्याओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के भाबर में प्रस्तावित ट्रें.चंग ग्राउंड से जुड़े विवाद पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्थानीय जनता की भावनाओं और पर्यावरणीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सरकार को संवेदनशील एवं व्यवहारिक समाधान निकालना चाहिए। कहा कि जनसहमति और जनहित को प्राथमिकता देकर इस विषय का स्थायी समाधान किया जाना आवश्यक है। उन्हें विश्वास है कि राहुल गांधी का पौड़ी दौरा पूर्व सैनिकों, युवाओं और आम जनता से जुड़े मुद्दों को नई मजबूती प्रदान करेगा तथा उत्तराखंड की आवाज को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# नरकोटा में आर्मी ट्रक और कार की भिड़ंत, पांच घायल

**■ हादसे में दो घायलो की हालत गंभीर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर दूर नरकोटा क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक आर्मी ट्रक और कार के बीच हुई जोरदार टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों, पुलिस और राहत दल की तत्परता से सभी घायलों को 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग पहुंचाया गया। इनमें दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए बेस अस्पताल श्रीनगर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार करीब 12 बजे नरकोटा क्षेत्र में आर्मी ट्रक और औरा कार आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए।

हादसे में कार चालक जीतेन्द्र सिंह (25) पुत्र महेंद्र सिंह, निवासी देवाल, थराली (चमोली) तथा सुशीला देवी (40) पत्नी हयात राम, निवासी लोहाजंग (चमोली) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर उपचार के लिए श्रीनगर रेफर किया गया। इसके अलावा शांति देवी (45) पत्नी अर्जुन शर्मा, निवासी चांदपुर गढ़ी, हिमांशु (14) पुत्र हयात सिंह, निवासी लोहाजंग तथा भावेश (15) पुत्र अर्जुन, निवासी चांदपुर गढ़ी को भी चोटें आई हैं। सभी का उपचार जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग में किया गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी है।

# चारधाम यात्रा को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने को पुलिस प्रतिबद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा चारधाम यात्रा मार्ग पर तैनात समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात, प्रभावी पार्किंग प्रबंधन, दुर्घटना रोकथाम तथा आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहें।

एसएसपी ने निर्देश दिए कि मालवाहकवाहन केवल रात्रिकाल में संचा.लित किए जाए, तेज गति, लापरवाही एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्व सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। एल्कोमीटर से नियमित चेंकिंग अभियान चलाया जाए। यातायात किसी तरह से बाधित न हो इसके लिए सडक किनारे खडे वाहनों को हटाया जा जिससे यातायात सुचारू हो सके। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए, मार्ग अवरोध या दुर्घटना की स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य आरंभ किया जाए। टिहरी पुलिस का संकल्प है कि श्रद्धालुओं की चारधाम यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाए। श्रद्धालुओं से अपील की जाती है कि यातायात नियमों का पालन करें, प्रशासन का सहयोग करें तथा सुरक्षित यात्रा में सहयोग करें।

# एडीएम ने तहसील दिवस में सुनी समस्या किया निराकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद क्षेत्रान्तर्गत आयोजित होने वाले तहसील दिवस के तहत जनपद के तहसील मदन.नेगी में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र नेगी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपनी-अपनी विभागीय विकास परक योजनाओं की जानकारी दी गयी, वहीं विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर आमजन को लाभन्वित किया गया। इस अवसर पर 18 फार्मर रजिस्ट्री की गयी तथा 40 जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र सम्बन्धी प्राप्त आवेदनों को पंजीकृत किया गया जिन पर जल्द कार्यवाही की जायेगी। तहसील दिवस कार्याक्रम में प्राप्त शिकायत, मांग पत्रों में ग्राम कफलोग की फूला देवी द्वारा एडीएम को अवगत कराया कि वर्तमान में उनके पास आवास नही है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने की मांग की गयी जिस पर एडीएम ने खण्ड विकास अधिकारी जाखणीधार को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम खोला पट्टी धारमण्डल निवासियों द्वारा पेयजल के बिल बहुत अधिक आने की शिकायत पर जल संस्थान को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। ग्राम प्रधान जलवालगांव द्वारा गैस आपूर्ति सम्बन्धी शिकायत की गयी जिस पर जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। ग्राम सांदणा की फ्योंला देवी द्वारा शिकायत की कि भारत गैस एजेन्सी की उपभोक्त है तथा नई टिहरी गैस ऐजेन्सी में तीन से चार बार चली गयी है जबकि केवाईसी नही हो पा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# देवलसारी तितली महोत्सव में जुटेंगे प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद व विषय विशेषज्ञ

**■ 11 जून से होने जा रहा सातवां महोत्सव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** तितलियों का संसार कहे जाने वाला जैव विविधता से परिपूर्ण प्रसिद्व पर्यटक स्थल देवलसारी में

इस बार 11 जून से शुरू होने वाले तितली महोत्सव में उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न हिस्सों से प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद्, विषय विशेषज्ञ व प्रसिद्व फोटोग्राफरों के आने की उम्मीद है। समिति इस आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटी है।

देवलसारी में इस बार सातवां छह दिवसीय तितली महोत्सव का भव्य आयोजन 11 जून से होने जा रहा है।

देवलसारी पर्यावरण संरक्षण एवं विकास समिति की ओर से इसके लिए काफी पहले से ऑनलाइन प्रचार-प्रसार शुरू किया गया था और उम्मीद है कि इस बार इस आयोजन में बडी संख्या में बाहर से आने वाले मेहमान जुटेंगे। समिति के निदेश अरूण गौड ने बताया कि महोत्सव के लिए देवलसारी तैयार है।

तितली महोत्सव में बाहर से आने वाले मेहमान यहां रंग-विरंगी तितलियों का दीदार करेंगे। इसके अलावा मेहमानों को ट्रैकिंग, विलेज टूर, वल्ड वाचिंग आदि भी कराए जाएंगे। इस अवसर पर स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी ताकि लोक उत्पादों को बढावा मिल सके। वहीं विषय विशेषज्ञों की ओर से विभिन्न विषयों पर गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। बताते चलें कि देवलसारी में तितलियों की सौ से अधिक प्रजाति पाई जाती है वहीं पक्षियों की भी विभिन्न प्रजातियां यहां देखी जाती है इसके चलते देवलसारी पर्यावरण संरक्षण एवं विकास संस्था की ओर से वर्ष 2019 से यहां पर तितली महोत्सव की शुरूआत की गई थी जिसमें काफी संख्या में बाहर से प्रकृति प्रेमी यहां आते है।

## पर्यावरण का दिया संदेश

**नई टिहरी।** समिति ने यहां आने वाले प्रकृति प्रेमियों पर्यटकों से अपील की है कि वे अपने साथ प्लास्टिक या पालिथिन न लाए जिससे पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके। इसके अलावा कोई भी ऐसी सामग्री न तो साथ लाए और ना ही उपयोग करें जिससे जंगल में आग लगने की संभावना बने। उन्होंने हा कि पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए सभी को आगे आना चाहिए तथा प्रत्येक व्यक्ति को यहां पर एक पौधे का अवश्य रोपण करना चाहिए जिससे इस स्थान की जैव विविधता बनी रहे।

# आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना को मिली रफ्तार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षी आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना को अब नई गति मिलने जा रही है। राजधानी के सबसे महत्वपूर्ण शहरी पुनर्विकास कार्यों में शामिल इस परियोजना के लंबित कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण ने सख्त रणनीति तैयार कर ली है। बुधवार को एमडीडीए सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में परियोजना की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया और सभी विभागों को जून 2026 तक लंबित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



■ एमडीडीए उपाध्यक्ष तिवारी ने तय की समयसीमा, 8 जून तक पूरे होंगे सभी लंबित कार्य, रजिस्ट्री से लेकर निर्माण कार्यों तक होगी सख्त मॉनिटरिंग ■ प्रतिकर लेने के बावजूद कब्जा नहीं छोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई, खुद स्थलीय निरीक्षण करेंगे उपाध्यक्ष

आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने स्पष्ट किया कि सीएम की प्राथमिकताओं में शामिल इस परियोजना में किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परियोजना केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि देहरादून के भविष्य की व्यापारिक व शहरी संरचना को नई दिशा देने वाली योजना है। ऐसे में सभी संबंधित विभागों को तय समयसीमा के भीतर अपने दायित्व पूरे करने होंगे।

**रजिस्ट्री प्रक्रिया में लाई जाएगी तेजी:** समीक्षा बैठक में प्रभावित परिसंपत्तियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया को लेकर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश मामलों में प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है, जबकि कुछ रजिस्ट्रियां अभी शेष हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए।

### आलयम आवासीय योजना पर भी फोकस

आढ़त बाजार परियोजना के साथ-साथ एमडीडीए की आलयम आवासीय योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि योजना के शेष निर्माण कार्य जून माह तक पूरे किए जाएं और पात्र लाभार्थियों को आवासों का कब्जा देने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

### 18 करोड़ से स्थानांतरित होंगी आधारभूत सुविधाएं

बैठक में वर्तमान आढ़त बाजार क्षेत्र में मौजूद विद्युत लाइनों और अन्य आधारभूत सुविधाओं के स्थानांतरण की प्रगति पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शासन स्तर से स्वीकृत लगभग 18 करोड़ रुपये की धनराशि लोक निर्माण विभाग को शीघ्र हस्तांतरित की जाए, ताकि तकनीकी कार्यों में देरी न हो।

### प्रतिकर लेने के बाद भी कब्जा रखने वालों पर सख्ती

समीक्षा बैठक के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ प्रभावित व्यक्तियों ने प्रतिकर राशि प्राप्त कर ली है, लेकिन उनके निर्माण अब तक नहीं हटाए गए हैं। इस पर उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे मामलों का वे स्वयं स्थलीय निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुये बल पूर्वक ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

### राजधानी को मिलेगी नई व्यापारिक पहचान

आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना के पूर्ण होने के बाद राजधानी देहरादून को आधुनिक, सुव्यवस्थित और सुविधायुक्त व्यापारिक केंद्र के रूप में नई पहचान मिलेगी। इससे व्यापारियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, यातायात व्यवस्था अधिक सुगम बनेगी और क्षेत्र के समग्र शहरी विकास को नई गति मिलेगी। सरकार का मानना है कि यह परियोजना देहरादून के सुनियोजित विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया, संयुक्त सचिव प्रत्यूष, वित्त नियंत्रक संजीव कुमार, अधीक्षण अभियंता अतुल गुप्ता, अधिशासी अभियंता सुनील कुमार, लेखपाल नजीर अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं लोक निर्माण विभाग की ओर से अधिशासी अभियंता राजेश कुमार एवं सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने भी बैठक में भाग लिया।

### परियोजना समय पर पूरी करना सर्वोच्च प्राथमिकता: तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल है और इसे तय समयसीमा में पूरा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। समीक्षा बैठक में सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लंबित कार्यों को जून 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाए। प्रभावित परिसंपत्तियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की नियमित निगरानी की जाएगी। विद्युत लाइनों एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के स्थानांतरण से जुड़े कार्यों को भी शीघ्र पूरा कराया जाएगा। जिन लोगों ने प्रतिकर राशि प्राप्त कर ली है लेकिन अब तक प्रभावित निर्माण नहीं हटाए हैं, उनके मामलों का मैं स्वयं स्थलीय निरीक्षण करूंगा। हमारा लक्ष्य है कि यह परियोजना समयबद्ध तरीके से पूरी हो और देहरादून को आधुनिक एवं व्यवस्थित व्यापारिक अवसं. रचना उपलब्ध हो।

### नियमित मॉनिटरिंग से पूरी होगी परियोजना : बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना की प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है। बैठक में सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। रजिस्ट्री प्रक्रिया, निर्माण कार्यों और आधारभूत सुविधाओं के स्थानांतरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। विभागीय स्तर पर समन्वय को और मजबूत बनाया गया है ताकि परियोजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न आए। हमारा प्रयास है कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूरे कर प्रभावितों और लाभार्थियों को परियोजना का लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

# डॉ रावत ने किया बिडोली विद्युत उपकेंद्र का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी।** कैबिनेट मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को पैठाणी, पाबौ और खिर्सू क्षेत्र के भ्रमण के दौरान विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं विकासात्मक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




भ्रमण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने पैठाणी स्थित प्रसिद्ध राहु मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में संचालित सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शिव चरण नौडियाल, हरेंद्र नेगी, गणेश नेगी राठी, वीरेंद्र रावत, मातवर सिंह रावत, धूम सिंह, शिव लाल, पंकज सिंह रावत, अनिल सिंह नेगी, ग्राम प्रधान टीला गीता देवी, दीपक त्रिपाठी, अनिल नेगी सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आज से उत्तराखण्ड दौरे पर आ रहे राहुल गांधी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कल (आज) से उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर पहुंच रहे हैं। आगामी 2027 विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच राहुल गांधी का यह दौरा कांग्रेस के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अपने प्रवास के दौरान वह अल्मोड़ा में जनसभा को संबोधित करेंगे, पौड़ी में भूतपूर्व सैनिकों से संवाद स्थापित करेंगे और चर्चित अंकिता भण्डारी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से भी मुलाकात करेंगे।

कांग्रेस नेताओं के अनुसार राहुल गांधी चार जून को अल्मोड़ा के सिमकनी मैदान में आयोजित जनसभा में प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे।



■ अंकिता भण्डारी के परिजनों से मुलाकात करेंगे राहुल
■ दून में 600 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को देंगे चुनावी मंत्र

इसके बाद वह पौड़ी पहुंचकर भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और सैनिक परिवारों से सीधे संवाद करेंगे। वहीं पांच जून को देहरादून में कांग्रेस के लगभग 600 वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर संगठन को दिशा देंगे। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य तथा पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी संगठनात्मक बैठकों और जनसंपर्क अभियानों में जुटे हुए हैं।

कुमारी शैलजा का कहना है कि राहुल गांधी के उत्तराखंड आगमन को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है और यह रैली 2027 विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के चुनावी शंखनाद का कार्य करेगी।

### सैनिकों और वीरांगनाओं का होगा सम्मान

पौड़ी में आयोजित कार्यक्रम के संयोजक व प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह ने बताया कि राहुल गांधी भूतपूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं का सम्मान करेंगे तथा उनके साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सैनिक बहुल प्रदेश है और यहां के लोगों का सेना से गहरा जुड़ाव रहा है। कार्यक्रम स्थल पर भारत-पाक युद्ध, भारत-चीन युद्ध, कारगिल विजय, देश के वीर सैनिकों के शौर्य, उत्तराखंड की संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों से जुड़ी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### अंकिता भण्डारी प्रकरण पर भी रहेगा फोकस

सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी अपने उत्तराखंड दौरे के दौरान अंकिता भण्डारी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने की लड़ाई में समर्थन का संदेश देंगे। कांग्रेस इस मुद्दे को लगातार उठाती रही है और राहुल गांधी की यह मुलाकात राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वही कांग्रेस नेता महेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि वीरभूमि के रूप में भी देशभर में पहचान रखता है।

# कांग्रेसियों ने सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय घेरा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** नीट परीक्षा पेपर लीक व सीबीएसई परीक्षा कापी जांच घोटाला व सीयूईटी परीक्षा में गड़बड़ी के मुद्दे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करने की मांग को लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कौलागढ़ स्थित सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय पर जबरदस्त प्रदर्शन किया व एक घंटे तक दफ्तर को घेर कर जोरदार नारेबाजी की। हाथों में तख्तियाँ लिए कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार व केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते रहे।



■ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर किया प्रदर्शन

■ जो परीक्षा कराने में अक्षम उसे सत्ता पर बने रहने का अधिकार नहीं: धस्माना

एआईसीसी सदस्य व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि नैतिकता के आधार पर धर्मेंद्र प्रधान को उसी वक्त त्यागपत्र दे देना चाहिए था जब नीट परीक्षा लीक की पुष्टि हुई, मगर बेशर्मी की इंतेहा यह है कि सीबीएसई परीक्षा में व्यापक गड़बड़ी व सीयूईटी परीक्षा में भी धांधली के पुख्ता आरोप लगने के बाद भी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी कुर्सी से चिपके पड़े हीं और इन सब विफलताओं की नैतिक जिम्मेदारी लेने का उनमें तनिक साहस नहीं है। धस्माना ने कहा कि अब केंद्र सरकार कह रही है कि नीट परीक्षा भारतीय वायुसेना व भारतीय सेना करवाएगी जो अपने आप में यह स्वीकारोक्ति है सरकार की कि सरकारी सिस्टम फेल हो गया है और इसलिए एक परीक्षा कराने के लिए सरकार को देश की सैन्य शक्ति का उपयोग करना पड़ रहा है जो अपने आप में शर्मनाक है अतः देश के प्रधानमंत्री को अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त कर देना चाहिए। इस मौके पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश कौशल, जगदीश धीमान, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित खन्ना, पार्षद संगीता गुप्ता, पार्षद अभिषेक तिवारी, पार्षद कोमल वोहरा, पूर्व पार्षद राजेश पुंडीर, पिया थापा, अनीता दास, प्रमोद गुप्ता, लक्की राणा, राम कुमार थपलियाल, संतोष नैनवाल, रविश जमाल, इजहार, शुभम सैनी, पूनम कंडारी, अनुराग गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर दून प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित दो दिवसीय उत्तराखंड भ्रमण को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति 12 जून 2026 को देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन पहुंचेंगी तथा 13 जून को भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के उपरांत दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

राष्ट्रपति के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बुधवार को सभी संबंधित अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक सभी व्यवस्थाओं को त्रुटिरहित एवं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रपति निकेतन में विद्युत, पेयजल, संचार नेटवर्क तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को कंटीजेंसी प्लान के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक व्यवस्था का पूर्व परीक्षण कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने निर्धारित भ्रमण मार्ग पर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने, यातायात प्रबंधन को सुचारू बनाए रखने तथा संबंधित स्थलों पर व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

■ डीएम ने की उच्चस्तरीय समीक्षा, कहा, सभी विभाग समन्वय के साथ करें कार्य

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकरी (वि.रा) केके मिश्रा, पुलिस अधीक्षक जया बलूनी, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह सहित सभी उप जिलाधिकारी एवं प्रोटोकॉल से जुड़े समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

# पुराने सामान से हो रही जरूरतमंदों की मदद

**देहरादून।** दून में नगर निगम के हर्रावाला-4 जोनल कार्यालय की ओर से संचालित आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकिल) केंद्र पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों का भी उदाहरण बन रहा है। इस पहल के तहत नागरिक अपने पुराने लेकिन उपयोग योग्य जूते, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जोनल कार्यालय में जमा कर रहे हैं, जिन्हें बाद में जरूरतमंद और असहाय लोगों तक पहुंचाया जाता है।

जोनल कार्यालय की इस पहल से एक ओर जहां अनुपयोगी वस्तुओं का पुनः उपयोग सुनिश्चित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराकर उनकी मदद भी की जा रही है। स्थानीय लोगों द्वारा इस योजना को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और लगातार लोग इसमें भागीदारी कर रहे हैं।

जोनल कार्यालय में जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई व्यवस्था, पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) से जुड़े कार्यों सहित नगर निगम की विभिन्न जनसेवाओं का संचालन किया जाता है।

# सट्टेबाजों पर एसटीएफ का प्रहार, 86 अवैध वेबसाइट्स ब्लॉक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड को जुआ और सट्टेबाजी के काले कारोबार से मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 'उत्तराखंड जुआ कानून 2026' के तहत बेहद सख्त कानूनी प्रावधान लागू किए हैं। इसी क्रम में, उत्तराखंड पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने डिजिटल मोर्चे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लोगों की गाढ़ी कमाई लूटने वाली 86 अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को पूरी तरह से बंद कर दिया है।

एसटीएफ ने स्पष्ट किया है कि अब राज्य में सट्टेबाजी और अवैध खेल का धंधा करने वालों के लिए सीधा जेल का रास्ता साफ है। नए कानून के तहत अपराध करने वालों के लिए सजा के कड़े प्रावधान किए गए हैं।

■ 'उत्तराखंड जुआ कानून 2026' के तहत बेहद सख्त कानूनी प्रावधान किए लागू

ऑनलाइन सट्टा गिरोह चलाने वालों के लिए डिजिटल माध्यम या अनुप्रयोगों के जरिए नेटवर्क तैयार करने पर तीन से पांच साल तक की जेल और दो से दस लाख रुपये तक का भारी जुर्माना लगाया जाएगा। अवैध जुआ घर संचालित करने या उन्हें पीछे से आर्थिक मदद देने वालों को पांच साल तक की जेल और एक लाख रुपये तक का जुर्माना भरना होगा। पुलिस की शक्तियों को बढ़ाते हुए नए कानून में यह प्रावधान किया गया है कि उप निरीक्षक या उससे उच्च स्तर के अधिकारी सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलने या सट्टा लगाने वालों को बिना किसी वारंट के तत्काल गिरफ्तार कर सकते हैं।

अपराधियों के लिए सख्त चेतावनी देते हुए कानून में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति दूसरी बार या बार-बार जुर्म करते हुए पकड़ा जाता है, तो उसे दी जाने वाली सजा और जुर्माना दोगुना कर दिया जाएगा।

# आपदाओं से निपटने में स्थानीय समुदाय की भूमिका अहम: रावत

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के बढ़ते दोहन को लेकर दून विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय 'हिमालयी एक्शन स्कूल' कार्यक्रम के अंतिम दिन विशेषज्ञों ने गंभीर मंथन किया। सामाजिक संस्था एक्शनएड व दून विश्वविधालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी और पूर्व तैयारी सबसे जरूरी है। कार्यक्रम में नेपाल सहित विभिन्न हिमालयी राज्यों से आए विशेषज्ञों, शोधार्थियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि हिमालय सदियों से प्राकृतिक आपदाओं का सामना करता रहा है, लेकिन पिछले कुछ दशकों में अपनाए गए विकास मॉडल ने आपदाओं के जोखिम को कई गुना बढ़ा दिया है।




■ हिमालयी राज्यों से आए विशेषज्ञों, शोधार्थियों ने किया तीन दिन मंथन
■ जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के बढ़ते दोहन पर जताई चिंता

इस अवसर पर पर्यावरणविद पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, नेपाल की पूर्व विदेश मंत्री विमला राय पौड़ियाल, एक्शनएड के कंट्री डायरेक्टर संदीप चाचरा, एक्शनएड के सह निदेशक खालिद चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता हीरा जंगपांगी, प्राकृतिक संसाधनों केअध्येता डॉ. जीत सिंह सनवाल, वरिष्ठ पत्रकार प्रेम बहुखंडी, श्रमयोग के अध्यक्ष डॉ. अजय जोशी, सामाजिक कार्यकर्ता विद्याभूषण रावत, कुलदीप वर्मा, मोहम्मद मीर हमजा, रेनू ठाकुर, हीरा जंगपांगी, तरुण जोशी, सोनी शबनम, डॉ. शिवानी पांडे, डॉ. सालमनखुर्शीद सहित विभिन्न हिमालयी राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रहे खतरों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला तथा समाधान की ओर रणनीतिक कवायद बताया।

# पद्मश्री प्रो. वर्मा ने शिक्षकों को दिए भौतिकी शिक्षण के नए मंत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भौतिकी को रटने की बजाय समझने और वैज्ञानिक सोच विकसित करने पर जोर देते हुए पद्मश्री प्रो. एच.सी. वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को अधिक प्रश्न हल करने के बजाय मूल अवधारणाओं को समझने पर ध्यान देना चाहिए। मजबूत वैचारिक समझ होने पर कठिन से कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न भी आसानी से हल किए जा सकते हैं।

■ कहा, भौतिकी को रटने की बजाय समझने की जरूरत

देहरादून स्थित यूपीईएस में प्रो. एच.सी. वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित छह दिवसीय आवासीय कार्यक्रम नेशनल वर्कशॉप ऑफ उत्साही फिजिक्स टीचर्स-2026 (एनडब्ल्यूपीटी-2026) का सफल समापन हुआ। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए 40 भौतिकी शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागी तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड समेत कई राज्यों से पहुंचे थे।

कार्यक्रम में सरकारी और निजी विद्यालयों के साथ-साथ महाविद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए।

छह दिनों तक चले प्रशिक्षण में प्रो. वर्मा और विशेषज्ञों की टीम ने प्रदर्शन आधारित प्रयोग, हैंड्स-ऑन गतिविधियां, वैचारिक चर्चाएं, समस्या समाधान तकनीक, परियोजना आधारित शिक्षण और संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए। शिक्षकों को ऐसी शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराया गया, जिनसे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और विषय की गहरी समझ विकसित हो सके। यूपीईएस के कुलपति डॉ. सुनील राय ने कहा कि शिक्षक भविष्य के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और नवप्रवर्तकों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विश्वविद्यालय शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और अनुभवात्मक शिक्षा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

कार्यक्रम का समन्वयन यूपीईएस के प्रो. ध्रुव कुमार ने किया।

# उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा में इक्वेशन्स आईएएस के 21 विद्यार्थियों का चयन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के अग्रणी सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों में से एक इक्वेशन्स आईएएस ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में अपने 21 विद्यार्थियों के चयन की गौरवपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। यह सफलता संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा, गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों की अथक मेहनत का प्रमाण है।

इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए संस्थान के संस्थापक निदेशक दीपक दत्त ममगाईं ने कहा, कि 'हमारे विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों एवं उनके परिवारों को बधाई दी। हमारा उद्देश्य सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रभावी मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायक मेंटरशिप के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए तैयार करना रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में स्थापित इक्वेशन्स आईएएस पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय से संघ लोक सेवा आयोग एवं उत्तराखंड पीसीएस परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। प्रेस वार्ता में कमल राणा भी मौजूद रहे। चयनित अभ्यर्थियों में नैना अग्रवाल (स्टेट टैक्स ऑफिसर), सुनील सिंह राणा (स्टेट टैक्स ऑफिसर), अरुणिम रावत (डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट), रविन्स (डिप्टी एजुकेशन ऑफिसर), साहिल कुमार रजक (स्टेट टैक्स ऑफिसर), रूबी नेगी (डिप्टी एजुकेशन ऑफिसर), अपूर्वा थपलियाल (फाइनेंस ऑफिसर), आलोक भट्ट (डिप्टी एजुकेशन ऑफिसर), नीशू सैनी (डिप्टी एजुकेशन ऑफिसर), अमित चंद्र द्विवेदी (डिप्टी कलेक्टर), विनय कुमार आर्य (परिवहन विभाग), रीना कुमारी (स्टेट टैक्स ऑफिसर), आस्था अग्रवाल (स्टेट टैक्स ऑफिसर) सहित कई अन्य सफल अभ्यर्थी शामिल हैं।




■ हमारे विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम: ममगाईं

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:** एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0 (उत्तराखण्ड सरकार का प्रतिष्ठान)**
74/1 राजपुर रोड़, देहरादून।
CINU31101UR1976SGC004259 GST: 05AACCG6021E2Z6
E-Mail: marketing.gmvnitd@gmail.com, Ph: 0135-2746817,2749308

पत्रांक सं0 192/6-एम0-एल0पी0जी0 दिनांक: 03.06.2026

**E-TENDER NOTICE**

GMVN Invites Short Term Tenders for Selection of Transport Agency for Transportation of Gas Cylinder in Various 34 Gas Agencies of GMVN for the period of One year.

Tender details are available at www.uktenders.gov.in and www.gmvnonline.com Last date of submission of Bid is 19-06-2026 up to 15:00 Hrs. Further updates will be available only on these websites therefore interested parties are advised to visit these websites regularly.

**Managing Director**

**यूजेवीएन लिमिटेड**
UJVNL
मुख्यालय : "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

RO No. 473 **निविदा सूचना** Dated : 03/06/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), रामगंगा जल विद्युत गृह, कालागढ़ (पौड़ी-गढ़वाल) इच्छुक निविदा दाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-

नि0सं0-04/अधि0अभि0(उत्पादन)/केएलजी/2026-27, 05/अधि0अभि0(उत्पादन)/केएलजी/2026-27, 06/अधि0अभि0(उत्पादन)/केएलजी/2026-27 एवं 07/अधि0अभि0(उत्पादन)/केएलजी/2026-27

कार्य/आपूर्ति का नामः 1-मशीन संख्या 1 व 2 के 66 मेगावाट जनरेटर, मेन एक्साइटर, पीएमजी एवं 11 केवी बस डक्ट की मरम्मत, सफाई एवं पेंटिंग का कार्य।
2-यूनिट नं0 1 एवं 2 के रोटर में एल0टी0 केबल एवं सी0सी0एल0 की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य।
3- ट्रांसफार्मरों के प्रारम्भिक दोष पूर्वानुमान और रखरखाव कार्य के लिए विस्तृत मूल्यांकन, परीक्षा और इंजीनियरिंग विश्लेषण मरम्मत का कार्य।
4-विभिन्न रिले की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य।

अनुमानित लागत : 1- रू0 17,04,000.00(जीएसटी अतिरिक्त), 2- रू0 19,90,000.00 (जीएसटी अतिरिक्त), 3- रू0 12,12,000.00(जीएसटी अतिरिक्त) एवं 4- रू0 06,07,010.00 (जीएसटी अतिरिक्त)

वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 04.06.2026
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 25.06.2026,16.00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (उत्पा0)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची बिजली विभाग की टीम, लोगों से हुई तीखी नोकझोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर में पुराने बिजली मीटरों को बदलकर नए स्मार्ट मीटर लगाने गई ऊर्जा निगम की टीमों को बुधवार को सब्जी मंडी और शिवलोक कॉलोनी में पीछे हटना पड़ा। स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और पार्षदों ने स्मार्ट मीटर लगाने का कड़ा विरोध किया, जिसके कारण मौके पर जमकर हंगामा और बहस हुई। बढ़ते विरोध को देखते हुए ऊर्जा निगम ने अब सख्ती से मीटर लगाने की तैयारी कर ली है और इसके लिए पुलिस को चिट्ठी लिखकर सुरक्षा बल की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, सराय रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी में एसडीओ (प्रथम) शिल्पी सैनी के नेतृत्व में जेई अक्षय चौहान सहित ऊर्जा विभाग की टीम स्मार्ट मीटर स्थापित करने पहुंची थी। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही मंडी के आढ़ती और व्यापारी एकजुट होकर मौके पर पहुंच गए और स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया का विरोध शुरू कर दिया। व्यापारियों का कहना था कि स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के बीच कई तरह की आशंकाएं बनी हुई हैं। उनका आरोप था कि विभाग बिना पर्याप्त जानकारी और सहमति के मीटर बदलने का प्रयास कर रहा है। विरोध के दौरान व्यापारियों और विभागीय अधिकारियों के बीच काफी देर तक बहस होती रही।



इस बीच कांग्रेस नेता वरुण बालियान भी मौके पर पहुंच गए और विभागीय अधिकारियों से स्मार्ट मीटर योजना को लेकर सवाल-जवाब किए। उन्होंने व्यापारियों की आपत्तियों का समर्थन करते हुए विभाग से पहले लोगों की शंकाओं का समाधान करने की मांग की। मौके पर कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। विरोध बढ़ता देख ऊर्जा विभाग की टीम ने फिलहाल स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई रोक दी और बिना कार्य पूरा किए वापस लौट गई। मंडी क्षेत्र में हुए इस घटनाक्रम ने एक बार फिर स्मार्ट मीटर परियोजना को लेकर उपभोक्ताओं के असंतोष को उजागर कर दिया है।

उधर, शिवलोक कॉलोनी में पार्षद निशा नौडियाल और स्थानीय लोगों के कड़े रुख के आगे एसडीओ अजय कुमार की टीम को झुकना पड़ा और टीम वहां एक भी मीटर नहीं लगा सकी। पार्षद ने कहा कि जनता का मानना है कि स्मार्ट मीटर से बिजली का बिल बहुत ज्यादा आता है, इसलिए बिना जनता की सहमति के ये मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे

# विदेशी पर्यटकों समेत 32 यात्रियों को लेकर जा रही बस में अचानक लगी आग

**क्षेत्र में मौके पर मची अफरा तफरी, कोई जनहानि नही**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** देर रात महालक्ष्मी फिलिप्स वॉल्वो बस हरिद्वार से जयपुर जा रही थी। जैसे ही बस हाईवे स्थित क्रिस्टल वर्ड के पास पहुंची तो अचानक से बस में धुआं उठने लगा, जिसके बाद कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। बस में सवार पर्यटकों में विदेशी नागरिक भी शामिल थे, जो इस हादसे से घबरा गए। कई यात्री अपनी जान बचाने के लिए चीख-पुकार करने लगे। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही शांतरशाह चौकी प्रभारी उमेश कुमार लोधी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालात की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बस के अंदर प्रवेश किया और एक-एक कर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उनकी तत्परता और बहादुरी के चलते बस में सवार सभी 32 यात्रियों की जान बच गई। साथ ही पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। गमिनियत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। सुरक्षित बाहर निकाले गए पर्यटकों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक करम सिंह चौहान, का. शाह आलम, पीआरडी अभिषेक आदि मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबर

### होम स्टे किराये के नाम पर 70 हजार की ठगी, मुकदमा

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ में कार्यरत एक योगाचार्य से होम स्टे किराये पर दिलाने के नाम पर 70 हजार लेने और बाद में रकम वापस मांगने पर धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुपौल (बिहार) निवासी राजीव कुमार रंजन ने पुलिस को बताया कि हरिद्वार में आवास की तलाश के दौरान उनकी मुलाकात बेलड़ा निवासी सोनू पाल से हुई थी। आरोप है कि सोनू ने शांतारशाह क्षेत्र में अपनी मां के नाम पर बने होम स्टे को किराये पर देने का प्रस्ताव रखा और जनवरी 2025 में निजी आवश्यकता बताकर 70 हजार रुपये उधार मांग लिए। उसने रकम को किराये में समायोजित करने का भरोसा दिया, जिस पर विश्वास कर राजीव ने ऑनलाइन भुगतान कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि बाद में होम स्टे का कब्जा देने से इनकार कर दिया गया और रुपये वापस मांगने पर टालमटोल की गई। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी गई। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को गलत इशारे करने और परेशान करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। कनखल कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि एक नाबालिग लड़की के परिजनों ने थाने में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक (पुत्र रविदत्त, हाल निवासी आनंद मौनी बाबा आश्रम, भीमगोडा बैराज) के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने जांच शुरू की और बुधवार को आरोपी अभिषेक को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक भावना पंवार, कांस्टेबल जितेन्द्र राणा और कांस्टेबल बिशन चौहान शामिल रहे।

### पारिवारिक विवाद में दामाद, उसकी गर्भवतनी पत्नी व साले पर किया हमला

**पथरी।** थाना क्षेत्र के धनपुरा गांव में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि विवाद के दौरान एक पक्ष ने दामाद, उसकी गर्भवती पत्नी और साले पर हमला कर दिया। मारपीट में तीनों घायल हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जियापोता निवासी पंकज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 20 मई को अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अपनी ससुराल धनपुरा गया था। उसी दौरान उसकी सास का इलाज देहरादून के जौलीग्रांट अस्पताल में चल रहा था। आरोप है कि उसके साले विशाल और उसकी पत्नी खुशी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। 21 मई की रात भोजन बनाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर खुशी ने अपने रिश्तेदारों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि वहां पहुंचे लोगों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि एक महिला ने विशाल की गर्दन, हाथ और पीठ पर चाकू से वार किया। वहीं पंकज की पत्नी, जो आठ माह की गर्भवती है, को बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया गया और उसके पेट व कमर पर लात-घूंसों से हमला किया गया। पंकज ने आरोप लगाया कि उसके सिर पर लोहे की रॉड से भी वार किया गया। मारपीट में घायल सभी लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# नशीले कैप्सूल के साथ एक गिरफ्तार कर भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिडकुल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 101 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में कथित मेडिकल स्टोर संचालक की भूमिका भी सामने आने पर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। वही, आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसको कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सिडकुल पुलिस को मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ब्रह्मपुरी रावली महदूद स्थित महादेव मेडिकल स्टोर से अवैध रूप से नशीले कैप्सूल बेचे जा रहे हैं। सूचना पर एसओ सिडकुल अजय शाह व एसएसआई विकास रावत के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और सागर नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 101 नशीले कैप्सूल (स्पास्मो ट्रामाडोल) बरामद हुए। पूछताछ में मेडिकल स्टोर संचालक की संलिप्तता की आशंका भी सामने आई है। पुलिस के पहुंचने से पहले वह मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। एसओ अजय शाह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सागर (20 वर्ष) पुत्र शिवकुमार, मूल निवासी ग्राम बरसी, थाना तितरो, जनपद सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) तथा वर्तमान निवासी ब्रह्मपुरी रावली महदूद, थाना सिडकुल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# चोरी की 4 बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार, आरोपी पर पहले से दर्ज हैं 21 मुकदमे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन प्रहारश के तहत वाहन चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की 4 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पकड़ा गया आरोपी बेहद शातिर किस्म का अपराधी है, जिस पर पहले से ही चोरी के 21 मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। रानीपुर कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भण्डारी ने बताया कि पुलिस को अलग-अलग तारीखों में ऑनलाइन ई-एफआईआर के जरिए मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायतें मिली थीं। जमालपुर खुर्द निवासी राहुल ने शिकायत दी थी कि 26 मई को सूर्यांश पैकेजिंग फैक्ट्री के पास से उनकी स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गई है। इसके अलावा सिडकुल निवासी आकाश और ज्वालापुर निवासी कामरान ने भी शिकायत दर्ज कराई थी कि स्वर्ण जयंती पार्क के गेट से उनकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें चोरी हो गई हैं। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस टीम ने घटना वाली जगहों के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज और मुखबिर की मदद से पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई। 2 जून की रात को चेकिंग के दौरान औद्योगिक क्षेत्र चौराहे से पुलिस ने एक संदिग्ध को दबोच लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपी के पास से और उसकी निशानदेही पर चोरी की गई चारों स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें बरामद करी है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विकास कुमार निवासी ग्राम झबरपुर, पुरकाजी, मुजफ्फरनगर, यूपी, हाल निवासी- रावली महदूद) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने एक मोटरसाइकिल पतंजलि थाना बहादराबाद क्षेत्र से भी चुराई थी, जिसके संबंध में बहादराबाद थाने में पहले से ही मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धाराओं में बढ़ोतरी कर उसे जेल भेज दिया है। रानीपुर कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी, सुबोध घिल्डियाल अतिरिक्त उपनिरीक्षक, कां. विवेक गुसांई, का. वीर सिंह, कां. मंजीत राणा, कां. प्रेम सिंह शामिल रहे हैं।



# गुरुकुल कांगड़ी में मनोविज्ञान विभाग का विदाई समारोह भावुक पलों का बना साक्षी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा परास्नातक (पीजी) पास-आउट छात्रों के लिए आयोजित विदाई समारोह यादगार और भावनात्मक माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गुरु-शिष्य संबंधों की आत्मीयता, बीते दो वर्षों की स्मृतियां और भविष्य की शुभकामनाएं एक साथ देखने को मिलीं। मनोविज्ञान विभाग के सभागार में आयोजित समारोह के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए। पढ़ाई के दो वर्षों में बने संबंधों और यादों को याद करते हुए कई क्षण भावुकता से भर उठे। छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया, वहीं गुरुजनों ने उन्हें जीवन में सफलता और उत्कृष्ट भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार ने अपने संबोधन में छात्रों के अनुशासन, समर्पण और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ अर्जित संस्कार और अनुभव जीवनभर मार्गदर्शन करते रहेंगे। डॉ. दीपक कुमार ने छात्रों को करियर संबंधी मार्गदर्शन देते हुए बताया कि मनोविज्ञान में परास्नातक करने के बाद समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ जाती हैं। वहीं डॉ. मनोज कुमार चौहान ने मनोविज्ञान के मूल उद्देश्य और उसके व्यावहारिक उपयोगों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को भावभीनी विदाई दी। डॉ. नवीन पंत ने वर्तमान समय में मनोविज्ञान की बढ़ती उपयोगिता और प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए छात्रों को भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. अभिषेक भारद्वाज भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को करियर और व्यक्तित्व विकास से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर विभाग के डॉ. विक्रम सिंह सहित पीएचडी स्कॉलर और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मलखीत सिंह ने किया। समारोह का समापन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**एनयूजे (आई) उत्तराखंड हरिद्वार इकाई में संगठनात्मक फेरबदल**

# नरेश गुप्ता आजीवन निष्कासित, विकास झा बने कार्यवाहक अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) उत्तराखंड इकाई में बड़ा संगठनात्मक निर्णय लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पांडे द्वारा जारी आदेश के अनुसार हरिद्वार जिला अध्यक्ष नरेश गुप्ता को संगठन विरोधी गतिविधियों एवं संदिग्ध कार्यकलापों के आरोपों के चलते संगठन की प्राथमिक सदस्यता से आजीवन निष्कासित कर दिया गया है। एनयूजे आई उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पाण्डेय ने कहा कि संगठन की गरिमा, अनुशासन एवं एकता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की संगठन विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संगठन की गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से विकास झा को हरिद्वार जिले का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्हें आगामी आदेश तक जिले में संगठन की जिम्मेदारियां संभालने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पांडे ने कहा कि संगठन पत्रकारों के हितों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।



उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता या संगठन की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी कृत्य के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से संगठन के नियमों और सिद्धांतों का पालन करते हुए एकजुटता बनाए रखने की अपील की है।

# फिल्म कृष्णावतारम पार्ट 1-द हार्ट की टीम ने लिया संतों से आशीर्वाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** फिल्म कृष्णावतारम पार्ट 1-द हार्ट की टीम ने हरिद्वार और ऋषिकेश पहुंचकर देश के प्रतिष्ठित संतों और आध्यात्मिक गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। फिल्म के मुख्य अभिनेता देहरादून निवासी सिद्धार्थ गुप्ता, फिल्म में सत्यभामा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री संस्कृति जयाना और निर्माता साजन राज कुरूप के साथ फिल्म की टीम हरिद्वार पहुंची और योग गुरु बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, जूना अखाड़ के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी तथा परमार्थ आश्रम ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी संतों ने फिल्म की सफलता की कामना करते हुए भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करने के प्रयास की सराहना की। देहरादून में जन्मे और पले-बढ़े सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा कि यहां आकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। उत्तराखंड मेरी जन्मभूमि है और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा हमेशा मुझे अपनी ओर आकर्षित करती है। सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि हरिद्वार में गंगा स्नान और गंगा आरती में भाग लेना बेहद सुखद और यादगार रहा। टीम ने हरिद्वार और ऋषिकेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन भी किए और फिल्म की सफलता के लिए प्रार्थना की। निर्माता साजन राज कुरुप ने बताया कि कृष्णावतारम पार्ट-1 द हार्ट जैसी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित फिल्म के लिए संतों का आशीर्वाद अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने दर्शकों द्वारा फिल्म को मिल रहे प्रेम और समर्थन के लिए भी आभार व्यक्त किया।



# गैस सिलेंडर में रिसाव से घर में लगी आग, हजारों का माल जलकर राख

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र के गांव अहमदपुर ग्रंट में बुधवार को दूध पकाते समय गैस सिलेंडर में रिसाव होने से घर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर घर का सारा सामान समेत हजारों रुपये का माल जलकर राख हो गया, जबकि महिला ने अपने बच्चे को आग से बचा लिया। जानकारी के मुताबिक, बहादराबाद क्षेत्र के गांव अहमदपुर ग्रंट में रामकुमार मकान में किराये पर रह रहे हैं। वह एवं उनकी पत्नी सिलाई का कार्य करती है। बुधवार को वह घर से बाहर जा रहे थे तभी उनकी पत्नी दूध उबालने की तैयारी कर रही थी। महिला ने गैस चूल्हे जलाने के किये रेगुलेटर खोलकर माचिस की तिल्ली जलाई। इस दौरान सिलिंडर लीकेज से गैस ने आग पकड़ ली। इससे आग भड़क गई। आग देखकर महिला घबरा गई। उसने अपने बच्चे को कमरे से बाहर निकाला। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां आ गए। उन्होंने आग को बुझाने की कोशिश की,लेकिन कुछ ही देर में आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आकर उनके पति का हाथ और सभी सिलाई के कपड़े समेत पचास हजार का माल जलकर राख हो गया।



# युवा मोर्चा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत, मदन कौशिक ने किया मार्गदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के सप्तऋषि मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। मदन कौशिक ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है, जिसकी वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा के पदाधिकारी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और समर्पण संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेगा। उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों से संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का आह्वान करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर बल दिया। समारोह में युवा कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए राष्ट्रहित और जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिनव चौहान, मंडल अध्यक्ष करन वर्मा, हिमांशु वर्मा, आलोक पांडेय, ईशांत उपाध्याय, अनिल वशिष्ठ, दीपांशु विद्यार्थी, भोला शर्मा, प्रशांत घाघट, शिवम ठाकुर, राघव चौहान, संदीप भट्ट सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



# भाकियू जनशक्ति का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अलकनंदा मैदान पर आयोजित भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के राष्ट्रीय अधिवेशन में खेती किसानी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए सरकार से किसानों की समस्याएं दूर करने की मांग की गयी। इस दौरान संगठन में पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गयी। अधिवेशन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि खेती और किसान दोनों संकट का सामना कर रहे हैं। सरकार को किसानों की समस्याएं दूर करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान आयोग का गठन किया जाए। आयोग में किसान संगठनों को प्रतिनिधित्व दिया जाए। किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 20 हजार वार्षिक किया जाए। किसानों को दो लाख तक का ब्याज मुक्त क्रेडिट कार्ड जारी किया जाए। स्वामी नाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करते हुए सभी फसलों को एमएसपी की गारंटी के दायरे में लाया जाए। इस दौरान राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव सुशील सिंह चौहान, राष्ट्रीय संगठन मंत्री डा. नरपाल सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीके सिंह, कृष्ण कुमार शुक्ला, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप चौहान, राष्ट्रीय सलाहकार तिलकराज वर्मा, राष्ट्रीय महासचिव विनेश तिवारी, अमित वैष्णव, सुधीर चौधरी, विपुल चौधरी, कविता राणा, गुरदीप कौर, विजय गोयल, अवनीश सिंह, अनिल कन्नौजिया, आशीष सिंह, जोगेंद्र चौधरी, वीर बहादुर सिंह, अबरार, प्रवीण तोमर, नागेंद्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार, वीरेंद्र गिल, धीरेंद्र परिहार, मुकेश गौतम, सचिन चौधरी, आद्या प्रसाद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।

# युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन कर मांगा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र चौहान का इस्तीफा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नीट पेपर लीक और सीबीएसई घोटाले को लेकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। बहादराबाद स्थित पृथ्वीराज चौहान चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्य चौहान ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। बार-बार पेपर लीक से बच्चों और उनके अभिभावकों को आर्थिक, मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी में बच्चों के साथ पूरा परिवार भी शामिल होता है। ऐसे में पेपर लीक से परिवार पर क्या बीतती होगी। इसका अंदाजा भाजपा सरकार को नहीं है। नीट के बाद सीबीएसई में भी घोटाला यह दर्शाता है कि भाजपा सरकार देश को चलाने में नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। लेकिन भाजपा उनसे इस्तीफा लेने की जगह उनको बचा रही है। यह देश के साथ धोखा है। युवा कांग्रेस बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर मोमिन, हर्ष चौहान, कुलदीप, पीयूष चौहान, सादाब, आनंद शर्मा, करीम हसन, अमजद, मोहित, विक्रम, अकरम, जमशेद, अमित, आशीष आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।



**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैंने अपनी पुत्रवधु शबनम व पुत्र अब्दुल खालिक को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। मौहम्मद इकबाल पुत्र मौहम्मद यामीन, निवासी ग्राम मुकरपुर, थाना लक्सर, जिला हरिद्वार।

**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक शाखा**
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, हरिद्वार**
ई-मेलः eeyantrik.hw@gmail.com

पत्रांक- 931/निविदा/23 दिनांक- 02.06.2026

**//निविदा तिथि विस्तार सूचना//**

इस कार्यालय के पत्रांक संख्या 851/निविदा/18 दिनांक 15.05.2026 द्वारा दिनांक 01.06.2026 को निविदा आमंत्रित की गयी थी, उक्त तिथि तक कोई भी निविदा प्राप्त न होने के कारण उक्त निविदा दिनांक 08.06.2026 को 03:00 बजे अपराहन तक पुनः आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 08.06.2026 को पूर्व निर्धारित स्थान एवं समय पर खोली जायेंगी।

शेष नियम एवं शर्ते पूर्ववत रहेंगी। अधिशासी अभियन्ता

**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक शाखा**
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, हरिद्वार**
ई-मेलः eeyantrik.hw@gmail.com

पत्रांक- 932/निविदा/24 दिनांक- 02.06.2026

**//निविदा तिथि विस्तार सूचना//**

इस कार्यालय के पत्रांक संख्या 871/निविदा/20 दिनांक 21.05.2026 द्वारा दिनांक 01.06.2026 को निविदा आमंत्रित की गयी थी, उक्त तिथि तक कोई भी निविदा प्राप्त न होने के कारण उक्त निविदा दिनांक 08.06.2026 को 03:00 बजे अपराहन तक पुनः आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 08.06.2026 को पूर्व निर्धारित स्थान एवं समय पर खोली जायेंगी।

शेष नियम एवं शर्ते पूर्ववत रहेंगी। अधिशासी अभियन्ता

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# चीन सीमा पर पैतृक गांव पहुंचे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** भारत-चीन सीमा से अपने पैतृक गांवों को 1962 के युद्ध के दौरान विस्थापित किए गए भोटिया और जाड़ समुदाय के लोग आज भी अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं। दशकों बाद भी परंपरा का निर्वहन करते हुए समुदाय के ग्रामीण प्रशासन की अनुमति लेकर सीमा क्षेत्र स्थित नेला और जादूंग गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पारंपरिक रांसो-तांदी नृत्य कर अपने आराध्य लाल देवता की पूजा-अर्चना कर प्रसन्न करते हैं।

जनपद के बगोरी और डुंडा के भोटिया व जाड़ समुदाय के ग्रामीणों मंगलवार को प्रशासन से अनुमति लेकर अपने पैतृक गांव नेलांग और जादूंग पहुंचे। वहां पर महिलाओं व पुरुषों ने पांडव चौक जादूंग व



■ रांसो-तांदी नृत्य कर किया लाल देवता को प्रसन्न

भारत चीन युद्ध के समय हटाए गए थे ग्रामीण

रिंगाली देवी चौक जादूंग में रांसो-तांदी नृत्य प्रस्तुत कर अपने आराध्य देव को प्रसन्न किया। बता दें कि जब 1962 में जब भारत चीन जंग शुरू हुई थी तब जादूंग, नेलांग व कारछा गांव से वहां के भोटिया व जाड़ समुदाय के ग्रामीणों को हटाया गया था। तब ये ग्रामीण बगोरी, डुंडा व हर्षिल आ गए थे। लेकिन इस घाटी के संरक्षक देवता, श्लाल देवताश ने घाटी छोड़ने से इनकार कर दिया था। इसलिए आज भी समय-समय पर शरिंगाली देवीश और शसोमेश्वर देवताश की डोलियां जादूंग जाकर लाल देवता से मिलने जाती हैं। पूजा अर्चना करने के लिए लेनी पड़ती है अनुमति गामीणों का कहना है कि सीमांत गांवों को पर्यटन के रूप में विकसित करने और ग्रामीणों के विस्थापन के लिए ग्रामीण आज भी केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। ग्रामीणों को प्रतिवर्ष अपने अपने पैतृक गांव में अपने अराध्यदेव की पूजा अर्चना करने के लिए जिला प्रशासन की अनुमति लेकर आना पड़ता है।

## राज्य आंदोलनकारी कोटियाल के निधन पर जताया शोक

**श्रीनगर।** बार एसोसिएशन श्रीनगर ने उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी विमला कोटियाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बार एसोसिएशन के संरक्षक अनूप श्री पांथरी ने कहा कि विमला कोटियाल का संघर्षमय जीवन और राज्य आंदोलन में उनका योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कहा कि उत्तराखंड के हक-हकूक की लड़ाई में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन सिंह भंडारी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि विमला कोटियाल ने उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई थी। शोक व्यक्त करने वालों में अध्यक्ष प्रमेश चंद्र जोशी, कृष्णानंद मैठाणी, दीपक भंडारी, महेंद्र पाल सिंह रावत, भूपेंद्र पुंडीर, सुबोध भट्ट, प्रदीप मैठाणी मौजूद रहे।

# आरएसएस का मकसद राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाना: सुनील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने कहा कि संघ का ध्येय राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाना है। प्रचार प्रमुख सुनील ने कहा कि संघ का लक्ष्य हर गांव की हर बस्ती में दैनिक शाखा लगाकर लोगों के मन में राष्ट्र प्रथम की भावना पैदा करना है।

इसके लिए शताब्दी वर्ष में संघ देश के हर परिवार तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए पंच परिवर्तन के सिद्धांत पर जोर दिया जा रहा है। अंबेकर ने कहा कि संघ एक सामा. जिक सांस्कृतिक संगठन है, जो देश



■ समाज को जागरूक होने पर दिया बल, पंच परिवर्तन के सिद्धांत पर दिया जा रहा जोर

हित और समाज हित को सर्वोपरि मानता है। उन्होंने यह भी कहा कि लव जिहाद पर समाज को जागरूक होना जरूरी है। प्रेसवार्ता में सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर, जिला कार्यवाह संदीप, सह विभाग प्रचारक सौरभ, वर्ग पालक रविंद्र चौहान, देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

## सभी बच्चों की आभा और अपार आईडी बनाए जाने के निर्देश

■ मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यार्थियों की ट्रैकिंग एवं मैपिंग के सम्बन्ध में की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यार्थियों की ट्रैकिंग एवं मैपिंग आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने प्रदेश के विद्यार्थियों की जन्म से लेकर शैक्षणिक और स्वास्थ्य सहित सम्पूर्ण गतिविधियों के ट्रैकिंग और मैपिंग किए जाने के लिए शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग को ट्रैकिंग और मैपिंग के लिए एक सिंगल प्लेटफार्म तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी बच्चों की आभा और अपार आईडी बनाए जाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि आभा आईडी और अपार आईडी के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य की ट्रैकिंग की जा रही है, इन दोनों प्लेटफार्म को और अधिक अपग्रेड करते हुए ऐसा मैकेनिज्म तैयार किया जाए ताकि बच्चे के जन्म से लेकर टीकाकरण, आंगनवाड़ी में प्रवेश उसके बाद विद्यालय में प्रवेश सहित शैक्षिक उपलब्धियों का डाटा उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि जन्म के बाद टीकाकरण, आंगनवाड़ी और स्कूल में एडमिशन से लेकर स्कूल पासआउट तक का डाटा संकलित रहे।

# जौनसार बावर में महिला सशक्तिकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** क्षेत्र चकराता की महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण को लेकर आज भाजयुमो के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी देहरादून को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया।

जिसमे संजय तोमर प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजयुमो ने कहा गया कि जौनसार-बावर क्षेत्र की महिलाएं कृषि, पशुपालन, परिवार एवं सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, लेकिन आज भी अनेक महिलाएं स्वरोजगार, कौशल विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं, डिजिटल



■ अनेक महिलाएं स्वरोजगार, कौशल विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं आदि के अवसरों से हैं वंचित: संजय

शिक्षा एवं विपणन के पर्याप्त अवसरों से वंचित हैं। ज्ञापन के माध्यम से संजय तोमर ने प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर महिला कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने, स्वयं सहायता समूहों को विशेष सहायता प्रदान करने, महिलाओं एवं किशोरियों के लिए स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित करने तथा युवतियों हेतु कंप्यूटर एवं डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री हेतु स्थायी "महिला हाट (वूमेन मार्केट) स्थापित करने तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहों को जिला स्तर पर सम्मानित करने का भी अनुरोध किया।

ज्ञापन में जनहित में शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही की अपेक्षा व्यक्त की गई। इस अवसर पर संजय तोमर प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजयुमो, विपिन चौहान, मातवर चौहान, पप्पू जोशी, संजय जोशी, रघुवीर आदि लोग उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची होगी और अधिक सटीक 8 जून से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

■ विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर डीएम ने राजनीतिक दलों संग की बैठक, सहयोग का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनी. तिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष और सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत बूथ लेवल अधिकारी 8 जून से 7 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे तथा गणना प्रपत्र भरेंगे। उन्होंने राजनीतिक दलों से अभियान को सफल बनाने के लिए अपने कार्यकर्ताओं और बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से आम जनता को जागरूक करने तथा बीएलओ को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की अपील की। बैठक में बताया गया कि 29 मई से 7 जून तक प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग कार्य संपन्न किया जाएगा। 7 जुलाई तक मतदान केंद्रों का युक्तिकरण किया जाएगा, जबकि मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 14 जुलाई को होगा। इसके बाद 14 जुलाई से 13 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा 11 सितंबर तक उनका निस्तारण किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 15 सितंबर 2026 को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि एन्यूमरेशन चरण के दौरान मतदाताओं से किसी प्रकार के दस्तावेज एकत्र नहीं किए जाएंगे। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या किसी कारणवश हट गया है, तो वह प्रारूप-6 एवं घोषणा पत्र के माध्यम से अपना नाम पुन: शामिल करा सकता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में शामिल करना तथा मृत, स्थानांतरित, अपात्र और डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाकर सूची को अधिक विश्वसनीय बनाना है। बैठक में भाजपा के मनोज सिंह, कांग्रेस के दिनेश गौड़, प्रदीप सिंह एवं सुधीश पंवार, बसपा के बुद्धिलाल, आम आदमी पार्टी के दीपक चंद रमोला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश मोहन राणा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# उत्तर-पश्चिमी हिमालय में फल मक्खी की दो नई प्रजातियों की खोज

■ गढवाल विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने हासिल की बडी उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर, संवाददाता।** हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग की फलमक्खी प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों ने उत्तर-पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में ड्रोसोफिला (फल मक्खी) की दो नई प्रजातियों की खोज कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

इसके साथ ही तीन अन्य प्रजातियों का उत्तराखण्ड से पहली बार अभिलेखन भी किया गया है। यह शोध अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका इकोलॉजिका मोंटेनेग्रिना में प्रका. शित हुआ है। शोध का शीर्षक "जैव-विविधता की खोजरू उत्तर-पश्चिमी हिमालय, भारत में ड्रोसोफिला की दो नई प्रजातियों का वर्णन एवं तीन नई अभिलेखित प्रजातियों का विवरण है। नई खोजी गई प्रजातियों का नाम ड्रोसोफिला सिमलीएन्सिस और ड्रोसोफिला मंदाकिनी रखा गया है। इनमें सिमलीएन्सिस का नाम चमोली जनपद के सिमली क्षेत्र पर तथा मंदाकिनी का नाम उत्तराखण्ड की पवित्र मंदाकिनी नदी के नाम पर रखा गया है। अध्ययन के दौरान ड्रोसोफिला जिटोवेन्सिस, ड्रोसोफिला पाईलोसा तथा ड्रोसोफिला बुजाटी प्रजातियों को भी उत्तराखण्ड से पहली बार दर्ज किया गया। शोध दल के अनुसार हिमालय विश्व के प्रमुख जैव-विविधता हॉटस्पॉट्स में शामिल है, जहां की विविध भौगोलिक और पारिस्थितिक परिस्थितियां अनेक जीवों के लिए उपयुक्त आवास प्रदान करती हैं। इस खोज से संकेत मिलता है कि हिमालयी क्षेत्र में अभी भी अनेक प्रजातियां वैज्ञानिक अध्ययन की प्रतीक्षा में हैं। इस शोध के लिए वैज्ञानिकों ने उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के घने वन क्षेत्रों से नमूने एकत्र किए। प्रजातियों की पहचान सूक्ष्म आकृतिकीय अध्ययन और जननांग संरचना के विश्लेषण के आधार पर की गई। प्रो. राजेन्द्र सिंह फर्त्याल ने बताया कि यह उपलब्धि हिमालयी जैव-विविधता संरक्षण की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप इस क्षेत्र की जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन रहे हैं। इस शोध में डॉ. प्रदीप चन्द्र सती, डॉ. मोहम्मद जहीर खान, डॉ. किशोर कुमार, डॉ. मनीषा सारस्वत और संजय बिष्ट सहित कई शोधकर्ताओं ने योगदान दिया। शोध दल के अनुसार अब तक भारत में 336 फल मक्खी प्रजातियों को सूचीबद्ध किया जा चुका है, जबकि 21 नई प्रजातियों और 2 नए अभिलेखों पर अध्ययन जारी है। प्रो. फर्त्याल ने विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह का आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु आभार व्यक्त किया और इस उपलब्धि को टीम प्रयास का परिणाम बताया।

# पत्नी को यातनाएं देने के मामले में जांच शुरू

■ खाने को दिया प्याज-मिर्च, फौजी पिता ने बेटी को ससुराल के नर्क से बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** एक केस जो रूह कंपा देने वाला है देहरादून के सेलाकुई क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक विवाहिता को 10 महीनों से हर रोज मौत से भी बदतर सजा दी जा रही थी। इस विवाहिता महिला के साथ उसके ससुरालवालों ने जो जुर्म किए है वह रूंह कंपा देने वाले हैं। यह मामला सेलाकुई क्षेत्र का है, जहां एक विवाहित महिला को उसके ही ससुराल वालों ने पिछले 10 महीनों से टॉयलेट में बंधक बनाकर रखा हुआ था, मामला तब प्रकाश में आया जब पीड़िता का पिता अपने बेटी के घर 26 मई को पहुंचा। पीड़िता के पिता, जो सेना के सेवानिवृत्त हवलदार हैं, उन्होंने किसी तरह अपनी बेटी को इस नर्क से छुड़ाया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, पीड़िता के पिता का आरोप है कि उनकी बेटी ने पिछले साल फरवरी में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया, जिसके तुरंत बाद ही उस पर अत्याचार शुरू हो गए थे। नवजात बच्चों से अलग कर, उसे टॉयलेट में बंद कर दिया जाता था और खाने में सिर्फ प्याज, मिर्च और चावल दिए जाते थे। बेरहमी से की गई मारपीट के कारण महिला के सिर के बाल तक उखड़ चुके हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि दिल्ली के केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक पद पर तैनात महिला के पति पर भी इस हैवानियत में अपने परिवार के साथ शामिल होने के आरोप है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कोटद्वार के प्रतिभाशाली एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

■ स्पीकर ऋतु खण्डूडी मुख्य अतिथि के तौर पर रहीं मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र स्थित होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में आयोजित भविष्य ज्योति-2026 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के प्रतिभाशाली एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में ओलम्पियाड तथा कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान प्रदान किया गया। अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है, ऐसे में विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर परिश्रम करना चाहिए। कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि दृढ़ संकल्प, अनुशासन और मेहनत के बल पर ही जीवन में ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। कहा कि आज सम्मानित हो रहे मेधावी छात्र-छात्राएं न केवल अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। ऐसे प्रतिभाशाली युवा भविष्य में देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सपनों को बड़ा रखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

## निवेश से सम्बन्धित राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति की 65वीं बैठक आयोजित

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में सिंगल विंडो के अंतर्गत निवेश से सम्बन्धित राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति की 65वीं बैठक आयोजित हुयी। बैठक के दौरान प्रदेश में निवेश से सम्बन्धित डीजी एवं आयुक्त उद्योग द्वारा स्वीकृत नए प्रस्तावों संस्तुति प्रदान की गयी। मुख्य सचिव ने जनपद स्तर पर 143 (लैंड यूज चेंज) और 154 से सम्बन्धित विभिन्न मामलों के निस्तारण में हो रही देरी पर नारा. जगी व्यक्त की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को सिंगल विंडो से सम्बन्धित प्रकरणों में प्रोएक्टिव होकर निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सचिव विनय शंकर पाण्डेय, डॉ. वी. षणमुगम, सी. रविशंकर, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव सौरभ गहरवार आदि मौजूद रहे।

# बीकेटीसी उपाध्यक्ष के वाहन पर गिरा विशाल सूखा पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नगर क्षेत्र के न्यू बस अड्डे स्थित जन कल्याण अस्पताल के समीप बुधवार सायंकाल एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बस अड्डा में वर्षों से खड़ा एक सूखा और जर्जर विशालकाय पेड़ अचानक भरभराकर टूट गया और उसका भारी-भरकम हिस्सा सीधे श्री बद्री-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के उपाध्यक्ष विजय कपरवान के वाहन पर जा गिरा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब बस अड्डे क्षेत्र में सामान्य रूप से लोगों की आवा. जाही बनी हुई थी। अचानक तेज आवाज के साथ पेड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिरा और सीधे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। पेड़ का वजन इतना अधिक था कि



■ कुछ सेकेंड का फर्क और हो सकती थी बड़ी जनहानि, प्रशासन की लापरवाही पर उठे सवाल

वाहन का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय वाहन में कोई सवार नहीं था और आसपास भी कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा यह दुर्घटना गंभीर जनहानि का कारण बन सकती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हादसा कुछ मिनट पहले या बाद में हुआ होता तो कई लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। न्यू बस अड्डा नगर का व्यस्ततम क्षेत्र है, जहां दिनभर यात्रियों, वाहन चालकों और स्थानीय नागरिकों की आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में इस प्रकार का हादसा किसी बड़े हादसे का रूप ले सकता था। घटना की सूचना मिलते ही बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कपरवान मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने तत्काल पुलिस प्रशासन एवं जिला आपदा प्रबंधन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने पर संबंधित विभागों की टीम घटनास्थल पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन तथा पेड़ का निरीक्षण किया। बाद में पेड़ के अवशेषों को हटाने की कार्रवाई भी शुरू की गई। विशेष बात यह रही कि जिस वाहन पर पेड़ गिरा वह बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कपरवान का था। यदि उस समय वे वाहन में मौजूद होते तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी। महज कुछ सेकेंड और कुछ कदमों की दूरी ने एक संभावित बड़े हादसे को टाल दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र **अब्दुल रहमान (Abdul Rehman)** के जन्म प्रमाणपत्र में मेरा नाम **भूरा** गलती से दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही नाम **रईस (Rais)** है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र B20110100792 में मेरा सही नाम दर्ज करना न्यायोचित है।

**रईस पुत्र अब्दुल हफीस,**
प्रेम नगर मार्केट, देहरादून।

**न्यायालय श्रीमान कुटुम्ब न्यायाधीश महोदय टिहरी गढ़वाल, नई टिहरी।**
**मूल वाद सं.-39 सन-2026**
**कुशबा देवी**
**बनाम**
**वासुदेव**

**नोटिस बनाम**- वासुदेव पुत्र श्री कीर्ति सिंह पंवार निवासी ग्राम-कोट पट्टी गोनगढ़ तहसील बालगंगा, जिला टिहरी गढ़वाल।

यह कि इस न्यायालय में याची पिटिशनर कुशबा देवी द्वारा तलाक याचिका अन्तर्गत धारा-25 उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता 2024 के तहत आप विपक्षी/ रेस्पोडेन्ट (वासुदेव पुत्र श्री कीर्ति सिंह पंवार) के विरूद्ध प्रस्तुत किया है, उक्त वाद के सम्बन्ध में नियत दिनांक 06.07.2026 को आप उक्त वाद के प्रतिवाद / जवाबदावा के सम्बन्ध में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रात: 10 बजे कुटुम्ब न्यायालय में उपस्थित आयें, कुटुम्ब न्यायालय में उक्त तिथि पर आप उपस्थित नहीं होते है तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक 30 माह 05 सन--2026 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा से जारी किया गया है।

**प्रबन्धक**
**न्यायालय कुटुम्ब न्यायाधीश**
**टिहरी गढवाल**

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज महोदय टिहरी गढ़वाल।**
**दीवानी अपील सं.-22 सन् -2025**

**अपीलार्थी**- डी.के. कन्सट्रक्शनस द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरी देवेन्द्र दत्त बेलवाल उम्र-65 वर्ष एवं भीम दत्त भट्ट पता-बी-16 मॉडल हाऊस सेक्टर-3, नई टिहरी, जिला-टिहरी गढ़वाल उत्तराखण्ड, मो०-9412076048.

**बनाम**

**प्रतिवादी**-श्री श्याम सुन्दर मित्तल, निदेशक विपिन इंजीनियरिंग वर्कस् पता-प्लॉट नं. -82-83, बड़खल, गुरूग्राम, फरीदाबाद हरियाणा, मो0-9811070699, 9354624863.

आपको सूचित किया जाता है, अपीलार्थी के द्वारा उपरोक्त दीवानी अपील सिविल जज (सी.डि.) नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल द्वारा मूल वाद सं.-38/2024 डी. के. कन्सट्रक्शनस व अन्य बनाम श्याम सुन्दर मित्तल में पारित निर्णय दिनांक 24.09.2025 से व्यथित होकर इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गयी है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक-23 माह-06 सन-2026 की तिथि नियत की गयी है, यदि आप प्रतिवादी को आपीलार्थी की उक्त अपील पर कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो उक्त नियत तिथि पर असालतन या वकालतन प्रात: 10 बजे उपस्थित आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, आपके द्वारा ऐसा न किये जाने की दशा में उक्त वाद में एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

आज दिनांक-27 माह 5 सन-2026 को न्यायालय की मुद्रा एवं हस्ताक्षरों से जारी।

**आदेशानुसार**
**प्रबन्धक**
**न्यायालय अपर जिला जज**
**टिहरी, टिहरी गढ़वाल**

**न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिविजन), नई टिहरी, टिहरी गढवाल।**
**मूल वाद संख्या-27 सन-2025**

**वादीगण:**- बेताल सिंह व अन्य

**बनाम**

**प्रतिवादीगण:**-राज्य उत्तराखण्ड व अन्य

**नोटिस बनाम**- आम व खास समस्त रिस्तेदारान श्री सुल्तान सिंह पुत्र स्व० श्री घुरकू निवासी ग्राम सोनी, पोस्ट-दुआधार, पट्टी-धमांन्दस्यू, तहसील-नरेन्द्रनगर, जिला-टिहरी गढवाल।

चूँकि वादीगण द्वारा उपरोक्त वाद इस न्यायालय मे अपने मामा श्री सुल्तान सिंह पुत्र स्व० श्री घुरकू निवासी ग्राम सोनी, पोस्ट-दुआधार, पट्टी-धमांन्दस्यू तहसील-नरेन्द्रनगर, जिला-टिहरी गढवाल के अपने उपरोक्त निवास से आज से करीबन 60 वर्ष पूर्व कहीं गुमशुदा हो जाने के कारण उनकी दीवानी मृत्यु घोषित किये जाने हेतु उपरोक्त वाद इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक-16.06.2026 की तिथि नियत की गयी है। यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त व्यक्ति सुल्तान सिंह की दीवानी मृत्यु घोषित किये जाने में कोई आपत्ती हो तो उक्त तिथि को न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा उपरोक्त वाद मे एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक-29/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**प्रबन्धक**
**न्यायालय सीनियर**
**सिविल जज टिहरी गढ़वाल**

# 12 घंटे में खुला स्कूटी चोरी का राज, हर्षिल से चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** कोतवाली उत्तरकाशी पुलिस ने स्कूटी चोरी की घटना का महज 12 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई स्कूटी बरामद कर ली है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

मंगलवार को एक व्यक्ति ने कोतवाली उत्तरकाशी में अपनी स्कूटी (यूके-10ए-3874) चोरी होने की लिखित शिकायत दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर पुलिस



ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और पतारसी-सुरागरसी के जरिए महत्वपूर्ण सुराग जुटाए। जांच के दौरान पुलिस ने घटना का सफल अनावरण करते हुए आरोपी अशोक कुमार (20 वर्ष) पुत्र अनिल कुमार निवासी बड़ेथी, कोतवाली धरासू को बगोरी, हर्षिल क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी की गई स्कूटी को बेचने की फिराक में था। उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी भी बरामद कर ली गई है। मामले में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामदगी : स्कूटी संख्या यूके-10ए-3874 (नीले रंग की एंटार्क)

# आठ जून को होगा बरोरी शिव मंदिर का विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता के समीप स्थित बरोरी शिव मंदिर में पिछले दो दशकों से प्रतिवर्ष 5 जून को आयोजित होने वाला विशाल भंडारा इस वर्ष अपरिहार्य कारणों से 8 जून को आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति ने इसकी जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं से निर्धारित तिथि पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। बरोरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर में आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारे में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर समिति के सदस्य विवेक अग्रवाल ने बताया कि कुछ अपरिहार्य कारणों के चलते इस वर्ष भंडारे की तिथि में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले यह आयोजन 5 जून को होना था, लेकिन अब यह 8 जून को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से भंडारे में पहुंचकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया।

# प्रदर्शनी में दिखी बच्चों की प्रतिभा की झलक

## शेरवुड कालेज नैनीताल का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह शुरु

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित शेरवुड कालेज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह बुधवार को विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय

### मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र व सेवानिवृत मेजर जनरल हरकीरत सिंह ने की जमकर प्रशंसा

के पूर्व छात्र व पूर्व मेजर जनरल हरकीरत सिंह रहे। इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ स्केटिंग से हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने हैरत अंगेज करतब



दिखाए। तत्पश्चात तरणताल में तैराकी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने तैराकी के विविध आयामों का शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी। समारोह के तीसरे चरण में विभिन्न विषयों पर आयोजित प्रदर्शनी के जरिए देश के विकास और वर्तमान परिवेश की तस्वीरें मॉडलों के जरिए उकेरी थीं जिसमें एक तरफ देश के विज्ञान के क्षेत्र में स्वदेशी तकनीक मॉडल लगाए थे तो ग्लोबल वार्मिंग के साथ जलवायु परिवर्तन के कुप्रभावों पर अंकुश लगाने के संदेश दिए थे। अंतरिक्ष के क्षेत्र में चंद्रयान और गगनयान के मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। इनके संगीत विषय पर आधारित प्रदर्शनी में भारतीय संगीत का अतीत और भविष्य को संगीत के जरिए परामर्शन किया गया था। समारोह के तीसरे चरण में सभागार में विद्यार्थियों ने नाटकों का शानदार मंचन कर दर्शकों का भरपूर मंचन किया। मुख्य अतिथि पूर्व मेजर जनरल हरकीरत सिंह ने कार्यक्रमों की भूरी भूरी प्रशंसा कर विद्यालय के प्रति शुभकामना व्यक्त की। इस मौके पर कालेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने तीन दिनी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मशहूर अभिनेता संजय मिश्रा समेत अविनाश चंद्र, हेम पांडे, बासु साह तथा आर पी सिंह, कवि अपूर्व गौरव तथा बिक्रम शाह समेत अभिभावक मौजूद रहे।

## देश सेवा के साथ बेहतर भविष्य संवारने का द्वार है अग्निवीर योजना: मेजर जनरल हरकीरत सिंह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सेवानिवृत मेजर जनरल हरकीरत सिंह ने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के लिए देश सेवा के अलावा बेहतर भविष्य संवारने का द्वार है। कहा कि सेना में भर्ती का यह बदलाव देश और युवा दोनों के लिए हितकारी है। यह विचार उन्होंने बुधवार को नैनीताल में शेरवुड कालेज के वार्षिकोत्सव के दौरान फुर्सत के क्षणों में बातचीत के दौरान व्यक्त किए। सेनि मेजर जनरल हरकीरत ने कहा कि खाड़ी देशों में युद्ध के चलते तीसरे विश्व की कोई संभावना नहीं है।



यदि युद्ध जैसी कोई संभावना बनती भी है तो उसके लिए देश की सेना तैयार है जो किसी भी दशा में बीस ही साबित होगीं। कहा कि कारगिल और ऑपरेशन सिंदूर सेना के पराक्रम के सफल उदाहरण है जिसने सेना का मनोबल बढ़ाया है। इन दिनों खाड़ी देशों के बीच हो रहे युद्ध से तेल की कीमतों का बढ़ना स्वाभाविक है। जिसका खामियाजा भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के अनेकों देशों को उठाना पड़ रहा है। अपने विद्यालय जीवन की यादें साझा करते हुए कहा कि शेरवुड कालेज ने उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की दिशा, अनुशासन और टीम भावना का महत्व सिखाया। उन्होंने कहा कि कालेज प्रशासन और शिक्षकों से मिली सीख ने उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कहा कि विद्यालय यादों में अभिनेता कबीर वेदी के साथ नाटक में किए अभिनय की यादें अकसर याद आती हैं। यदि वह सेना में न जाते अभिनेता बनते।

## समाज को दिशा देने में रूपहले पर्दे से बढ़िया दूसरा जरिया नहीं: अभिनेता संजय मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मशहूर अभिनेता संजय मिश्रा ने कहा कि फिल्मी कहानियों



में बदलाव तो आया है लेकिन समाज को दिशा देने में रूपहले पर्दे से बढ़िया दूसरा जरिया नहीं है। बोले अब वह बॉलीवुड के साथ बंगाली फिल्मों में भी अभिनय करने लगे हैं। बता दें मशहूर अभिनेता संजय मिश्रा ने बुधवार को नैनीताल के प्रतिष्ठित शेरवुड कालेज में बातचीत के दौरान यह विचार व्यक्त किए। अभिनेता संजय मिश्रा की बेटी शेरवुड कालेज में अध्ययन कर रही हैं जिसके चलते वह बुधवार को विद्यालय वार्षिकोत्सव में पहुंचे हुए थे। उन्होंने कहा कि वह अपने वास्तविक जीवन की तरह फिल्मों में सादगी का अभिनय करते आ रहे हैं। इसी सादगी ने उन्हें बॉलीवुड में एक मुकाम तक पहुंचाया है। अब बंगाली फिल्मों में भी अभिनय कर रहे हैं। मौका मिला तो कुमाऊंनी फिल्मों में भी अभिनय करने से नहीं कतई नहीं चूकेंगे। सरोवर नगरी नैनीताल को लेकर उन्होंने कहा कि इसे नीट और रखें। इस हिल स्टेशन का सौंदर्य उन्हें यहां खींच लाता है। जिस कारण अपनी बेटी का प्रवेश शेरवुड कालेज में करवाया है। अब यहां बार बार आने का मौका मिलता रहेगा। कहा कि शेरवुड कालेज की देश विदेश में अलग पहचान है। जिसे बरकरार रखना विद्यालय प्रबंधन की बड़ी जिममेदारी है। इस अवसर पर उनके साथ पुत्री पल, अभिनेता आदिल मियां और नावेद मौजूद थीं।

### कब्र से शव निकाल दोबारा कराएं पीएम

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में काशीपुर के कटोराताल क्षेत्र में युवक की हत्या किए जाने का शक जताते हुए शव का दुबारा पोस्टमार्टम कराए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने शव को कब्र से निकालकर दुबारा से पोस्टमार्टम करके उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कोर्ट ने राजकीय मेडिकल कालेज सुशीला तिवारी के डाक्टरों का एक पैनल बनाने को कहा है जो शव का पोस्टमार्टम करेगी और अपनी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करेगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई हेतु 15 जून की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार काशीपुर कटोराताल निवासी इमरान ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि 16 मई को उनके पुत्र घर के ऊपरी छत पर मृत अवस्था मे मिला था। शव के आसपास फर्श व चादर पर खून बह रहा था। जिसके पश्चात उनके पुत्र का पोस्टमार्टम कर शव को दुना दिया गया। याचिका में मृतक के पिता इमरान का कहना है कि उनके पुत्र की हत्या की गई है कयोंकि उसके कान के नीचे चोट का निशान पाए गए थे।

### नैनीताल-कृष्णापुर सड़क निर्माण पर मांगा सरकार का रुख

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने नैनीताल से कृष्णापुर तक प्रस्तावित सड़क निर्माण मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव को जवाबी हलफनामा दाखिल कर सरकार का स्पष्ट रुख बताने के निर्देश दिए हैं। जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार ने बताया कि सड़क का कुछ हिस्सा वन भूमि से गुजरता है और भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया लंबित है। वहीं याचिकाकर्ता ने सरकार पर मामले को टालने का आरोप लगाया। अदालत ने चार सप्ताह बाद अगली सुनवाई तय की है।

## एक नजर

### जमरानी के अधिकारियों पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भीमताल ब्लॉक सभागार में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित जनसंवाद दिवस में जनप्रतिनिधियों ने जमरानी बांध परियोजना के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विश्वास में नहीं लिया जा रहा है। बैठक में सोलर लाइट वितरण, जमरानी परियोजना से प्रभावित ग्राम पंचायतों को योजना में शामिल करने तथा क्षेत्र में पेयजल संकट के मुद्दे प्रमुखता से उठे। ब्लॉक प्रमुख ने जरूरतमंद क्षेत्रों में प्राथमिकता से सोलर लाइट लगाने और खराब पेयजल पंपों को शीघ्र ठीक कर जलापूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने को भी कहा।

### सड़क किनारे खड़े युवक को बोलेरो ने मारी टक्कर

नैनीताल। नगर के नैनीताल-भवाली रोड क्षेत्र में बुधवार सुबह तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायल युवक को बीडी पांडे अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा जिले के दन्या निवासी भगवान सिंह (21) क्षेत्र स्थित एक रिजॉर्ट में कार्यरत हैं। बुधवार सुबह वह रिजॉर्ट की पानी की टंकी की जांच करने जा रहे थे। वह सड़क किनारे पहुंचे ही थे कि भवाली की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक कई फीट दूर जा गिरा। हादसा होते ही रिजॉर्ट के अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक बोलेरो चालक वाहन समेत फरार हो चुका था। कर्मचारियों ने घायल युवक को तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार और जांच के दौरान युवक के जबड़े और कान के पास दो फैक्चर होने की पुष्टि की है। हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि मामले में अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद वाहन चालक की तलाश कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### वाहनों में काली फिल्म लगाने वालों पर कार्रवाई

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन के दौरान नैनीताल में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार को तल्लीताल क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने काली फिल्म लगी कारों पर कार्रवाई करते हुए मौके पर ही शीशों से पन्नी हटवाई और वाहन चालकों के चालान किए। पुलिस ने तल्लीताल गांधी चौक क्षेत्र में नियमित चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मध्यप्रदेश और अहमदाबाद से आए पर्यटकों के दो वाहन सड़क किनारे रुक गए जिससे कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित होने लगा। पुलिस कर्मियों के वाहन हटाने को कहने पर कार सवारों ने वाहन के शीशे चढ़ा लिए। इस दौरान पुलिस की नजर कारों के शीशों पर लगी काली फिल्म पर पड़ी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों के शीशों से काली पन्नी हटवाई साथ ही वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि अहमदाबाद निवासी श्रवण और मध्यप्रदेश निवासी दयानंद बघेल के खिलाफ यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान किया गया है।

### लोक कल्याण मेले के माध्यम से दी जानकारियां

**नैनीताल।** नगरपालिका परिषद नैनीताल के पंत पार्क में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लोक कल्याण मेला के माध्यम से वेंडर्स टू वेंडर्स कार्य एवं चर्चा की गईपर कहा गया कि जिस वेंडर्स के द्वारा प्रथम चरण का ऋण पूर्ण कर दिया गया है उस वेंडर को द्वितीय चरण के ऋण लेने हेतु प्रेरित किया गया। जिस वेंडर्स के द्वारा द्वितीय चरण का ऋण पूर्ण कर दिया गया है उस वेंडर को तृतीय चरण के ऋण लेने हेतु प्रेरित किया गया। जिस वेंडर्स के द्वारा द्वितीय चरण का ऋण पूर्ण कर दिया गया है उस वेंडर्स को क्रेडिट कार्ड हेतु प्रेरित किया गया। समस्त वेंडर्स को डिजिटल लेनदेन हेतु भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सीएमएम टीम के द्वारा समस्त जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे विजय, जमीर अहमद, संजय कुमार, केशी राम, दीवान सिंह, कमला, लक्ष्मी सहित अन्य वेंडर्स के साथ साथ सूड़ा अनुभाग से सीएमएम सीमा पाण्डेय, चन्दन सिंह भण्डारी तथा सोनू तिवारी उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों ने लोक संस्कृति को समझा

**नैनीताल।** सर्वोदय सेवा समिति नैनीताल द्वारा गुरु शिष्य परंपरा के अन्तर्गत राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विधापीठ विधालय नैनीताल में देवभूमि उत्तराखंड की विलुप्त होती जा रही लोक संस्कृति को पुन: जागृत करने हेतु उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति पर आधारित लोक नृत्यों एवं लोकगीतों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान स्कूल के बच्चो को उत्तराखंड की लोक संस्कृति व लोक गीतों व लोक नृत्यों में प्रयोग होने वाले के वाद्य यंत्रों तथा पारंपरिक पौराणिक त्यौहारों की भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य तारा बोरा रही जबकि वक्ताओं में उमेश कांडपाल तथा किशन लाल द्वारा बच्चों व मौजूद अभिभावकों को विलुप्त होती लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष आनन्द सिंह मेहरा ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर समिति की ओर से स्कूली बच्चों को लेखन सामग्री भी वितरित की गई।

# राज्यपाल ने किया महिला स्वयं समूह की उत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने बुधवार को लोक भवन नैनीताल में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा आयोजित उत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में नैनीताल जिले के विकासखंड भीमताल, कोटाबाग, धारी, रामगढ़, हल्द्वानी एवं रामनगर की महिला स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। राज्यपाल ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित वुडन कलाकृतियों, ऐपण कला, बेकरी उत्पादों, अचार, जैम व मसालों तथा विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों का अवलोकन किया और महिलाओं की रचनात्मकता, गुणवत्ता, नवाचार तथा उद्यमशीलता की सराहना की। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर महिलाओं से संवाद किया तथा उनके कार्यों,



उत्पादन प्रक्रिया और विपणन गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस दौरान लखपति दीदी बनी महिलाओं को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं ने केवल उत्पाद निर्माण तक स्वयं को सीमित नहीं रखा है बल्कि गुणवत्ता सुधार, डिजिटलीकरण व विपणन और उपभोक्ता की आवश्यकताओं को समझते हुए अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन महिलाओं के आत्मविश्वास और निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदमों का प्रमाण है। उन्होंने महिला उद्यमियों से अपने उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग और डिजिटल मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सीडीओ नैनीताल अरविन्द पांडे, सहायक परियोजना निदेशक चंद्रा फर्त्याल, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी सहित स्वयं सहायता समूहों की सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एरीज स्कूलों, कालेजों व स्थानीय समुदायों के साथ करे सक्रिय सहभागिता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) से बुधवार को लोक भवन नैनीताल में आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के निदेशक प्रो. मनीष नजा तथा रजिस्ट्रार मोहित जोशी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संस्थान की विभिन्न वैज्ञानिक, शैक्षणिक एवं जन जागरूकता गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल ने एरीज द्वारा विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए उत्तराखण्ड के पर्वतीय जिलों में विशेष आउटरीच कार्यक्रमों की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि एरीज विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा स्थानीय समुदायों के साथ अधिक सक्रिय सहभागिता स्थापित कर वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दे तथा युवाओं को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करे। बैठक में राज्यपाल ने एरीज में निकट भविष्य में प्रारंभ होने वाली वैज्ञानिक परियोजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा संस्थान की भावी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एरीज विज्ञानए अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा और उत्तराखण्ड को वैज्ञानिक गतिविधियों के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने में अपना योगदान देगा।बैठक के दौरान एरीज के निदेशक प्रो. मनीष नजा ने संस्थान द्वारा खगोल विज्ञान, खगोल भौतिकी तथा वायुमंडलीय विज्ञान के क्षेत्रों में किए जा रहे महत्वपूर्ण शोध कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से देवस्थल परिसर में स्थापित अत्याधुनिक दूरबीनोंए वहां संचालित वैज्ञानिक कार्यक्रमों, शोध सुविधाओं तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त उपलधियों से राज्यपाल को अवगत कराया। उन्होंने एरीज द्वारा प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे इसरो, डीआरडीओ तथा बीईएल के साथ किए गए एमओयू तथा उनसे प्राप्त वैज्ञानिक निष्कर्षों और सहयोगात्मक शोध कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की।

# स्थानीय संस्कृति का सम्मान करें पर्यटक व श्रद्धालु: डीएम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते पर्यटकों की संख्या के मद्देनजर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले में आने वाले सभी पर्यटकों, श्रद्धालुओं, प्रवासियों एवं अतिथियों से अपील करते हुए कहा है कि वह यातायात नियमों का अनुपालन करने के साथ ही स्थानीय संस्कृति एवं परंपराओं का अवश्य सम्मान करें। उन्होंने कहा कि जिले में बढ़ती पर्यटक गतिविधियों को देखते हुए सभी आगंतुकों का दायित्व है कि वे अपने वाहनों को सड़क किनारे अनियोजित ढंग से खड़ा न करें तथा निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे उससे स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को भी अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कहा कि प्रशासन एवं पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर नियमित रूप से चेकिंग अभियान संचालित किए जा रहे हैं, ऐसे में पर्यटक प्रशासन का सहयोग करें तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें। उन्होंने पर्यटकों से देवभूमि उत्तराखण्ड की समृद्ध, सांस्कृतिक, विरासत, स्थानीय रीति-रिवाजों एवं पारंपरिक मूल्यों को अपनाने और उनका सममान करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देवभूमि अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता और अतिथि सत्कार के लिए देश-विदेश में विशेष पहचान रखता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में आने वाले सभी पर्यटकों का हृदय से स्वागत है। उन्होंने कहा पर्यटक यहां की प्राकृतिक सौंदर्य एवं सांस्कृतिक धरोहर का आनंद लेने के साथ अपने साथ सकारात्मक अनुभव और अच्छा संदेश लेकर जाएंगे। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिला प्रशासन सहित पुलिस, परिवहन, नगर निकाय, जिला पंचायत पेयजल व पर्यटन विभाग के अधिकारियों को सखत निर्देश दिए कि वह जिले में आने वाले पर्यटकों, आगन्तुकों हेतु सभी सडक् मार्गों क्षेत्रों में यातायात व्यस्था सुदृढ़ रखने के साथ ही पार्किंग स्थलों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित रखें।

# शाम को चोरी हुई स्कूटी सुबह फिर उसी जगह खड़ी मिली

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में स्कूटी चोरी का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। मंगलवार शाम रिक्शा स्टैंड के पास से गायब हुई स्कूटी करीब 12 घंटे बाद उसी जगह पर वापस खड़ी मिली। हालांकि स्कूटी का लॉक टूटा हुआ था और उसका पेट्रोल भी खत्म मिला। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद पवन बिष्ट ने बताया कि मंगलवार शाम करीब पांच बजे उन्होंने अपनी स्कूटी संख्या यूके 04 वाई -5094 मल्लीताल रिक्शा स्टैंड के समीप पार्क की थी। इसके बाद वह बाजार चले गए। कुछ देर बाद लौटने पर स्कूटी वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब वाहन का पता नहीं चला तो वह कोतवाली पहुंचे और पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी कीए लेकिन स्कूटी का कोई सुराग नहीं लग पाया। इसी बीच बुधवार सुबह जब पवन बिष्ट दोबारा रिक्शा स्टैंड क्षेत्र पहुंचे तो वह अपनी स्कूटी को देखकर हैरान रह गए। स्कूटी ठीक उसी स्थान पर खड़ी थी जहां उन्होंने उसे पार्क किया था। हालांकि स्कूटी में लॉक नहीं लगा था और उसका पेट्रोल भी खत्म मिला। ऐसे में अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी ने स्कूटी को रातभर इस्तेमाल करने के बाद वापस उसी जगह छोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में यह मामला लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। दूसरी ओर मामले में कोतवाली के एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।

# न्यायमूर्ति आशीष नैथानी हुए सेवानिवृत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आशीष नैथानी बुधवार को सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति के मौके पर मुख्य न्यायधीश कोर्ट में फुल कोर्ट रिफरेंस आयोजित कर न्यायमूर्ति आशीष नैथानी को भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता ने न्यायमूर्ति नैथानी द्वारा अपने डेढ़ वर्ष से कम के कार्यकाल में दिए गए फैसलों तथा उनके बार व बेंच के बीच मधुर व्यवहार की सराहना की। मुख्य न्यायधीश ने उनके सुखमय भविष्य की कामना की। विदाई समारोह को वरिष्ठ न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी, महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत ने



भी संबोधित किया। अपने संबोधन में न्यायमूर्ति आशीष नैथानी ने उनके सेवाकाल में मुख्य न्यायधीश सहित अन्य न्यायाधीशों, रजिस्ट्री ऑफिस तथा अधिवक्ताओं, हाईकोर्ट स्टाफ द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार जताया। समारोह का संचालन रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी, न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति आलोक मेहरा, न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, न्यायमूर्ति आशीष नैथानी के पारिवारिक जन सहित हाईकोर्ट का समस्त स्टाफ मौजूद था।

## कोटाबाग में सरकार के खिलाफ हुआ विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** बुधवार कोटाबाग विकास संघर्ष समिति द्वारा सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर पैदल मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। लोगों का कहना था कि सरकार द्वारा कोटाबाग की अनदेखी की जा रही है।क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल पंत ने कहा कि सरकार के द्वारा कोटाबाग क्षेत्र के विकास



को लेकर अनदेखी की जा रही है। कोटाबाग क्षेत्र की सड़कों की हालत आज ऐसी है जैसे आज़ादी के समय में कच्ची सड़कें हुआ करती थी। सड़कों के अलावा पेयजल की समस्या से क्षेत्रवासी परेशान हैं, इसके साथ ही कोटाबाग बाजार को चौरीकरण करने के संदर्भ मे शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बाद भी समस्या वैसे ही बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अगर इन समस्याओं का जल्दी से जल्दी समाधान ना हुआ तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा की यह पैसे में बुलाई गई भीड़ नहीं है बल्कि यह क्षेत्रीय जनता का वर्षो का आक्रोश है जो आज कोटाबाग की सड़कों में दिख रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी के पदाधिकारियों के द्वारा जो विकास कार्यो को उठाने के लिए जनप्रतिनिधियों के पुतले फूँके जा रहे हैं यह उनके मुँह पर करारा तमाचा है। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भवाली व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेश पाण्डे की अग्रिम जमानत याचिका हुई खारिज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला व सत्र न्यायाधीश प्रशांत जोशी की अदालत ने भवाली व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेश पाण्डे की अग्रिम जमानत याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है। बता दें आरोपी के खिलाफ कोतवाली मल्लीताल में एक युवती द्वारा शादी का झांसा देकर साढ़े तीन साल से अधिक समय तक शारीरिक शोषण करने, गर्भवती होने पर गर्भपात कराने और धमकाने के गंभीर आरोपों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 351 (2) और 69 के तहत मुकदमा दर्ज है। न्यायालय ने मामले की तात्कालिक गंभीरता और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता को देखते हुए आरोपी को कोई भी राहत देने से साफ इनकार कर दिया। मामले के अनुसार पीड़िता ने तहरीर में बताया था कि जब वह 17 वर्ष की थी तब आरोपी ने खुद को अविवाहित

### शादी का झांसा देकर शोषण का आरोप

बताकर उसके साथ संबंध बनाए और शादी का वादा किया। बाद में गर्भवती होने पर आरोपी ने उसका गर्भपात भी कराया वहीं दूसरी ओर आरोपी नरेश पाण्डे के वकील ने अदालत में तर्क दिया कि उनका मुवक्किल विवाहित है और उसे राजनीतिक द्वेष व बढ़ती लोकप्रियता के कारण झूठा फंसाया जा रहा है। आरोपी पक्ष ने यह भी दावा किया कि एफआईआर काफी देरी से एक सोची-समझी साजिश के तहत दर्ज कराई गई है। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन और जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने जमानत का पुरजोर विरोध किया। अभियोजन ने अदालत को बताया कि आरोपी नरेश पाण्डे का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पूर्व में थाना भवाली में आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं जिसमें गुंडा एकट की कार्रवाई भी शामिल है। इसके अलावा यह बात भी सामने आई कि आरोपी ने इससे पहले उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल से भी गिरफ्तारी पर रोक और अंतरिम संरक्षण की गुहार लगाई थी जिसे हाईकोर्ट ने उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए पहले ही खारिज कर दिया था। न्यायालय ने अपने आदेश में इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि मुकदमा दर्ज होने के बाद पीड़िता लगातार अपने बयानों से मुकर रही है और कार्रवाई न करने के प्रार्थना पत्र दे रही है। अदालत ने कहा कि पीड़िता एक महिला है और आरोपी द्वारा उसे डराने धमकाने या प्रभावित करने की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। सत्र न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि पीड़िता का इस तरह मुकरना मामले को संदिग्ध बनाता है जिसकी सघन और निष्पक्ष विवेचना जरूरी है। ऐसे में यदि आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई तो वह गवाहों को डराकर निष्पक्ष जांच को प्रभावित कर सकता है इसलिए उसकी याचिका को खारिज किया जाता है।

## ब्लाक स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज के संयोजन में ब्लॉक स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में भीमताल ब्लाक के चार विद्यालयों को कुल 100 बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया जिसमे अंडर 14, अंडर 17 तथा अंडर 19 में बालक बालिकाओं का चयन जिला स्तरी हॉकी प्रतियोगिता हेतु किया गया। प्रतियोगिता का प्रारंभ प्रधानाचार्य मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज शबनम अहमद व पूनम दुहन ने किया। ब्लॉक खेल समन्वयक अजय कुमार, कंचन रावत, पुष्पा दरमवाल, गौतम साह, जनक बिष्ट, अनुराग, कमल बिष्ट, भागवत मेर व सुनील कुमार समस्त बालिका स्टाफ व कुछ अभिभावक भी उपस्थित रहे। हर वर्ग में 18 छात्र छात्राओं का चयन किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी बचों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इसमें मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर, राजकीय बालिका इंटर कालेज नैनीताल, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल, सीआरएसटी इंटर कालेज नैनीताल और निशांत स्कूल ने प्रतिभाग किया।

### भगवानपुर पुलिस ने किया खेतों के बीच मिली लहूलुहान बुजुर्ग महिला वारदात का खुलासा

# घास व दरांती न देने पर बुजुर्ग महिला को उतारा मौत के घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** गन्ने के खेतों के बीच मृत हालत में मिली बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमले के सनसनीखेज मामले का भगवानपुर पुलिस ने आखिरकार पर्दाफाश कर दिया। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने दस दिनों की कड़ी मशक्कत, मैनुअल पुलिसिंग और तकनीकी साक्ष्यों के सहारे इस पूरी तरह ब्लाइंड केस का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। हैरानी की बात यह रही कि महज घास और दरांती न देने की नाराजगी में आरोपी ने बुजुर्ग महिला को मौत के घाट



**भगवानपुर कोतवाली इंचार्ज इंस्पेक्टर रितेश शाह**

उतारने की नीयत से बेरहमी से पीटा और उसे मृत समझकर गन्ने के खेत में फेंककर फरार हो गया।

एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल के निर्देशन में मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने



जांच को युद्धस्तर पर आगे बढ़ाया। बीती 23 मई को खुब्बनपुर लतीफपुर निवासी एक बुजुर्ग महिला गांव से दूर खेतों के बीच अचेत अवस्था में पड़ी मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल महिला को प्राथमिक उपचार दिलाकर गंभीर हालत में दून अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता के भतीजे संजय कुमार की तहरीर के आधार पर

**❖ ना सीसीटीवी ना, गवाह फिर भी कप्तान के निर्देश पर 10 दिन की कड़ी मेहनत के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी**

कोतवाली भगवानपुर में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के सामने यह मामला किसी चुनौती से कम नहीं था। घटनास्थल खेतों के बीच होने के कारण न तो आसपास कोई घर था और न ही कोई सीसीटीवी कैमरा। ऐसे में पुलिस ने घटनास्थल से मिले वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया तथा करीब 250 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। लगातार दस दिनों तक चली कड़ी मेहनत और सटीक पुलिस कार्रवाई के बाद 2 जून को पुलिस ने संदिग्ध रज्जाक पुत्र लालदीन निवासी खुब्बनपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही और स्वीकारोक्ति के बाद मुकदमे में सम्बंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रज्जाक कई बार मांगने के बावजूद पीड़िता से घास और दरांती नहीं मिलने से नाराज था। घटना वाले दिन वह मोटरसाइकिल से घर से निकला और भांग मलकर बीड़ी पीने के बाद गुस्से में आम के पेड़ के नीचे बैठी बुजुर्ग महिला के पास पहुंच गया। आरोपी ने पहले डंडे से हमला कर महिला को जमीन पर गिरा दिया और फिर मुक्कों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके मुंह से खून निकलने लगा। महिला के शांत हो जाने पर आरोपी ने उसे मृत समझ लिया और गन्ने के खेत के बीच फेंककर मौके से फरार हो गया। इस सनसनीखेज मामले के सफल खुलासे में प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रमेश कुमार सैनी, उपनिरीक्षक आशीष नेगी, उपनिरीक्षक नीरज रावत, उपनिरीक्षक सुनील पंत, मुख्य उपनिरीक्षक किरण गुसाईं, अपर उपनिरीक्षक प्रदीप चौहान, हेड कांस्टेबल गीतम, कांस्टेबल राहुल कुमार, महिला पीआरडी रीना, कांस्टेबल उबैदउल्ला, कांस्टेबल सचिन यादव, कांस्टेबल हिमांशु चौधरी, कांस्टेबल विनय थपलियाल, महिला कांस्टेबल सोनम व महिला कांस्टेबल अनुपमा कर्णवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने पूरी टीम की सराहना करते हुए इसे धैर्य, मेहनत और सटीक पुलिसिंग का बेहतरीन उदाहरण बताया।

# ज्वैलरी शोरूम पर चोरों का धावा लाखों के जेवरात लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर के अम्बर तालाब क्षेत्र में देर रात चोरों ने एक ज्वैलरी की दुकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। बेखौफ चोर दुकान से लाखों रुपये की ज्वैलरी समेटकर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार अम्बर तालाब स्थित ज्वैलरी दुकान के स्वामी विनोद खन्ना अपने परिवार के साथ दुकान के ऊपर बने मकान में सो रहे थे। इसी दौरान देर रात चोर दुकान में घुस गए और वहां रखी सोने-चांदी की कीमती ज्वैलरी पर हाथ साफ कर दिया। दुकान स्वामी का कहना है कि चोर पूरी दुकान खाली करके गए हैं और दुकान में लाखों रुपये की ज्वैलरी रखी हुई थी। बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने पूरी तैयारी कर रखी थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चोरों की गतिविधियां कैद हुई हैं। फुटेज के अनुसार चोर एक सफेद रंग की कार में सवार होकर पहुंचे थे। इतना ही नहीं, उन्होंने वारदात के दौरान आसपास के कुछ घरों के दरवाजों को बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया, ताकि कोई बाहर निकलकर उन्हें देख न सके या विरोध न कर सके। घटना का खुलासा सुबह उस समय हुआ जब पड़ोस का एक दुकानदार अपनी दुकान खोलने पहुंचा। उसने ज्वैलरी की दुकान का सामान बिखरा हुआ देखा और तुरंत इसकी सूचना दुकान स्वामी को दी। मौके पर पहुंचकर जब दुकान की जांच की गई तो चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया जाएगा। क्षेत्र में हुई इस बड़ी चोरी की घटना ने व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावियों का हुआ सम्मान

# त्रिवेंद्र सिंह रावत बोले लक्ष्य नहीं सफलता का एक पड़ाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ढंडेरी ख्वाजीपुर स्थित चौधरी बालचंद सैनी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरिद्वार सांसद एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि यह सम्मान केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का सम्मान नहीं है, बल्कि शिक्षा के प्रति उनकी सोच, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के त्याग का भी सम्मान है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां शिक्षा के प्रति अधिक गंभीर दिखाई दे रही हैं और प्रत्येक क्षेत्र में देशहित में अपना योगदान देने के लिए आगे बढ़ रही हैं। वर्तमान समय में बेटियां हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में कुछ भी बनने से पहले एक अच्छा इंसान बनना जरूरी है। समाज और परिवार की प्रतिष्ठा एवं गरिमा को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा में मिली सफलता अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विद्यार्थियों को अपने बड़े लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उन विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन किया जिनके अंक अपेक्षा के




अनुरूप नहीं आए। उन्होंने कहा कि कम प्रतिशत अंक आने का अर्थ यह नहीं कि अवसर समाप्त हो गए हैं। मेहनत और लगन के बल पर कोई भी छात्र देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंच सकता है। विशिष्ट अतिथि एवं उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा नेता मुनीश सैनी ने कहा कि चौधरी बालचंद सैनी इंटर कॉलेज ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप यहां के छात्र-छात्राएं प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य यशवीर सिंह सैनी ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं ने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में इंटरमीडिएट की छात्रा तनिशा सी राजा, जिन्होंने उत्तराखंड बोर्ड मेरिट में चौथा स्थान प्राप्त किया, तथा हाईस्कूल की छात्रा काकुन सैनी, जिन्होंने प्रदेश में 16वां स्थान हासिल किया, सहित अन्य मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर शोभाराम प्रजापति, श्यामवीर सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, ढंडेरा नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश नेगी, विद्यालय प्रबंधक रविन्द्र कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद और अभिभावक उपस्थित रहे।

# रायपुर के नीशू सैनी बने उप शिक्षाधिकारी विधायक ममता राकेश ने घर जाकर दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** क्षेत्र के रायपुर के नीशू सैनी पुत्र जगपाल सैनी का पीसीएस में चयन होने पर विधायक ममता राकेश ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि बेटे नीशू सैनी ने पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र एवं परिवार का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विधायक ममता राकेश ने नीशू सैनी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए



उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ने कहा कि नीशू की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है तथा उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# गर्मी के चलते नपं झबरेड़ा ने की ठंडे पानी की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों, स्थानीय व्यापारियों और कस्बा वासियों को इस चिलचिलाती धूप में राहत देने के लिए नगर पंचायत झबरेड़ा द्वारा सराहनीय पहल करते हुए ठंडे पानी की व्यवस्था की है । नगर पंचायत झबरेड़ा की अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी के दिशा-निर्देशों पर अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन सिंह रावत ने कस्बे के मुख्य मार्ग अमर जवान चौक मुख्य बाजार के पास शुद्ध एवं शीतल पेयजल के टैंकर की व्यवस्था कराई है। भीषण गर्मी के इस मौसम में बाजार आने वाले ग्रामीणों, राहगीरों और दिनभर दुकानों पर बैठने वाले स्थानीय व्यापारियों के लिए पीने के ठंडे पानी की किल्लत को दूर किया गया है। नगर पंचायत द्वारा मुख्य मार्ग पर पानी का टैंकर खड़े करवाए जाने से अब लोगों को प्यास बुझाने के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन सिंह रावत ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा स्टील के आधुनिक वाटर टैंकर का निर्माण कराया गया है जिसमें शुद्ध ठंडा भरा जाता है जिसे राहगीर व स्थानीय लोग इसमे से अपनी बोतलें भरकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। स्थानीय जनता ने इस व्यवस्था के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी और अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन सिंह रावत का आभार व्यक्त किया है।

# अनुबंधित भार से अधिक बिजली का इस्तेमाल न करें उपभोक्ता: बलूनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** भीषण गर्मी में बढ़ती जा रही विधुत कटौती की समस्याओं से उबरने के लिए एसडीओ गुलशन कुमार बुलानी ने बिजली उपभोक्ताओं से भार से अधिक बिजली का इस्तेमाल न करने की अपील करते हुए जल्द बिजली बचाओ बिजली बिजली पाओ अभियान चलाकर विधुत उपभोक्ताओं को जागरूक करने की बात कही।

प्रदेश बिजली संकट से जूझ रहा है जिसके समाधान के लिए विभाग लगातार कोशिश कर रहा है। राज्य में बिजली की खपत पूरी करने के लिए यूपीसीएल को बाजार से बिजली खरीदनी पड़ रही है। बाजार से भी डिमांड के मुकाबले बिजली बहुत कम मिल पा रही है। यहीं वजह है कि इन दिनों बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की किल्लत से झूझना पड़ रहा है। बढ़ती बिजली कटौती को लेकर विधुत वितरण उपखंड लंढौरा के एसडीओ गुलशन बुलानी ने कहा कि बिजली किल्लत से उबरने के लिए उपभोक्ताओं को भी थोड़ी जागरूकता दिखानी होगी। अगर उपभोक्ता बिजली को सही तरह से अगर इस्तेमाल करें तो काफी बिजली बचाई जा सकती है। जिससे बिजली की किल्लत को कम किया जा सकता है। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अनुबंधित भार से अधिक बिजली का इस्तेमाल न करने तथा सभी विधुत उपकरणों को एक साथ न चलाने की अपील करते हुए जल्द ही बिजली बचाओ बिजली पाओ अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। इस मौके पर अवर अभियंता विनोद कुमार, गौरव पुंडीर आदि लोग मौजूद रहे।

# 5 लीटर अवैध शराब के साथ एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 3 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उस युवक ने अपना नाम अजीत पुत्र कश्मीरा उम्र 21 वर्ष निवासी महाराजपुर कला थाना लक्सर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह नगर कांस्टेबल महेंद्र सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# शांति भंग करने में 9 हुड़दंगी पकडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर कोतवाली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने सरेआम लड़ाई-झगड़ा कर माहौल खराब करने वाले 9 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली लक्सर क्षेत्र के अंतर्गत कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर आपस में गाली-गलौज और मारपीट कर रहे थे, जिससे इलाके में शांति व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही थी। सूचना मिलते ही लक्सर कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से सभी 9 अभियुक्तों को दबोच लिया। पकडे गये आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-इकबाल वरीश हारीश वसीम अब्दुल्ला फारूक शौकीन शमशाद मुजस्सिम शामिल रहे।लक्सर पुलिस की इस मुस्तैदी की स्थानीय जनता ने सराहना की है पुलिस का साफ संदेश है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अराजक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. B-2016:5-90069-004888 में नाम आतिक दर्ज जिसे बदलकर अब उसका नाम फरहान रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र का फरहान के नाम से पढा लिखा व दर्ज किया जाये।

**मौ. नौशाद अहमद पुत्र यामिन अहमद नि. ग्रीन पार्क कॉलोनी,** 168 **रूडकी हरिद्वार**

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अहमद रजा व उसकी पत्नी मुमताज का आचरण ठीक न होने के कारण मैंने अहमद रजा व मुमताज से संबंध विच्छेद कर तमाम सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके किसी भी अनैतिक कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **शरीफ अहमद** पुत्र बुद्धु नि. हाल महादेवपुरम रावली महमदूद सिडकुल, हरिद्वार।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम DEVENDRA KUMAR है जबकि डीएल नं. UK-1720150014544 में मेरा नाम DEVENDRA दर्ज हो गया है इसलिए डीएल में भी मेरा सही नाम DEVENDRA KUMAR दर्ज किया जाये।

**देवेन्द्र कुमार पुत्र बिरम** BIRAM **नि.** 175, **डन्ढेरा, हरिद्वार, उत्तराखण्ड** 247666

### रुड़की-लक्सर-दल्लावाला मार्ग पर नई बस सेवा का शुभारंभ

# प्रदीप बत्रा व उमेश कुमार ने संयुक्त रूप से दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए बुधवार को रुड़की-लक्सर-दल्लावाला मार्ग पर उत्तराखंड परिवहन निगम (न्ञ्ब) की नई बस सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा और उमेश कुमार ने संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नई बस सेवा शुरू होने से रुड़की, लक्सर और दल्लावाला क्षेत्र के यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों तथा छात्र-छात्राओं को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। इससे लोगों को सुरक्षित, सुगम और किफायती परिवहन व्यवस्था का लाभ मिलेगा, वहीं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क भी और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र तक बेहतर परिवहन सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनता को आधुनिक और सुलभ परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसी दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। खानपुर विधायक उमेश कुमार ने कहा कि नई बस सेवा क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए लाभकारी साबित होगी। विशेष रूप से छात्रों, कर्मचारियों और ग्रामीण क्षेत्रों के




निवासियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं को बढ़ाने के लिए भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक संजय गुप्ता, परिवहन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने इस नई बस सेवा के शुभारंभ का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास और जनसुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।नई बस सेवा के संचालन से क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# अतिक्रमण अभियान : प्रशासनिक टीम ने कलियर-धनौरी क्षेत्र में सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** यूपी सिंचाई विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को कलियर और धनोरी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान 100 से अधिक अस्थायी दुकानें, झुग्गी-झोपड़ियां तथा तीन पक्की दुकानों को भी हटाया गया।

यूपी सिंचाई विभाग के एसडीओ अर्जुन सिंह और तहसीलदार विकास अवस्थी पुलिसबल के साथ पिरान कलियर पहुंचे। टीम ने दरगाह पीर गैब अली शाह मार्ग पर सिंचाई विभाग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए करीब 100 से अधिक अस्थायी दुकानों और झुग्गी-झोपड़ियों को जेसीबी मशीन से हटाया। इसके अलावा नवनिर्मित थाने के समीप सिंचाई विभाग की भूमि पर बनी तीन पक्की दुकानों को भी ध्वस्त कर दिया गया।इसके बाद प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीम ने धनोरी रोड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए वन गुज्जरों के अवैध डेरे हटाए। अधिकारियों के अनुसार भूमि पर बिना अनुमति बनाए गए इन डेरों को पहले ही खाली करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बावजूद कब्जाधारकों ने अतिक्रमण नही हटाया था।एसडीओ अर्जुन सिंह और तहसीलदार विकास अवस्थी ने बताया कि शासन और जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुपालन में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की



ओर से पहले ही अस्थायी दुकानदारों और कब्जाधारकों को नोटिस जारी कर भूमि खाली करने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस के बावजूद कब्जा नही हटाने पर मौके पर पहुंचकर जेसीबी के माध्यम से कार्रवाई की गई है।उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराने तक अभियान जारी रहेगा और भविष्य में किसी भी नए अवैध कब्जे को बर्दाश्त नही किया जाएगा। अभियान के दौरान अवर अभियंता बीड़ी धीमान,राजेंद्र सिंह, जिलेदार अजय शर्मा,राजन ,मनोज सैनी, संदीप सहित पुलिस बल तैनात रहा।

# शहर स्वच्छ होगा तो, पूरा भारत स्वच्छ होगा: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं कार्यकारी समिति बैठक में विभिन्न शहरों के मेयर का स्वागत करते हुए कहा कि सभी मेयर अपने शहर के प्रथम नागरिक और शहरवासियों की आशाओं, अपेक्षाओं और विश्वास के भी प्रतिनिधि हैं। आपके निर्णय का प्रभाव आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा हमारे देश की आत्मा गाँवों में बसती है, तो हमारे नागरिकों के सपने, उनकी आकांक्षाएँ और उनके भविष्य की संभावनाएँ शहरों में आकार लेती हैं।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को होटल नटराज, ऋषिकेश में अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं कार्यकारी समिति बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शहर, दुनिया के समक्ष देश की वास्तविक छवि भी प्रस्तुत करते हैं। शहर सुव्यवस्थित, स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित होंगे तो भारत की छवि भी सशक्त, समृद्ध और अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित होगी। उन्होंने कहा शहर स्वच्छ होगा तो पूरा भारत स्वच्छ होगा।



■ ऋषिकेश में अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं कार्यकारी समिति बैठक आयोजित
■ मुख्यमंत्री ने 29.78 करोड़ की 3 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

शहर सुव्यवस्थित होगा, तो पूरा देश सुव्यवस्थित होगा।

उन्होंने कहा प्रत्येक शहर सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध होगा, तो भारत विकसित राष्ट्र अवश्य बनेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 29.78 करोड़ की 3 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 23.15 करोड़ की 1 योजना का लोकार्पण एवं 6.63 करोड़ की 2 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस वर्ष चार धाम यात्रा में अब तक कुल 45 दिनों में 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा की है,जो एक नया रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री ने कहा हमारी प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं की यात्रा सरल, सुगम , सुरक्षित हो। उन्होंने कहा पहले, आदि कैलाश में 500 लोग आते थे, इस वर्ष यात्रा शुरू होने से अब तक प्रति दिन करीब 1000 लोग आदि कैलाश पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया मां पूर्णागिरि मंदिर में भी 24 लाख लोगों ने दर्शन कर लिए हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, विधायक प्रेमचंद्र अग्रवाल, मेयर शंभू पासवान, रेनू बाला गुप्ता, आशुतोष एवं देशभर के विभिन्न शहरों से मेयर उपस्थित रहे।

### कहा, उत्तराखंड में शहरों के विकास को दी जा रही नई गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखंड के शहरों के विकास को नई गति दी जा रही है। उत्तराखंड में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक नगर में ठोस कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, खुले में शौच मुक्त अभियान और लीगेसी वेस्ट प्रबंधन जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उत्तराखंड के प्रत्येक नागरिक को दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के गरीब परिवारों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में पहली बार नगर निकायों में अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए गए हैं। राज्य में निराश्रित गौवंशों को आश्रय प्रदान करने के उद्देश्य से आश्रय योजना प्रारम्भ की है। स्थानीय निकायों में श्वानों की बढ़ती संख्या की रोकथाम को एनिमल बर्थ कंट्रोल योजना की शुरुआत की है। हरित क्षेत्रों के विकास और प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में शहरी विकास के क्षेत्र में किए जा रहे अभूतपूर्व

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत में शहरी विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। आज स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देश के लाखों शहरों में साफ-सफाई की नई संस्कृति विकसित हुई है। स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा आधुनिक एवं सुव्यवस्थित शहरी विकास का मॉडल विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों का घर का सपना साकार हुआ है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी-पटरी वालों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य हुआ है।

### प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। प्रधानमंत्री ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण पलों को उत्तराखंड में बिताया है। वे उत्तराखंड के प्रत्येक क्षेत्र से भली भांति परिचित हैं।

### विकसित उत्तराखंड को आगे बढ़ने का कर रहे काम : सुबोध

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि विकसित भारत 2047 तर्ज पर हम भी विकसित उत्तराखंड को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। विकसित भारत की कल्पना को पूरा करने में महानगर को विकसित करने, आत्मनिर्भर बनाने, सौर ऊर्जा, कूड़ा प्रबंधक , रेनवाटर हार्वेस्टिंग, लोकल एवं छोटे उद्योग की स्थापना एवं आत्मनिर्भर महानगर की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### सीएम ने किया ई.वी. चार्जिंग स्टेशनों व जल का संचय कार्यों का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने नगर निगम, ऋषिकेश में 1.80 करोड़ रुपए की लागत से बने पीपीपी मोड़ पर 10 स्थानों पर ई.वी. चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण कार्यों एवं 4.83 करोड़ रुपए की लागत से ऋषिकेश के 12 स्थानों पर वर्षा जल का संचय कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने 23.15 करोड़ रुपए की लागत से नगर निगम ऋषिकेश के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट योजनान्तर्गत कम्पोस्ट प्लांट एवं सैनेट्री लैन्डफिल साईट लाल पानी बीट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्थलों का भी अवलोकन किया।

# सात जनपदों के बदले गए सीएमओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की लचर स्थिति किसी से छुपी नहीं है। प्रदेश के खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में आए दिन स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही से संबंधित मामले सामने आते रहे हैं। हालांकि, उत्तराखंड सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने पर जोर दे रही है। जिससे प्रदेश के मैदानी जिलों से लेकर पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाए जाने को लेकर स्वास्थ्य सचिव विनय शंकर पांडेय ने सात जिलों के सीएमओ के ट्रांसफर कर दिए हैं।

उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग के सचिव विनय शंकर पांडेय की ओर से जारी आदेश के अनुसार, अल्मोड़ा जिले में डॉ. योगेश पुरोहित, नैनीताल जिले में डॉ. रश्मि पंत, पिथौरागढ़ जिले में डॉ. हरीश चन्द्र पंत, पौड़ी जिले में डॉ. मेघना असवाल, रुद्रप्रयाग जिले में डॉ. अमित कुमार शुक्ला, टिहरी जिले में डॉ. राम प्रकाश और उत्तरकाशी जिले में डॉ. श्याम विजय को सीएमओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।वही, स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण, चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ये नियुक्तियां की गई हैं। इसके साथ ही सचिव स्वास्थ्य ने विश्वास व्यक्त किया है कि संबंधित जिलों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं और अधिक बेहतर होंगी. इसके साथ ही आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने का किया जा रहा काम: पांडेय



उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग के सचिव विनय शंकर पांडेय ने कहा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है. उन्होंने कहा सरकार और शासन लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं. स्वास्थ्य विभाग के सचिव विनय शंकर पांडेय ने कहा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सभी को मिले ये ही उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# खेत बचाओ अभियान को जनआंदोलन बनाएं: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को अपने कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 1 जून से 30 जून तक संचालित किए जा रहे देशव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' के राज्य में सफल क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सांसदों, मंत्रियों, विधायकों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए संबंधित जनप्रतिनिधियों को समयबद्ध रूप से पत्र भेजे जाएं।



■ कृषि मंत्री ने किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने पर दिया जोर ■ घेरबाड़ के लिए 90 करोड़ की राशि में से प्रथम किश्त के रूप में 25 करोड़ की राशि राज्य को हुई प्राप्त

कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष जागरूकता शिविर आयोजित कर किसानों को प्राकृतिक एवं संतुलित खेती के प्रति प्रेरित किया जाए तथा अभियान में अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने एप्पल मिशन के अंतर्गत कृषकों को देय राजसहायता का भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दिए। साथ ही सेब पैकिंग बॉक्स की उपलब्धता एवं अन्य सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि सेब बागवानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने प्रदेशभर में पॉलीहाउस निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित करने के भी निर्देश दिए।

अधिकारियों ने बैठक में अवगत कराया कि भारत सरकार द्वारा घेरबाड़ योजना के लिए घोषित ₹90 करोड़ की राशि में से प्रथम किश्त के रूप में ₹25 करोड़ राज्य को प्राप्त हो चुके हैं। इस पर कृषि मंत्री ने निर्देश दिए कि घेरबाड़ के लिए उपलब्ध बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करते हुए अधिकाधिक किसानों को इसका लाभ पहुंचाया जाए।

बैठक में सचिव कृषि एस.एन. पांडेय, कृषि एवं उद्यान महानिदेशक वंदना सिंह, निदेशक कृषि दिनेश कुमार, निदेशक उद्यान आर. के. सिंह, निदेशक कैंप नृपेंद्र चौहान सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप का औचक निरीक्षण कर चारधाम यात्रा एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों के पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच, ठहरने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। सीएम ने बड़ी संख्या में राज्यों से आए श्रद्धालुओं से यात्रा का फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर विधायक प्रेमचंद अग्रवाल मौजूद रहे।

**ट्रांजिट कैंप में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण की भी सराहना:** ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के लिए एलईडी स्क्रीन के माध्यम से रामायण एवं महाभारत के प्रसारण की विशेष व्यवस्था की गई है। यात्रियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रतीक्षा के दौरान उन्हें आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण का अनुभव हो रहा है। उत्तर प्रदेश से आई कामिनी ने कहा कि ष्वह गुरुवार से अपनी चार धाम यात्रा शुरू करेंगी। आज सुबह उन्होंने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। वह सुबह से ही ट्रांसिट कैंप में बैठी हैं, वहां कूलर, पंखे, पानी की पर्याप्त व्यवस्था है उन्होंने बताया साथ ही टीवी में रामायण चलने से उनका समय भी अच्छा बीत रहा है।

**श्रद्धालुओं ने राज्य सरकार की व्यवस्थाओं को सराहा:** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से आए शुभम ने बताया कि वो अपने 3 दोस्तों के साथ चार धाम यात्रा से वापस ऋषिकेश लौटे आए हैं, आज सुबह से ही वह ट्रांजिट कैंप में हैं। उन्होंने अपनी यात्रा शुरू भी ट्रांसिट कैंप से की थी, जहां उन्हें सुविधा इतनी अच्छे लगी की वह लौटते समय भी यहां ठहरने के लिए आए हैंष्। मध्य प्रदेश से आए ओमप्रकाश ने बताया कि वह भी सुबह ही ट्रांजिट कैंप पहुंचे हैं और आगे की यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने ट्रांजिट कैंप में ही अपना भोजन किया और स्वास्थ्य जांच करवाई। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

**यात्रियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया:** निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने ट्रांजिट कैंप में मौजूद श्रद्धालुओं से भी संवाद कर यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं बिहार सहित विभिन्न राज्यों से आए यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। श्रद्धालुओं ने पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच, आवास एवं अन्य सुविधाओं को संतोषजनक बताया। कई बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें आशीर्वाद दिया तथा यात्रा को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं का कुशलक्षेम जाना और उन्हें सुरक्षित एवं सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं।



■ चारधाम यात्रा एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया, यात्रियों के पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच, ठहरने की व्यवस्थाओं को देखा
■ सीएम ने बड़ी संख्या में अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं से यात्रा का फीडबैक भी लिया

### श्रद्धालुओं को रजिस्ट्रेशन के लिए न करना पड़े इंतजार

मुख्यमंत्री ने ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के लिए की गई पंजीकरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा यह सुनिश्चित किया जाए की श्रद्धालुओं को रजिस्ट्रेशन के लिए इंतजार ना करना पड़े। उन्होंने स्वास्थ्य जांच केंद्रों का निरीक्षण कर यात्रियों के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान देने को बात कही। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए उन्होंने ट्रांजिट कैंप में अतिरिक्त कुलर लगाने तथा पेयजल व आवश्यक सुविधाओं को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बेहतर भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ट्रांजिट कैंप में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी संवाद किया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हुए कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं का अतिथि देवो भवः की भावना के साथ स्वागत करें तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

# कर्नल कोठियाल ने योग्यता से अर्जित की ख्याति, न कि कांग्रेस की बदौलत: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि आज सैनिकों के सम्मान की बात करने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गाँधी सैनिकों का एक बार नही असंख्य बार अपमान कर चुके हैं और नेता प्रतिपक्ष ही नही, बल्कि कोई भी कद्दावर शख्सियत हो राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रतीक सैन्य परंपरा के अपमान की इजाजत नही दी जा सकती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि किसी बड़े पद पर रहने का अर्थ यह नही कि सैनिकों अथवा सैन्य परंपरा का अपमान करने की छूट दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राईक के सुबूत मांगने, सीडीएस को गुंडा कहने अथवा कई मौकों पर उनकी विश्वस्नीयता को कटघरे मे खड़ा किया है जो अक्षम्य है। उन्होंने कहा कि देश का हर सैनिक राहुल के इस कथन से आहत हुआ है और किसी गलत बात का विरोध प्रोटोकाल को देखकर ही किया जाए यह पूरी तरह से अतार्किक है।

चौहान ने कहा कि केदारनाथ मे बेहतर कार्य करने वाले कर्नल कोठियाल अपने शौर्य, विवेक और योग्यता के बूते ख्याति अर्जित करने वाले अधिकारी रहे हैं और उनकी उपलब्धियों को कांग्रेस से जोड़ना भी सैन्य अपमान है।

उन्होंने कहा कि कर्नल कोठियाल ने महज केदारनाथ ही नही, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर कार्य किये है। उन्होंने कहा कि सैनिको के अपमान से आहत लोग प्रतिक्रिया देंगे तो कांग्रेस को उसे सकरात्मक रूप मे लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सरंक्षण की दिशा मे न केवल कानून बना चुके हैं और कानूनों का धरातलीय क्रियान्वयन किया जा रहा है। वहीं सैनिकों और पूर्व सैनिकों के हित मे कई योजनाएं चल रही है। सैन्य परिवार और प्रदेश की जनता कांग्रेस की मंशा को जानती है और उसे माफ नही करने वाली है।



■ राहुल गांधी ने किया सैनिको का अपमान, हर देशवासी को प्रतिकार का अधिकार

# गढ़वाल विवि ने जारी की यूईटी की अंतिम परीक्षा तिथि

**शाह टाइम्स संवादददता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित होने वाले यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (यूईटी) की अंतिम परीक्षा समय-सारिणी जारी कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, विधि, शिक्षा, प्रबंधन, विज्ञान एवं अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा 17 जून से 20 जून तक विभिन्न पालियों में आयोजित की जाएगी। गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी के ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 17 जून को बीएड, एलएलबी, एमफार्म, एलएलएम, एमए, एमएससी, एमटेक, एमसीए सहित कई पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित होंगी। वहीं 18 और 19 जून को विज्ञान, कला, सामाजिक विज्ञान, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, योगिक साइंस, एमबीए तथा अन्य पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षण संपन्न कराए जाएंगे। 20 जून को भूगोल, मनोविज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, एमएड, इतिहास, बायोटेक्नोलॉजी, वानिकी समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं निर्धारित की गई हैं। परीक्षा प्रतिदिन अलग-अलग पालियों में आयोजित होगी।

■ 17 जून से शुरू होंगी यूईटी प्रवेश परीक्षा

# कोबरा गैंग के 2 विदेशी समेत 3 ड्रग पैडलर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के श्ड्रग्स फ्री देवभूमिश के विजन को साकार करने के लिए देहरादून पुलिस द्वारा चलाए जा रहे श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत राजपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कोबरा गैंग से जुड़े दो विदेशी नागरिकों सहित तीन शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन तस्करों के पास से 20 लाख रुपये अनुमानित मूल्य की 20.92 ग्राम अवैध कोकीन बरामद की गई है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोभाल ने बताया कि राजपूर थाना अध्यक्ष पी डी भट्ट व जाखन चौकी प्रभारी सूरज कंडारी को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कोबरा गैंग के ड्रग पैडलर राजपुर क्षेत्र में आयोजित होने वाली हाई-प्रोफाइल पार्टियों में कोकीन की सप्लाई करने आए हैं। इस सूचना पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी की। पुलिस ने जोहड़ी रोड स्थित पुरानी मजार के पास से एक स्कूटी पर सवार दो विदेशी नागरिकों को 9.15 ग्राम कोकीन के साथ पकड़ा। वहीं, दूसरी कार्रवाई में सीआईएसएफ तिराहा, ओल्ड मसूरी रोड के पास से एक कार सवार युवक को 11.77 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार विदेशी अभियुक्त मूल रूप से सूडान के नागरिक हैं, जो कोबरा गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि वे दिल्ली से कोकीन लाकर देहरादून में पार्टियों में सप्लाई करते थे। पुलिस ने मामले में माइकल इक्का मेकसन, लेविकिरी वानिकी (दोनों सूडान निवासी) और जावेद आलम (देवबंद, सहारनपुर निवासी) को गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी और स्विफ्ट डिजायर कार को पुलिस ने सीज कर दिया है।गौरतलब है कि राजपुर पुलिस पूर्व में भी कोबरा गैंग के 13 पैडलरों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वर्ष 2026 के शुरुआती पांच महीनों में दून पुलिस अब तक लगभग 3 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद कर चुकी है और 145 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर चुकी है। एसएसपी परमेंद्र डोभाल ने इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम को 2500 रुपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस अब इन तस्करों से मिले इनपुट के आधार पर उनके अन्य सहयोगियों की तलाश में जुटी है।



■ लाखों रुपए कीमत की कोकीन हुई बरामद, हाई-प्रोफाइल पार्टियों में कोकीन की होती थी सप्लाई

# अमृत योजना से संवर रहे प्रदेश के 11 रेलवे स्टेशन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत उत्तराखण्ड के 11 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इसी योजना में शामिल हर्रावाला रेलवे स्टेशन लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हो चुका है।

इस योजना के प्रथम चरण का शिलान्यास प्रधानमंत्री की और से 6 अगस्त 2023 को वर्चुअल माध्यम से किया गया था।

हर्रावाला रेलवे स्टेशन देहरादून से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है तथा समुद्र तल से इसकी ऊँचाई 596.10 मीटर है। वर्तमान में देहरादून रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 16 ट्रेनों का संचालन होता है, जिनमें से केवल तीन ट्रेनों का ठहराव हर्रावाला स्टेशन पर है। इन ट्रेनों का ठहराव भी मात्र दो मिनट का है। स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 80 से 90 टिकटों की बिक्री होती है, जिनकी कुल कीमत लगभग 5,000 रुपये होती है।

हर्रावाला स्टेशन अधीक्षक गोपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि वर्तमान में स्टेशन पर केवल एक प्लेटफार्म उपलब्ध है। क्षेत्र की बढ़ती आबादी और यात्रियों की सुविधा को देखते हुए भविष्य में और अधिक ट्रेनों का ठहराव यहाँ संभव है।

पुनर्विकास योजना के अंतर्गत स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं का विकास किया गया है। इनमें वेटिंग रूम, आरक्षण काउंटर, दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष काउंटर, जलपान गृह, पूछताछ केंद्र, पार्किंग तथा लगभग 15 कमरों का निर्माण शामिल है।

■ दून का हर्रावाला रेलवे स्टेशन बनकर तैयार

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 4 जून 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# इच्छाशक्ति का अभाव

इसे विडम्बना ही कहा जा सकता है कि बड़े हादसों के बावजूद सबक न लेने की परिपाटी जड़ पकड़ रही है। राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव भी इस परिपाटी को खत्म करने की बजाए बल दे रहा है। देश के तमिलनाडु, गुजरात, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम और महाराष्ट्र राज्यों में अवैध शराब के सेवन से सामूहिक मौत की कई घटनाएं हो चुकी हैं। साल 2015 की मालवणी घटना के बाद, जिसमें 100 से ज्यादा लोग मारे गये थे, व्यवस्थागत सुधार के आधिकारिक वादे किये गये जो कभी पूरी तरह अमल में नहीं आये दृ न तो वहां न ही कहीं और। पिछले हफ्ते पुणे-पिंपरी-चिंचवाड़ त्रासदी सामने आयी, जिसमें एक दर्जन से ज्यादा पीड़ित गरीब मोहल्लों में रहने वाले कामगार तबके के लोग हैं। प्रारंभिक जांच में कामचलाऊ से कहीं बेहतर सप्लाई चेन का पता चला है। औद्योगिक ग्रेड का मेथनाल (वह जहर जो ज्यादातर कच्ची शराब त्रासदियों के लिए जिम्मेदार होता है) राज्य के बाहर से लाया गया और तगड़ी देशी शराब बनाने के लिए उसे एथनाल में मिलाया गया। लाइसेंसी अल्कोहल की मांग को भारी राज्य करों का सामना करना पड़ता है, जिससे निम्न-आय वाले लोग अवैध शराब की ओर मुड़ते हैं। दूसरी तरफ, औद्योगिक मेथनाल मिलाने से नगण्य इनपुट लागत पर बैच की मात्रा काफी बढ़ जाती है, जिससे नफे में जबरदस्त अंतर आ जाता है। हालांकि, जांच से गुजर रहे कुछ लोगों ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा है कि अपने ग्राहकों' को जहर देना नियमित विक्रेताओं के हित में नहीं है। फिर भी, ऐसी गति. विधियां अमूमन अर्ध-दृश्यमान स्थानीय अर्थव्यवस्थाएं होती हैं जो गोपनीयता से ज्यादा प्रशासकीय सहिष्णुता के बूते चलती हैं और इसलिए पुलिस व स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत के आरोपों की जांच जरूर होनी चाहिए। अधिकांश जानलेवा घटनाओं के बाद शुरुआती कानून प्रवर्तन में केवल खुदरा विक्रेताओं को गिरफ्तार किया जाता है, कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं और कथित सरगनाओं के मामले में जांच अक्सर असमान नतीजों वाली या अनिर्णायक साबित हुई है। वास्तव में, इन त्रासदियों की पुनरावृत्ति इसलिए होती है कि तबाही के कारक बार-बार साथ आ पाने में सक्षम होते हैं। फैक्ट्रियों से निकलने के बाद मेथनाल के इस्तेमाल पर नजर रखने की कोशिशों में एक बड़ी नियामकीय चूक यह है कि कितनी आसानी से इसे चुराकर अवैध शराब के लिए भेज दिया जाता है। ज्यादातर पीड़ित दिहाड़ी मजदूर होते हैं और विद्वानों का तर्क है कि शारीरिक श्रम से पैदा थकान सस्ती राहत की मांग पैदा करती है, जो जहरीले पदार्थों के प्रति सतर्कता पर भारी पड़ती है। इसमें आर्थिक अनिश्चितता और लत भी भूमिका निभाती हैं। चूंकि पीड़ित अक्सर हाशिए के समुदायों के होते हैं, इस चक्र को तोड़ने की खातिर जरूरी सुधारों (जिसमें मेथनाल का बेहतर हिसाब रखना और वहनीय अल्कोहल विकल्प शामिल हैं) को लागू करने के लिए लगातार-बरकरार राजनीतिक इच्छाशक्ति का अक्सर अभाव होता है।

## आत्मसम्मान से समझौता नहीं करते आदिवासी



जनजातियों के समग्र विकास और सरकार की योजनाएं उन तक सुचारु रूप से पहुंचाने के लिए अधिकारियों को उनके पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा, अधिकारी गांव-गांव जाकर आदिवासियों से मिलें और उनके साथ घुल- मिलकर उनकी समस्याओं को समझें, तभी वे वास्तविकताओं से अवगत हो सकेंगे, इसके बाद ही आदिवासियों के समग्र विकास की योजनाएं शासन स्तर पर बनाई जा सकेंगी, आदिवासी खुलकर अपनी दिक्कतें और समस्याओं लोगों से बताते नहीं हैं, उनके साथ घुल-मिलकर ही उनकी दुश्वारियां समझी जा सकती हैं आदिवासी बहुत आत्मसम्मान से जीते हैं, उनके पास धन नहीं होगा, उनके पास खाने को कुछ नहीं होगा, लेकिन वे आत्मसम्मान से समझौता नहीं करेंगे।

-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**( सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003 )**

# सुलगते कृषि संकट और व्यवस्था की बेरुखी





निमिषा सिंह

भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले कृषि क्षेत्र और इसे अपने खून-पसीने से सींचने वाले अन्नदाता की स्थिति आज एक ऐसे दर्दनाक मोड़ पर खड़ी है, जहां नीतियां केवल कागजी विमर्श और चुनावी घोषणापत्रों तक सीमित होकर रह गई हैं। देश की आधी से अधिक आबादी का पेट भरने वाला और उन्हें रोजगार देने वाला यह क्षेत्र आज नीतिगत उपेक्षा, आर्थिक विसंगतियों, ढांचागत विकास के क्रूर अंतर्विरोधों और जलवायु परिवर्तन के त्रिकोण में तड़प रहा है। जब हम भारत के कृषि संकट की बात करते हैं, तो यह केवल पारंपरिक फसलों या किसी एक विशेष क्षेत्र की समस्या नहीं है, बल्कि यह उस व्यवस्था पर एक बड़ा सवालिया निशान है जो चमचमाते शहरों की चकाचौंध में गांवों की सिसकियों को सुनना भूल गई है। उत्तर के मैदानी इलाकों से लेकर पूर्वोत्तर की वादियों, मध्य भारत के आदिवासी अंचलों और हिमालय की सर्द घाटियों तक, हर राज्य के किसान की आंखों में एक ही बेबसी और व्यवस्था के खिलाफ एक गहरी टीस साफ देखी जा सकती है।

इसी गहरी टीस और अन्याय के खिलाफ अब देश की सर्वोच्च अदालत की दहलीज पर व्यवस्था के गणित को सीधी चुनौती दी गई है। देश के अन्नदाताओं को न्याय दिलाने के लिए सिफा (कंसोर्टियम ऑफ इंडियन फार्मर्स एसोसिएशन) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रकाश पोहरे जी के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक जनहित याचिका (PIL) सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है, जिसका एक ही संकल्प है किसान अब मजबूर नहीं, आत्मनिर्भर और मजबूत बने। इस पूरे मिशन को सिफा के संस्थापक, पी. चेंगल रेड्डी जी का मार्गदर्शन मिल रहा है। देश के 60 से अधिक किसान संगठनों का नेतृत्व करने वाला सिफा पिछले 17 सालों से भारतीय कृषि की दशा और दिशा बदलने में जुटा है। एक गौरवशाली अम्ब्रेला ऑर्गेनाइजेशन के तौर पर, सिफा ने न केवल किसानों के हक के लिए निरंतर संघर्ष किया है, बल्कि अपनी दूरदर्शी सोच से किसानों के हित में कई बड़ी सफलताएं और उपलब्धियां भी दर्ज की हैं। आज न्याय के इस धर्मयुद्ध में प्रख्यात वकील प्रशांत भूषण जी निस्वार्थ भाव से किसानों के साथ खड़े हैं, क्योंकि वो जानते हैं कि यह लड़ाई देश की मिट्टी बचाने की लड़ाई है।

सर्वोच्च न्यायालय ने इस पुकार को स्वीकार कर लिया है, जो इस संघर्ष की सच्चाई का सबसे बड़ा प्रमाण है। अदालत में पहुंचने वाली हर सौ याचिकाओं में से मुश्किल से दो स्वीकार होती हैं, और इस याचिका का स्वीकार होना ही किसानों की पहली और बड़ी जीत है। आखिर लोग पूछते हैं कि इससे क्या होगा, लेकिन सवाल तो यह है कि अगर आज किसी सरकारी बाबू या शहर के कर्मचारी की तनख्वाह को 15 साल पुराने स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया जाए, तो क्या वह अपने बच्चों को पाल पाएगा? क्या उसका चूल्हा जलेगा? फिर पूरी दुनिया की भूख मिटाने वाला हमारा किसान खुद तंगहाली की बेड़ियों में क्यों जकड़ा है? साल 2012 में जो कपास 10,000 रूपए क्विंटल बिकती थी, आज डेढ़ दशक बाद उसकी कीमत (MSP) घटाकर सिर्फ 8,110 रूपए क्यों कर दी गई? जब खाद महंगी है, बीज महंगा है, डीजल महंगा है। तो किसान की मेहनत कौड़ियों के भाव क्यों आंकी जा रही है? किसानी द्वारा की जा रही आत्महत्याएं कोई इत्तेफाक नहीं हैं, बल्कि यह गलत नीतियों द्वारा किया गया क्रूर शिकार हैं। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट से साफ कहा गया है कि MSP सिर्फ कागज पर लिखी कोई संख्या नहीं, बल्कि किसान का कानूनी अधिकार होना चाहिए, क्योंकि बिना गारंटी की डैच, बिना धार की तलवार जैसी है।

यदि उत्तर और पश्चिम भारत के उन राज्यों पर नजर डालें जिन्हें हम (समृद्ध) कहने की भूल कर बैठते हैं, तो पंजाब, हरियाणा और राजस्थान आज इसी नीतिगत और प्राकृतिक त्रासदी का सामना कर रहे हैं। पंजाब और हरियाणा ने कभी हरित क्रांति के दौर में अपनी मिट्टी की परवाह किए बिना पूरे देश का पेट भरने के लिए अपने खेतों को झोंक दिया था, लेकिन आज व्यवस्था की अदूरदर्शिता का नतीजा यह है कि वही धान-गेहूं का अत्यधिक फसल-चक्र इन राज्यों के लिए अभिशाप बन चुका है। इन दोनों राज्यों के लगभग अस्सी प्रतिशत प्रशासनिक ब्लॉकों में भूजल का इस कदर अंधाधुंध दोहन हुआ है कि पानी का स्तर चिंताजनक रूप से पाताल में चला गया है। मानो व्यवस्था ने किसान से उसका वर्तमान ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी छीन लिया हो।

वहीं दूसरी ओर, इसके पड़ोसी राज्य राजस्थान में स्थिति और भी विकट है, जहां देश की 11 प्रतिशत कृषि भूमि होने के बावजूद सतही जल मात्र एक प्रतिशत ही उपलब्ध है। पानी की इस भीषण किल्लत के बीच राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती इलाकों के किसान खारे पानी की समस्या, लगातार पड़ते सूखे और आवारा पशुओं द्वारा फसलों की बर्बादियों के बीच अपने हक का हिसाब मांग रहे हैं। गुजरात के नकदी फसलों (जैसे कपास और मूंगफली) के किसान बाजार में कीमतों के भारी उतार-चढ़ाव और महंगी होती जा रही बिजली व खाद की मार से इस कदर बेहाल हैं कि उनकी रातें खेतों की रखवाली में और दिन कर्जदारों के डर में बीतते हैं। इस संकट का सबसे भयावह और संस्थागत रूप हमें हिंदी पट्टी के दो सबसे बड़े कृषि राज्योंकृबिहार और उत्तर प्रदेश में देखने को मिलता है। बिहार, जो कभी कृषि के मामले में असीम संभावनाओं से भरा था, आज नीतिगत गलतियों का सबसे बड़ा शिकार है। साल 2006 में एपीएमसी APMC यानी मंडी व्यवस्था को खत्म करने के बाद दावा किया गया था कि इससे निजी निवेश आएगा और किसानों को फायदा होगा, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट रही। आज बिहार में मंडी व्यवस्था न होने के कारण पूरा बाजार बिचौलियों और व्यापारियों के रहमोकरम पर है। यहां (न्यूनतम समर्थन मूल्य) MSP तो बहुत दूर की बात है, स्थिति यह है कि स्थानीय बिचौलिए किसानों की बेबसी का फायदा उठाकर धान और गेहूं को MSP से आधे दामों पर खरीद लेते हैं। सरकारी खरीद के लिए बनाई गई पैक्स PACS व्यवस्था भी पूरी तरह वेंटिलेटर पर है, पैक्स न तो समय पर खुलते हैं और न ही उनके पास पर्याप्त खरीद की क्षमता होती है। यदि कोई किसान किसी तरह पैक्स में अपनी फसल बेच भी दे, तो उसे भुगतान के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता है। इस आर्थिक चक्रव्यूह में फंसा बिहार का लघु किसान साल दर साल कर्ज के दलदल में धंसता जा रहा है और अंततः महानगरों में मजदूर बनने के लिए पलायन को मजबूर है।

वहीं दूसरी तरफ, देश के सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश के किसानों की कहानी मीठे गन्ने की कड़वी सच्चाई जैसी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वांचल तक का गन्ना किसान सालों से अपने खून-पसीने की फसल के भुगतान के लिए चीनी मिलों और सरकार के चक्कर काट रहा है। कानूनन 14 दिनों के भीतर गन्ने का भुगतान हो जाना चाहिए, लेकिन मिलों पर किसानों का करोड़ों रूपया बकाया रहता है। स्थिति यह है कि किसान के घर में शादी हो, बीमारी हो या बच्चों की स्कूल की फीस भरनी हो, उसे अपने ही कमाए पैसों के लिए मिल मालिकों के आगे हाथ फैलाना पड़ता है।

# बढ़ती गर्मी से कीटों पर बढ़ता जा रहा संकट

**अगर उनकी संख्या घटती है, तो इसका असर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है। शोधकर्ता कहते हैं कि यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि उष्णकटिबंधीय कीट बदलते मौसम के साथ कैसे तालमेल बिठाएंगे, लेकिन अध्ययन दर्शाता है कि दुनिया के सबसे गर्म इलाकों में तापमान में थोड़ी-सी बढ़ोतरी भी कई कीट प्रजातियों की सहनशीलता को परास्त कर सकती है।**

उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के गर्म और निचले स्थानों में रहने वाले कीट अत्यधिक गर्मी में भी जीवित रहने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। लेकिन एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन से पता चला है कि इनमें से कई कीट पहले ही अपनी सहनशक्ति के तापमान की सीमा के करीब रह रहे हैं। ऐसे में अगर पृथ्वी का तापमान और बढ़ता है, तो इन प्रजातियों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस शोध में यह देखा गया कि अलग-अलग कीट प्रजातियां गर्मी पर किस तरह प्रतिक्रिया देती हैं ताकि यह समझा जा सके कि जलवायु परिवर्तन उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में कीटों की विविधता को कैसे प्रभावित कर सकता है।

गौरतलब है कि स्तनधारियों के विपरीत, कीट अपने शरीर का तापमान खुद नियंत्रित नहीं कर सकते। उनके शरीर का तापमान लगभग पूरी तरह आसपास के वातावरण पर निर्भर करता है। इसलिए अधिक गर्मी से बचने के लिए वे छांव में चले जाना, मिट्टी में दुबक जाना या ठंडक के समय में ही सक्रिय रहना जैसे तरीके अपनाते हैं। उनके शरीर में कुछ खास प्रकार के प्रोटीन भी बनते हैं, जो अधिक तापमान से कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। इन्हें 'हीट शॉक प्रोटीन' कहा जाता है, लेकिन इस सुरक्षा की भी एक सीमा है। जब तापमान एक हद से ऊपर चला जाता है, तो कीट हिलना-डुलना बंद कर देते हैं और अंततरू मर जाते हैं। कीटों की अधिकतम ऊष्मा-सहनशीलता सीमा को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने लगभग 2300 प्रजातियों पर एक बड़ा फील्ड अध्ययन किया। यह काम पर्यावरण वैज्ञानिक किम ली होल्जमैन के शोध से शुरू हुआ था। उन्होंने पेरू के एंडीज पर्वत क्षेत्र में अलग-अलग ऊंचाइयों से कई मौसमों के दौरान कीट इकठ्ठा किए। हर कीट को एक छोटी ट्यूब में रखकर धीरे-धीरे बढ़ती गर्मी के संपर्क में लाया गया। वैज्ञानिक यह देखते रहे कि किस तापमान पर कीट हिलना-डुलना बंद कर देता है, क्योंकि यही उसकी गर्मी सहने की अधिकतम सीमा मानी जाती है। बाद में इसी तरह का प्रयोग केन्या के एक अन्य उष्णकटिबंधीय पर्वतीय क्षेत्र में भी किया गया। अध्ययन से पता चला कि गर्म और निचले इलाकों में रहने वाले कीट आम तौर पर ठंडे और ऊंचे इलाकों के कीटों की तुलना में ज्यादा तापमान सहन कर सकते हैं। लेकिन इसके साथ एक बड़ी समस्या भी है। निचले इलाकों का वातावरण पहले ही उस अधिकतम तापमान के बहुत निकट है, जिसे वहां रहने वाले कीट सह सकते हैं। इसलिए अगर तापमान थोड़ा भी बढ़ता है, तो वे जल्दी ही अपनी सहनशीलता की सीमा पार कर सकते हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि अलग-अलग कीट समूहों की गर्मी सहने की क्षमता अलग होती है। उदाहरण के लिए, मक्खियां सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं और औसतन लगभग 39 डिग्री सेल्सियस पर ही उनकी गति. विधि रुकने लगती है। भृंग (बीटल) थोड़े मजबूत होते हैं और करीब 41 डिग्री सेल्सियस तक गर्मी सह सकते हैं। मधुमक्खियां और अन्य कॉलोनी बनाकर रहने वाले कीट इससे थोड़ी अधिक गर्मी झेल सकते हैं। टिड्डे और उनसे मिलती-जुलती प्रजातियां सबसे ज्यादा सहनशील पाई गई, जो लगभग 44 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान सह सकती हैं। इन समूहों के अंतर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने सैकड़ों कीट प्रजातियों के जेनेटिक डैटा का अध्ययन किया। कंप्यूटर मॉडल की मदद से उन्होंने देखा कि कीटों के शरीर में मौजूद हीट शॉक प्रोटीन की संरचना किस तापमान पर बिखरने लगती है। नतीजे प्रयोगों से मिले परिणामों से मेल खाते थेय जिन प्रजातियों के प्रोटीन अधिक स्थिर थे, वे अधिक गर्मी सहन कर पाए। इससे संकेत मिलता है कि गर्मी सहने की यह सीमा कीटों की जैविक बनावट से जुड़ी है और जैविक बनावट सहस्राब्दियों में बदलती है, अर्थात इन कीट प्रजातियों की स्थिति कमोबेश स्थिर रहेगी। यह अध्ययन चिंताजनक है। जलवायु मॉडल बताते हैं कि इस सदी के अंत तक उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों का तापमान इतना बढ़ सकता है कि लगभग आधी कीट आबादियां कुछ घंटों तक भविष्य की गर्मी झेलने के बाद बेहोशी जैसी स्थिति में पहुंच सकती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इतनी चरम स्थिति आने से पहले ही कीटों की संख्या घटने लग सकती है, क्योंकि लंबे समय तक गर्मी का दबाव उनके जीवित रहने और प्रजनन की क्षमता को कम कर देता है। कीट पर्यावरण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परागण, जैविक कचरे का विघटन करके वे खाद्य संजाल का एक जरूरी हिस्सा होते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पत्रकारिमा में गिरती रैंकिंग

**पिछले दिनों गोदी मीडिया से जुड़े एक प्रसिद्ध टी वी चैनल की एक प्रसिद्ध महिला ऐंकर अंजना ओम कश्यप ने एक लाइव शो के दौरान हुई एक अभद्र टिप्पणी करते हुए यूट्यूब टीचर्स और ऑनलाइन एजुकेटर्स पर निशाना साधा। उन्होंने यूट्यूब टीचर्स के लिए दो कौड़ी के, लुटेरे, छिछले यूट्यूबर और भाड़े के वीडियो जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। अपनी बकवास में उन्होंने कहा कि यूट्यूब स्टार टीचर्स को दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि मोटिवेशन के नाम पर यह शिक्षक केवल व्यूज और कमाई के लिए कंटेंट बनाते हैं। कम जानकारी के कारण ऐसे टीचर्स छात्रों को गुमराह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भ्रामक हेडलाइंस लिखकर व्यूज बटोरते हैं। इस गैर जिम्मेदाराना व अपमानजनक टिप्पणी के बाद देश के अनेकानेक प्रसिद्ध यूट्यूबर्स खासकर शिक्षकों, ऑनलाइन एजुकेटर्स व उनके छात्रों व समर्थकों का गुस्सा इस महिला ऐंकर फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त ट्रोलिंग हुई।**



निर्मल रानी

पेरिस-आधारित अंतर्राष्ट्रीय संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा वार्षिक रूप से जारी किए जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक के अनुसार यदि भारतीय पत्रकारिता की रैंकिंग पर नजर डालें तो 2026 में यह 180 देशों में 157 वें स्थान पर है। पिछले वर्ष से यह रैंकिंग 62 अंक नीचे गिरी है। यह स्थिति विश्व में भारतीय पत्रकारिता की बहुत गंभीर श्रेणी की तरफ इशारा करती है, जबकि नॉर्वे, एस्तोनिया व नीदरलैंड्स जैसे देशों के नाम इस सूची में शीर्ष पर हैं। चिंता की बात तो यह है कि पड़ोसी देशों नेपाल,मालदीव व लंका जैसे देशों की स्थिति भी भारत से बेहतर है। गोया भारत में प्रेस स्वतंत्रता इस समय संकट के दौर से गुजर रही है जिसकी वजह सत्ता का नियंत्रण,राजनीतिक दबाव, अप्रत्यक्ष डिजिटल निगरानी,विज्ञापन की लालच, मीडिया घरानों पर सत्ता से जुड़े लोगों का नियंत्रण व पत्रकारों के साथ होने वाली हिंसा व अन्याय प्रमुख कारण हैं। यही वजह है कि भारतीय मीडिया गोदी मीडिया के नाम से भी प्रचलित हो गया है। हालांकि सत्ता की चाटुकारिता के इसी दौर में पूर्व में गोदी मीडिया से जुड़े रहे अनेक ईमानदार पत्रकार अपने निजी यू-ट्यूब चैनल चलाकर भारतीय मीडिया की साख बचाने की कोशिश जरूर कर रहे हैं।

अफसोस की बात तो यह है कि जनता द्वारा गोदी पत्रकार,चरण चुंबक पत्रकार, दलाल जैसी उपाधियों से नवाजे जाने व सोशल मीडिया पर आम जनता की लानते सुनने के बाद भी यह गोदी पत्रकार ईमानदारी से पत्रकारिता का दायित्व निभाने के बजाए अपने बेतुके बोल, सत्ता के प्रति अपनी वफादारी व अज्ञानता पूर्ण बातों के चलते आम लोगों की नफरत का पर्याय बनते जा रहे हैं। यही वजह है कि शो पीस रूपी इन ऐंकर्स व इनके टीवी चैनल्स की लोकप्रियता व इनके दर्शकों की संख्या जहां दिन प्रतिदिन गिरती जा रही है वहीं यू ट्यूब चैनल्स व सोशल मीडिया से जुड़े ईमानदार पत्रकारों के दर्शकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। पिछले दिनों गोदी मीडिया से जुड़े एक प्रसिद्ध टी वी चैनल की एक प्रसिद्ध महिला ऐंकर अंजना ओम कश्यप ने एक लाइव शो के दौरान हुई एक अभद्र टिप्पणी करते हुए यूट्यूब टीचर्स और ऑनलाइन एजुकेटर्स पर निशाना साधा। उन्होंने यूट्यूब टीचर्स के लिए दो कौड़ी के, फ्रॉड, लुटेरे, छिछले यूट्यूबर और भाड़े के वीडियो जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। अपनी बकवास में उन्होंने कहा कि यूट्यूब स्टार टीचर्स को दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि मोटिवेशन के नाम पर यह शिक्षक केवल व्यूज और कमाई के लिए कंटेंट बनाते हैं। कम जानकारी के कारण ऐसे टीचर्स छात्रों को गुमराह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ए सिर्फ भ्रामक हेडलाइंस लिखकर व्यूज बटोरते हैं।

इस गैर जिम्मेदाराना व अपमानजनक टिप्पणी के बाद देश के अनेकानेक प्रसिद्ध यू ट्यूबर्स खासकर शिक्षकों, ऑनलाइन एजुकेटर्स व उनके छात्रों व समर्थकों का गुस्सा इस महिला ऐंकर फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त ट्रोलिंग हुई। देश विदेश से लोगों ने वीडियो बनाकर उस महिला एंकर के इस बेह. ूदा बयान की निंदा की तथा उन्हें पत्रकारिता के दायित्व व कर्तव्य बताते हुए आइना दिखाना शुरू कर दिया। कुछ ने तो यहां तक कह दिया कि वे जिन शिक्षकों के बारे में यह कह रही है कि उन्हें दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता तो दरअसल उन जैसी पत्रकारों को फूटी कौड़ी का भी ज्ञान नहीं है, अन्यथा आज के सूचना व संचार के आधुनिक दौर में जब पूरे विश्व में ज्ञान का माध्यम यू ट्यूब व एआई ही है, उस माध्यम पर ऐसी घटिया टिप्पणी नहीं की गई होती। वास्तव में शिक्षक पूरी मेहनत से बच्चों को पढ़ाते हैं और बेरोजगारी, परीक्षा प्रणाली, महंगाई व पेपर लीक जैसे मुद्दों को उठाते हैं जबकि इन शिक्षकों को अपमा. नित करने वाला गोदी मीडिया वास्तविक मुद्दों को उठाकर पत्रकारिता का दायित्व निभाने के बजाए सत्ता की चापलूसी करने में व्यस्त रहता है।

इसी तरह पिछले दिनों उत्तराखंड के कोटद्वार के दीपक कुमार उर्फ मोहम्मद दीपक के जिम पर आर्थिक संकट आ गया, क्योंकि हिंदूवादी संगठनों के विरोध के बाद उनके जिम से अनेक लोगों ने अपने संबंध तोड़ लिए। इसी विषय को लेकर अजित अंजुम व अशोक कुमार पांडेय जैसे जिम्मेदार पत्रकार व प्रसिद्ध यू ट्यूबर्स ने दीपक की आर्थिक सहायता की अपील की। परिणाम स्वरूप देशभर के अमन पसंद लोगों ने दीपक की इतनी सहायता कर दी कि उनका संकट कई वर्षों के लिए टल गया। इस अपील पर तमाम नए लोगों ने जिम की सदस्यता भी लेकर दीपक की आर्थिक मदद की। परन्तु अमन चोपड़ा नमक इसी गोदी मीडिया के एक बदनाम शुदा एंकर ने इस खबर को नकारत्मक रूप में पेश करते हुए अपनी ओछी व घटिया टिप्पणी में दीपक की आर्थिक तंगी का मजाक उड़ाते हुए और उसपर तंज कसते हुए कहा कि सेक्युलरिज्म का वजन नहीं उठा पाए पहलवान दीपक ओ सॉरी, मोहम्मद दीपक। उसने यह भी कहा कि नाम के आगे मोहम्मद लगाने से भी उनके विचार को फ्लॉप कर दिया गया। मोहम्मद दीपक के लिए, कोई मोहम्मद उस तरह से खड़ा नहीं हुआ। इस नफरती ऐंकर ने आर्थिक संकट के समय दीपक का मजाक उड़ाया जबकि दीपक ने कोटद्वार घटना के समय धर्म नहीं बल्कि केवल इंसानियत दिखाई थी। बहरहाल भारतीयता के पैरोकार देश भर के हजारों शांतिप्रिय लोगों ने दीपक की अनअपेक्षित सहायता कर नफरती चिंटुओं के मुंह पर तमाचा जड़ दिया।

दरअसल यह उन्हीं कथित पत्रकारों का गिरोह है जिसने 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के समय जब एक गोदी चैनल पाकिस्तान के 5 शहर तबाह होने का दावा कर रहा था तो दूसरे चैनल ने कहा था कि 25 शहर तबाह हो गए। यह वही एंकर्स हैं जो स्टूडियो में बंदरों की तरह उछलते हैं और अभद्र शब्दावली का प्रयोग यहां तक कि लड़ाई व मारपीट को भी प्रोत्साहित करते रहते हैं। यह कथित पत्रकार धर्म-जाति के आधार पर समाज बांटने वाली बातें करते हैं तथा 2000 की नोट में चिप लगी होने का भ्रामक दावा कर भारतीय करेंसी को भी बदनाम करते हैं। ऐसे अनेक लोग कभी किसी अपराध में जेल जा चुके हैं तो कभी अपने भ्रामक बयानों के लिए मुआफी मांग चुके हैं। अपना भ्रामक व गुमराह करने वाले ट्वीट डिलीट करने में भी इन्हें महारत हासिल है। अदालती फटकार भी इन्हें आए दिन सुनने को मिलती रहती है। सत्ता की खुशामद कर समाज में नफरत फैलाकर केवल धन कमाने वाले ऐसे लोगों को पत्रकार नहीं बल्कि पत्थरकार कहना ज्यादा मुनासिब होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस में टूट होने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब देती पूर्व सीएम ममता बनर्जी।

# मौत के 4 महीने बाद सुपुर्द-ए-खाक होंगे खामेनेई

## जनाजे में शामिल हो सकते हैं 2 करोड़ लोग, अमेरिका-इजरायल के हमले में उनकी मौत हुई थी

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर रहे अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के लगभग चार महीने बाद उन्हें दफनाया जाएगा। खामेनेई को उनकी अंतिम इच्छा के मुताबिक मशहद शहर में शिया इस्लाम के चर्चित इमाम रजा के पवित्र दरगाह परिसर के पास दफनाया जाएगा। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक खामेनेई को 21 जून के आसपास आखिरी विदाई दी जा सकती है।

28 फरवरी को तेहरान में उनके आवास पर हुए अमेरिका-इजराइल के हमले में उनकी मौत हो गई थी। उनका राजकीय अंतिम संस्कार पहले 4 मार्च को होने वाला था, लेकिन युद्ध की वजह से इसे टाल दिया गया था। अधिकारियों को उम्मीद है कि तेहरान, कुम और मशहद में होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रमों में करीब 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं। लोगों को अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे तीन दिन निर्धारित किए गए हैं। ईरान के तेहरान में, पूर्व सुप्रीम लीड अयातुल्ला अली खामेनेई के



■ खामेनेई का मुख्य अंतिम संस्कार समारोह तेहरान में होगा, जो कम से कम 24 घंटे तक चलने की उम्मीद है

कार्यालय के पास उनकी कुर्सी और एक तस्वीर प्रदर्शित की गई है। खामेनेई का मुख्य अंतिम संस्कार समारोह तेहरान में होगा, जो कम से कम 24 घंटे तक चलने की उम्मीद है। इसके बाद पार्थिव शरीर को धार्मिक शहर कुम ले जाया जाएगा और फिर मशहद पहुंचाया जाएगा, जहां इमाम रजा के दरगाह परिसर में दफनाया जाएगा। तेहरान नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि दफन से पहले खामेनेई के पार्थिव शरीर को कुम और मशहद की सड़कों पर अंतिम यात्रा के रूप में ले जाया जाएगा। यह जानकारी आईआरजीसी के एक बयान में दी गई, अगर खामेनेई के जनाजे में वास्तव में 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, तो यह इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के 1989 वाले रिकार्ड से कहीं बड़ा आयोजन होगा। 1989 में अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के जनाजे में करीब 1 करोड़ (10 मिलियन) लोग शामिल हुए थे। यह उस समय ईरान की कुल आबादी का लगभग छठा हिस्सा था। इस कार्यक्रम को आज भी दुनिया के सबसे बड़े जनाजों में गिना जाता है। इतनी भारी भीड़ उमड़ी थी कि भगदड़ मच गई थी, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग घायल हुए थे। इस बार अधिकारी इससे भी बड़ी भीड़ को संभालने और किसी हादसे से बचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन युद्ध के प्रभाव से उबर रहे देश में इतना बड़ा आयोजन कराना बड़ी चुनौती माना जा रहा है। अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम संस्कार में हुई देरी इस्लामी परंपरा के लिहाज से असामान्य मानी जा रही है। आमतौर पर इस्लाम में किसी व्यक्ति को मौत के एक-दो दिन के भीतर दफना दिया जाता है। हालांकि ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, भारी भीड़ की उम्मीद और युद्ध के हालात के कारण अंतिम संस्कार में देरी हुई। तेहरान नगर निगम में सामाजिक और सांस्कृतिक मामलों के उपप्रमुख मोहम्मद अली तवक्कोलीजादेह ने अंतिम संस्कार की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने सरकारी टेलीविजन से कहा कि खामेनेई के लिए तीन दिन का सार्वजनिक जनाजा आयोजित किया जाएगा। अधिकारी ने यह नहीं बताया कि जनाजा कब होगा, लेकिन कहा कि यह इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम की शुरुआत में हो सकता है, जो 21 जून के आसपास में पड़ता है।

## कुवैत हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला, एक भारतीय नागरिक की मौत

**कुवैत।** कुवैत हवाई अड्डे पर हुए एक भीषण हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। कुवैत में स्थित भारतीय दूतावास ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। दूतावास ने भारतीय नागरिक की मौत पर गहरा दुख जताया है। दूतावास के अधिकारी पीड़ित परिवार के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं। वे परिवार को हर मुमकिन सहायता और सहयोग देने के लिए कुवैत के अधिकारियों के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। इस हमले में जो लोग घायल हुए हैं, दूतावास उन्हें भी पूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहा है।

# ईरान के केशम द्वीप पर अमेरिका ने बोला हमला

## ईरान ने भी खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकेबंदी का उल्लंघन करने वाले एक तेल टैंकर को रो. कने के कुछ ही घंटे बाद, मंगलवार रात को ईरान के रणनीतिक केशम द्वीप पर बने एक सैन्य नियंत्रण केंद्र पर हमला कर दिया। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों से पलटवार किया।

इस दौरान कुवैत के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी हमला हुआ, जिससे वहां भारी नुकसान हुआ है और कई लोग घायल हुए हैं। केशम द्वीप पर हमले से पहले अमेरिकी सेना ने बोत्सवाना के झंडे वाले 'एम/टी लेक्सी' नाम के एक सुपरटैंकर को अपने हेलफायर मिसाइल से पंगु बना दिया था। अमेरिका का दावा है कि इस टैंकर ने नाकेबंदी के नियमों को मानने से बार-बार इन्कार कर दिया था।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, यह खाली जहाज ईरान के खार्ग द्वीप की ओर जा रहा था और उसने 24 घंटे के भीतर कई बार सैन्य निर्देशों को मानने से इनकार किया था। इसके बाद एक अमेरिकी विमान ने जहाज के इंजन रूम पर हेलफायर मिसाइल दागकर उसे आगे बढ़ने से रोक दिया। सेंटकॉम ने कहा कि एक अमेरिकी विमान ने आखिरकार जहाज के इंजन रूम पर हेलफायर मिसा. इल दागकर उसे निष्क्रिय कर दिया, जिससे वह ईरान नहीं पहुंच सका। अमे.



■ अमेरिकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकेबंदी का खुलकर किया उल्लंघन

रिकी सेना के अनुसार, 13 अप्रैल को नाकेबंदी लागू होने के बाद से रोका गया यह छठा जहाज है, लेकिन अरब खाड़ी के भीतर किसी जहाज पर हमले का यह पहला मामला है। ईरान ने भी इस पर बहुत तेजी से पलटवार किया। उसने कुवैत और बहरीन की तरफ बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। सेंटकॉम ने बताया कि कुवैत की ओर दागी गई, दो मिसाइलें या तो रास्ते में ही गिर गईं या हवा में नष्ट हो गईं, जबकि बहरीन को निशाना बनाकर दागी गई तीन मिसाइलों को अमेरिका और बहरीन के एयर-डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया। ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशन. री गार्ड कॉर्प्स' ने इस इलाके में कई हथियारबंद ड्रोन भी भेजे। सेंटकॉम का हालांकि दावा है कि आम जहाजों को नुकसान पहुंचाने से पहले ही तीन ड्रोनों को नष्ट कर दिया गया। बाद में कुवैत ने पुष्टि की कि ईरान के ड्रोनों ने उसके अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला किया है, जिससे हवाई अड्डे की इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है और कई लोग घायल हुए हैं। इस हमले के बाद बुधवार सुबह से वहां विमानों की आवाजाही रोक दी गई है। प्रशासन ने हालांकि अभी तक घायल होने वाले लोगों की सही संख्या या उनकी हालत के बारे में जानकारी नहीं दी है। न्यूज चैनल 'अल जजीरा' के अनुसार, कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने हमले की कड़ी निंदा की और इसे 'ईरान की आपराधिक हरकत' करार दिया। दूसरी तरफ, ईरान की आईआरजीसी ने अपनी इस कार्रवाई को सही ठहराते हुए अमेरिका को आगे तनाव न बढ़ाने की चेतावनी दी और एक बयान में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की अमेरिकी सेना को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह तनाव ऐसे समय में बढ़ा है, जब इस महीनों पुराने विवाद को सुलझाने की राजनयिक कोशिशें पूरी तरह नाकाम होती दिख रही हैं। कुछ दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि ईरान 'वाकई एक समझौता करना चाहता है, जो अमेरिका के हक में होगा।' लेकिन सप्ताहांत में हुई बातचीत तब टूट गई, जब अमेरिका ने यूरेनियम संवर्धन और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर नई शर्तें सामने रख दीं। ईरान ने इन प्रस्तावों को सिरे से खारिज करते हुए अमेरिका पर बातचीत के दौरान अपना स्टैंड बदलने का आरोप लगाया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका लगातार अपना रुख बदल रहा है और नई एवं विरोधाभासी मांगें सामने रख रहा है।

### अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता टूटने की आशंका प्रबल

**दोहा।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे शांति समझौते की टूटने की आशंका जताई जा रही है। कतर में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मेहरान कामरावा ने बताया कि फारस की खाड़ी में तनाव और सैन्य टकराव किसी भी पल फिर से शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान की परिसंपत्तियों पर लगी रोक और ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों को हटाने का प्रश्न अब भी बातचीत में प्रमुख गतिरोध बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हालांकि समझौते पर मोटेतौर पर रूपरेखा पर सहमति बन गई है लेकिन अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार नए संशोधन करने की प्रयास कर रहे हैं, जिसे ईरान भरोसे के लायक नहीं मानता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ईरान चाहता है कि अमेरिका उसके खिलाफ लगे प्रतिबंधों को हटा ले, जबकि ट्रम्प का कहना है कि प्रतिबंधों में राहत ष्ईरान के बर्ताव' के आधार पर दी जानी चाहिए। राष्ट्रपति ट्रम्प इस बात पर भी अड़े हैं कि समझौते के तहत ईरान की जब्त की गई राशि जारी नहीं की जाएगी, भले ही मसौदा समझौते में इन संपत्तियों का आधा हिस्सा जारी करने का प्रावधान है। समझौते के स्वरूप को लेकर भी दोनों पक्षों के बीच मतभेद बरकरार हैं। प्रो. कमरावा बताते हैं, ईरानियों और अमेरिकियों की इस बात को लेकर बिल्कुल अलग-अलग धारणाएं हैं कि किसी समझौते का स्वरूप कैसा होना चाहिए।

# खलीलुर रहमान संयुक्त राष्ट्र महासभा के अगले अध्यक्ष निर्वाचित

■ बंगलादेश के विदेश मंत्री ने कड़े मुकाबले में साइप्रस के एंड्रियास काकौरिस को पराजित किया

**संयुक्त राष्ट्र।** बंगलादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने कड़े मुकाबले में साइप्रस के एंड्रियास काकौरिस को परा. जित किया। गुप्त मतदान के जरिए हुए चुनाव में खलीलुर रहमान को 99 मत मिले, जबकि काकौरिस को 91 मत प्राप्त हुए। कुल 190 मत डाले गए और कोई भी मत अमान्य या अनुपस्थित नहीं रहा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्षता पांच क्षेत्रीय समूहों के बीच क्रमवार बदलती है और 81वां सत्र एशिया-प्रशांत समूह के हिस्से में आया है। वह आठ सितम्बर से एक वर्ष का कार्यकाल संभालेंगे। उनका कार्यकाल ऐसे समय शुरू होगा, जब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का कार्यकाल 31 दिसम्बर 2026 को समाप्त हो रहा है और उनके उत्तरा. धिकारी के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। खलीलुर रहमान को कूटनीति और बहुपक्षीय संस्थाओं में चार दशक से अधिक का अनुभव है। वह फरवरी से बंगलादेश के विदेश मंत्री हैं। इससे पहले वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहक. ार और रोहिंग्या मुद्दे पर उच्च प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। चुनाव के बाद महासभा को संबोधित करते हुए खलीलुर रहमान ने कहा कि वह विनम्रता और जिम्मेदारी की भावना के साथ यह दायित्व स्वीकार कर रहे हैं, ऐसे समय में जब अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र पर भरोसा कई मोर्चों पर चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र अपने नौवें दशक में ऐसे समय प्रवेश कर रहा है जब संगठन की क्षमता और विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। विभिन्न चुनौतियां लोगों के विश्वास को कमजोर कर रही हैं। वर्तमान महासभा अध्यक्ष एनेलेना बेयरबॉक ने चुनाव के बाद कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस समय अत्यंत कठिन दौर से गुजर रहा है।

# भारत नेपाल के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक: मोदी

■ नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने राजधानी दिल्ली में मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत नेपाल के नए नेतृत्व के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत बनाने की दिशा में काम करने को लेकर उत्सुक है। नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बुधवार को यहां मोदी से मुलाकात की। बातचीत के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। एक साझा और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करने की उनकी इच्छा का मैं स्वागत करता हूं और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूं। नेपाल को भारत की ओर से दी जाने वाली अहमियत को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल हमारी 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत एक प्राथमिकता वाला भागीदार है और हम वहां की नई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हमारे दोनों देशों के बीच विशेष और बहुआयामी संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। इससे पहले लामिछाने ने मंगलवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। गौरतलब है कि लामिछाने के नेतृत्व में नेपाल का एक प्रतिनिधिमंडल पांच दिवसीय दौरे पर भारत आया हुआ है। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत और नेपाल आपसी सम्पर्क, ऊर्जा, व्यापार, बुनियादी ढांचे और लोगों के बीच आपसी मेलजोल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# इजरायल में बन रहे गृहयुद्ध जैसे हालात

### अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में हिंसक प्रदर्शनकारियों ने रेल यातायात बाधित कर दिया और कुछ स्थानों पर कारों में आग लगाई

**यरूशलम।** इजरायल में हजारों अति-रूढ़िवादी यहूदियों ने अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन किया और सड़कें जाम कीं।

हिंसक प्रदर्शनकारियों ने रेल यातायात बाधित कर दिया और कुछ स्थानों पर कारों में आग लगा दी। पुलिस ने कहा, प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख चौराहों को रोका और एक बस से उतरे सैनिक पर हमला किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को पानी की बौछारों का इस्तेमाल करना पड़ा। प्रदर्शन से जनजीवन ठप हो गया। हालात इतने विकट हो गए कि मध्य क्षेत्र स्थित यरुशलम और तेल अवीव में प्रमुख राजमार्ग बंद हो गए तथा सार्वजनिक परिवहन सेवाएं भी प्रभावित रहीं। इजरायल में अधिकतर यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। हालांकि, प्रभावशाली लोग छूट हासिल करते रहे हैं। अब यह छूट खतरे में दिख रही है। बड़ी संख्या में



इजरायली युवक लंबे समय से चली आ रही इस व्यवस्था से असंतुष्ट हैं। यह असंतोष सेना के दबाव झेलने के चलते बढ़ गया। इजरायली युवाओं में अनिवार्य सैन्य भर्ती के लिए आक्रोश इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि अनेक नागरिकों को रिजर्व ड्यूटी के लिए बार-बार मोर्चे पर लौटना पड़ा है। खासतौर पर पिछले कुछ वर्षों में गाजा और फिर लेबनान, ईरान तथा यमन में शुरू लड़ाई के चलते युवाओं के लिए यह नियम परेशानी बन गया है। इससे परिवारों में भी असंतोष है। यह विवाद अब पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के लिए भी गंभीर सियासी संकट का कारण बन गया है। अति-रूढ़िवादी दलों द्वारा सरकार से समर्थन वापसी के बाद गठबंधन में दरार गहरा गई है। इसके चलते इस वर्ष के चुनाव समय पूर्व कराए जा सकते हैं।

# भारत समेत 60 देशों पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी में अमेरिका

■ कहा: जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं 60 देश

**वाशिंगटन।** अमेरिका एक तरफ भारत के साथ संबंध बेहतर करने की दुहाई दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन भारत के खिलाफ कार्रवाई से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल अमेरिकी सरकार एक बार फिर भारत पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी कर रही है।

अमेरिका के व्यापार प्रति. निधि यूएसटीआर ने भारत समेत 60 देशों पर ये नया टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है। टैरिफ लगाने की वजह ये बताई गई है कि भारत समेत 60 देश जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिकी व्यापार कानून 1974 की धारा 301 के तहत पाया गया है कि 60 देशों की नीतियां और कार्यशैली अमेरिकी व्यापार पर गैरजरूरी दबाव बढ़ाती हैं और अमेरिकी व्यापार को बाधित करती हैं। अमे. रिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय, अमेरिका की एक कार्यकारी संघीय एजेंसी है, जो अमेरिका की विदेश व्यापार नीति बनाने के लिए जिम्मेदार है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अनुसार, भारत समेत 54 देश उन सामानों के निर्यात पर जरूरी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं, जिन्हें जबरन श्रम द्वारा बनाया जाता है।

# क्यूबा पर हमले की तैयारी कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विद. ेश मंत्री मार्को रूबियो ने क्यूबा को विफल देश बताते हुए उसे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बढ़ता हुआ खतरा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्यूबा में चीन और रूस की खुफिया गतिविधियां चल रही हैं और क्यूबा पूरे लैटिन अमेरिका में अमेरिका-विरोधी गतिविधियों को समर्थन देता है। राष्ट्रीय सुरक्षा, विद. ेश विभाग और संबंधित कार्यक्रमों पर बनी संसदीय उपसमिति के सामने बोलते हुए रूबियो ने कहा कि क्यूबा की आर्थिक बदहाली और अमेरिका के विरोधी देशों के साथ उसके करीबी रिश्ते, पश्चिमी क्षेत्र में अमेरिकी हितों के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। रूबियो ने कहा कि दशकों की खराब आर्थिक नीतियों और कुप्रबंधन की वजह से क्यूबा का आर्थिक मॉडल लगभग टूट चुका है।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा ।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004



# कॉमेडी को जीवंत बना देते हैं वरुण धवन: पूजा हेगड़े

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अभिनेता वरुण धवन के साथ फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में काम करने के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा है कि वरुण अपनी ऊर्जा और कॉमिक टाइमिग से पूरे सेट को जीवंत बना देते हैं। पूजा और वरुण निर्देशक डेविड धवन की आगामी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में साथ नजर आएंगे। पूजा का कहना है कि वरुण के साथ स्क्रीन साझा करना एक अलग तरह का अनुभव रहा, क्योंकि उनकी ऊर्जा का स्तर लगातार ऊंचा रहता है।उन्होंने कहा कि वरुण हमेशा पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। टेक्स के बीच भी वह कुछ नया करने की कोशिश करते रहते हैं, डांस करते हैं, मजाक करते हैं या किसी दृश्य को अलग अंदाज में निभाने का प्रयास करते हैं। वह कभी भी सेट की ऊर्जा को कम नहीं होने देते और इसका असर पूरी टीम पर पड़ता है।

## जापान में तूफान ने मचाई तबाही 60000 घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित

**टोक्यो।** उष्णकटिबंधीय भीषण तूफान जोंगमी के चलते तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश ने बुधवार सुबह जापान के विभिन्न हिस्सों में कहर बरपाया जिससे लगभग 60 हजार से घर प्रभावित हुए हैं। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि तूफान का केंद्र मुख्य मध्य द्वीप होंशू से दूर था, जो 25 मीटर प्रति सेकंड की अधि. कतम निरंतर हवा की गति के साथ उत्तर-पूर्व में ग्रेटर टोक्यो क्षेत्र की ओर बढ़ रहा था। एजेंसी ने यह भी कहा कि प्रशांत तट के किनारे स्थित कुछ क्षेत्रों में 'भयावह प्राकृतिक आपदाओं' के कारण यहां रखना खतरनाक होता जा रहा है। सरकारी प्रवक्ता मिनोरू किहारा ने नियमित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इस सीजन का यह छठा चक्रवाती तूफान है। इसके स्तर को कम कर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल दिया गया था, उसका केंद्रीय दबाव 980 एचपीए है। इसकी वजह से लगभग 60,000 घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

गुप्त समस्याएं
बचपन की गलतियाँ
धात, स्वपनदोष,
नामर्दी, शीघ्रपतन
लिंगदोष, वीर्यदोष, नसों में ढीलापन
ल्यूकोरिया, शुक्राणुहीनता, पेशाब रोग
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट,
गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल
अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व
अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नुमाईश ग्राउंड के ठीक सामने
मेरठ रोड, मुजफ्फर नगर
M-9359406499

